सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 30.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-21 पेज-12
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 09 जुलाई 2024
02 मोहर्रम 1445 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



# बिल्डरों पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

## तीन जजों की पीठ ने की याचिका पर सुनवाई

**विचार**

- खरीदारों को दिया जा रहा धोखा, पूरे देश में एक जैसा बने एग्रीमेंट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भाजपा नेता और अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका पर सुनवाई की। तीन न्यायाधीशों की खंडपीठ ने कहा कि पूरे देश में बिल्डर खरीदारों को धोखा दे रही हैं। यही वजह है कि अब पूरे देश में बिल्डर-खरीदार समझौते में एकरूपता लाने की जरूरत है। मामले की अगली सुनवाई 19 जुलाई को होगी। अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने एक समान बिल्डर-खरीदार समझौते को बनाने के लिए एक जनहित याचिका दाखिल की है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सोमवार को सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि खरीदारों को पूरे भारत में बिल्डर धोखा दे रहे हैं। इसलिए अब समझौते में एकरूपता लाने की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि हमें एमिकस रिपोर्ट देखनी होगी। इसके अलावा सीआरईडीएआई की आपत्तियों को भी देखेंगे। इसे सभी राज्यों को लागू करने की जरूरत है।

# कठुआ में चार जवान शहीद

## कठुआ में सेना के वाहन पर ग्रेनेड से आतंकी हमला, छह घायल

**कड़ा रुख**

- दो महीने में सेना के वाहन पर दूसरा अटैक
- घात लगाकर की फायरिंग
- जम्मू में बढ़ी सुरक्षा



**बिलावर।** कठुआ के बिलावर उपजिले में बदनोता के बरनूड इलाके में जेंडा नाले के पास सेना के एक वाहन पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। आतंकी हमले में चार जवान बलिदान हो गए वहीं कुछ अन्य बुरी तरह से घायल हो गए।

घायल जवानों को पीएचसी बदनोता में प्राथमिक उपचार के बाद उपजिला अस्पताल बिलावर में भर्ती करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेना का यह वाहन इलाके में गश्त पर था जिसे आतंकियों ने अपना निशाना बनाया है। आतंकियों की ओर से ग्रेनेड फैंका गया जिसके बाद गोलाबारी शुरू कर दी गई। सेना के जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई शुरू की। अंतिम समाचार मिलने तक दोनों ओर से गोलाबारी का सिलसिला जारी था। हालांकि जवानों के बलिदान होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर साढ़े तीन बजे के लगभग आतंकियों ने 22 गढवाल राइफल्स के जवानों को निशाना बनाते हुए जेंडा नाले के पास ग्रेनेड फैंका। बताया जा रहा है कि आतंकी ऊंचाई वाले इलाके में थे। जब तक सेना के जवान संभलते, तब तक आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी थी। ऊंचाई वाले इलाके का फायदा उठाते हुए आतंकियों ने जवानों को निशाना बनाया। जिसके बाद सेना के जवानों ने जवाबी कार्रवाई शुरू की। दोनों ओर से गोलाबारी का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। उधर, सेना ने आप्रेशन में पैरा कमांडो को भी शामिल कर लिया है। जिन्हें एयरलिफ्ट कर हमले वाले इलाके में ले जाया गया है। सेना की ओर से पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली गई है। उधर, बिलावर से बदनोता को जाने वाले मार्ग पर मछेडी से आगे वाहनों की आवाजाही भी रोक दी गई है। शाम के समय इलाके में भारी बारिश और धुंध का दौर शुरू हो गया था।

### अमरनाथ यात्रा को लेकर अलर्ट मोड पर सुरक्षा एजेंसियां

**जम्मू।** कठुआ के मछेड़ी इलाके में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर जम्मू में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया गया। जम्मू में पहले ही अमरनाथ यात्रा चल रही है, ऐसे में सुरक्षा बल पहले से ही हाई अलर्ट पर है। इस आतंकी हमले के बाद शहर में नाकों पर वाहनों व उनमें सवार लोगों की जांच की जा रही है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के जवान औचक नाके लगाकर संदिग्ध लोगों की जांच कर रहे है। वहीं, सीमांत क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के साथ विलेज डिफेंस ग्रुप के सदस्यों को भी हाई अलर्ट पर कर दिया गया है।

## जब तक मैं मुख्यमंत्री हूं, किसी को छूट नहीं मिलेगीः शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में हिट एंड रन मामले में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि वे राज्य में इस तरह की घटनाओं को लेकर बेहद चिंतित हैं। सीएम शिंदे ने कहा कि शक्तिशाली और प्रभावशाली लोग व्यवस्था में हेरफेर करने के लिए अपनी प्रतिष्ठा का दुरुपयोग करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आम लोगों का जीवन उनके लिए बहुत कीमती है। इसी के साथ उन्होंने राज्य पुलिस विभाग को इन मामलों को गंभीरता से संभालने के निर्देश दिए। सीएम कहा, मैं महाराष्ट्र में बढ़ते हिट एंड रन मामलों के लिए चिंतित हूं। कुछ शक्तिशाली और प्रभावशाली लोग व्यवस्था में हेरफेर करने के लिए अपनी प्रतिष्ठा का दुरुपयोग करते हैं। आम लोगों का जीवन मेरे लिए बहुत कीमती है। मैंने राज्य पुलिस विभाग को इन मामलों को गंभीरता से संभालने का निर्देश दिया है।

# मैं आपका भाई बनकर आया हूंः राहुल

## राहत शिविरों में रह रहे लोगों से मिले राहुल, पीएम यहां आएं, लोगों की बात सुनें

**पीड़ा**

- राहुल गांधी तीसरी बार मणिपुर का कर रहे हैं दौरा
- हमने राज्यपाल से बातचीत की : राहुल



**इंफाल।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सोमवार को मणिपुर दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की। वे मणिपुर के लोगों से मिलने राहत शिविर भी पहुंचे। शाम को उन्होंने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि मैं तीसरी बार यहां आया हूं। मैंने सोचना था कि ग्राउंड पर काफी सुधार होगा, लेकिन मुझे यह देखकर निराशा हुई कि स्थिति अभी भी वैसी नहीं है, जैसी होनी चाहिए। मैंने शिविरों का दौरा किया और वहां लोगों से उनका दर्द सुना। मैं प्रधानमंत्री से अनुरोध करना चाहता हूं कि मणिपुर को जरूरत है कि पीएम यहां आए और यहां जो हो रहा है उसे समझे और जनता की आवाज सुनें। यहां के लोग और पूरा देश चाहता है कि वह यहां आए। राहुल गांधी ने कहा कि मैं जो भी कर सकता हूं, करने के लिए तैयार हूं। मैं आपका भाई बनकर आया हूं। कांग्रेस पार्टी यहां शांति वापस लाने के लिए जो भी कर सकती है, करने के लिए तैयार है। हमने राज्यपाल से बातचीत की और हमने राज्यपाल से कहा कि हम हर संभव तरीके से मदद करना चाहेंगे, हमने अपनी नाराजगी भी व्यक्त की और कहा कि हम यहां हुई प्रगति से खुश नहीं हैं। मैं इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहता, यह मेरा इरादा नहीं है। मैं समझता हूं कि पूरा मणिपुर दर्द में है, पीड़ित है और उसे जल्द से जल्द इस पीड़ा से बाहर निकलने की जरूरत है। मैं सभी से शांति के बारे में सोचने, भाईचारे के बारे में सोचने की अपील करता हूं। हिंसा और नफरत से कोई समाधान नहीं निकलने वाला है। इसलिए अगर हम शांति के बारे में सोचना शुरू कर सकते हैं, प्यार के बारे में सोचना शुरू कर सकते हैं, तो यह मणिपुर के लिए एक बहुत बड़ा कदम होगा। राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और मैं उपलब्ध हैं, जब भी आप चाहें मैं यहां आ सकता हूं। मुझे यहां आकर खुशी होगी और मैं आपकी बातें सुनकर खुश हूं और विपक्ष के नेता के रूप में आपकी मदद करने की कोशिश करूंगा। भारत सरकार और हर कोई जो खुद को देशभक्त मानता है, उसे आगे आना चाहिए और यहां के लोगों को गले लगाना चाहिए।

## मासिक धर्म अवकाश पर कोर्ट की तीखी टिप्पणी

**नई दिल्ली।** मासिक धर्म अवकाश को लेकर लंबे समय से बहस छिड़ी हुई है। अब सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र को निर्देश दिया कि वह राज्यों और अन्य हितधारकों के साथ सलाह करके मासिक धर्म अवकाश पर एक आदर्श नीति तैयार करे। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह मुद्दा नीति से जुड़ा है। यह कोई ऐसा मुद्दा नहीं है, जिस पर अदालतों को गौर करना चाहिए। इसके अलावा, पीठ ने यह भी कहा कि अगर महिलाओं के लिए ऐसी छुट्टी दिए जाने का फैसला अदालत करती है, तो इसका असर गलत भी पड़ सकता है क्योंकि कंपनी उन्हें काम देने से बच सकती है। अदालत ने याचिकाकर्ता से पूछा कि अवकाश अधिक महिलाओं को कार्यबल का हिस्सा बनने के लिए कैसे प्रोत्साहित करेगी। साथ ही पीठ ने कहा कि इस तरह की छुट्टी अनिवार्य करने से महिलाओं को कार्यबल से दूर किया जा सकेगा। हम ऐसा नहीं चाहते हैं।

# सोरेन सरकार 'फ्लोर टेस्ट' में पास

## 45 वोट के साथ विधानसभा में हासिल किया विश्वास मत



**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में हेमंत सोरेन की सरकार ने आज विश्वास मत हासिल किया। सरकार के समर्थन में 45 वोट पड़े और विरोध में शून्य वोट पड़े। विश्वास मत के दौरान भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने सदन का बहिर्गमन किया।

निर्दलीय विधायक सरयू राय मतदान में भाग नहीं लिया और तटस्थ रहे। झारखंड विधानसभा में कुल विधायकों की संख्या 82 है इनमें से 5 सीट अभी रिक्त है जबकि एक स्पीकर है। इससे पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि सत्ता पक्ष के विधायकों में खींचतान है। यही कारण है कि अलग-अलग कारणों से तीसरी बार विश्वास मत हासिल करने का प्रस्ताव आज आया है। उन्होंने कहा कि पांच साल भ्रष्टाचार का नया रिकॉर्ड बना। साथ ही कहा कि अगली बार इनकी सरकार नहीं बनेगी। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड को राजनीतिक प्रयोगशाला बना दिया गया। गठबंधन की ओर से उन्हें सरकार बनाने का मिला। पांच महीने में तीन महीने लोकसभा चुनाव में चले गए। 24 साल में झारखंड के आदिवासी मूलवासियों का समुचित विकास नहीं हो सका।

### हेमंत सरकार में मंत्री बने चंपई सोरेन

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के 10 अन्य नेताओं ने सोमवार को झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के 4 जुलाई को झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से एक दिन पहले 3 जुलाई को चंपई सोरेन ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के अन्य वरिष्ठ राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति में राजभवन में एक समारोह में 11 नेताओं को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# ड्राइवर ने कार रोकी होती तो पत्नी बच सकती थी

## हिट-एंड-रन पीड़िता के पति का छलका दर्द



**मुंबई।** मुंबई में बीएमडब्ल्यू कार हिट-एंड-रन की घटना में मारी गई कावेरी नखवा के पति प्रदीप नखवा ने सोमवार को ड्राइवर के लिए कड़ी सजा की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर उसने कार रोकी होती तो उसकी पत्नी बच सकती थी। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने घटना के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह जब दंपति क्रॉफर्ड मार्केट से मछली खरीदकर लौट रहे थे, तभी सुबह करीब 5:30 बजे एक तेज रफ्तार कार ने उनके दोपहिया वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। कावेरी नखवा पीछे बैठी थीं।

उन्होंने कहा कि हम 30 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार कार ने हमें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से हम कार के बोनट पर गिर गए। उन्होंने बताया कि ड्राइवर ने ब्रेक लगाया, जिससे मैं गिर गया, लेकिन मेरी पत्नी आगे के पहिये के नीचे फंस गई। मैं गिड़गिड़ाया, लेकिन ड्राइवर नहीं रुका और मेरी पत्नी को घसीटते हुए सी लिंक के वर्ली-एंड की ओर ले गया। उन्होंने बताया कि मैं ड्राइवर से कार रोकने के लिए कहते हुए कार के पीछे भागने लगा।

## मॉस्को पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का हुआ भव्य स्वागत, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

# भारत-रूस संबंध और मजबूत होंगेः मोदी

**अगवानी**

- रूस के उपप्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने किया स्वागत

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूस की राजधानी मास्को पहुंचने पर देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की। पीएम मोदी का विमान स्थानीय समयानुसार पौने तीन बजे मॉस्को के व्नुकोवो अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरा। रूसी सरकार ने प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव को पीएम मोदी की अगवानी के लिये भेजा था। गौरतलब है कि यह पहला मौका था कि जब डेनिस मंटुरोव ने किसी विदेशी शासनाध्यक्ष की हवाईअड्डे पर अगवानी की है। इससे पहले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मॉस्को यात्रा के दौरान डेनिस मंटुरोव से कनिष्ठ उप प्रधानमंत्री ने उनकी अगवानी की थी।

> प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात और बातचीत के बाद भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य अजय साहू ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी रूस की दो दिवसीय यात्रा पर मास्को पहुंचे हैं। हम अपने छात्रों के साथ उनसे मिलकर बहुत खुश हैं। प्रधानमंत्री के आगमन से मुझे लगता है कि भारत-रूस संबंध और मजबूत होंगे और दुनिया को एक सकारात्मक संदेश जाएगा।



### वंदे मातरम के लगे नारे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्लटन होटल पहुंचे। इस दौरान भारतीय समुदाय ने उनका स्वागत किया और पीएम मोदी ने उनका अभिनंदन किया। मॉस्को में भारतीय प्रवासियों के युवा सदस्यों ने भी वंदे मातरम के नारे लगाए और होटल पहुंचते ही पीएम नरेंद्र मोदी की जय-जयकार की। 11 साल से वहां रह रही छात्रा अंशिका सिंह ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से मिलकर बहुत सम्मानित और उत्साहित महसूस कर रही हूं। तमिलनाडु के रहने वाले सिद्धू 17 साल से यहां रह रहे हैं और उन्होंने कहा कि मैं पीएम मोदी से मिलने के लिए बहुत उत्साहित हूं और हमें पीएम मोदी से मिलने का मौका देने के लिए मैं भारतीय दूतावास का बहुत आभारी हूं।

## यूपी में चार आईएएस के तबादले

**लखनऊ।** यूपी में सोमवार को कई आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। आईएएस अनुराग जैन सीडीओ अम्बेडकरनगर को महराजगंज का नया सीडीओ बनाया गया है। आईएएस अनिल कुमार सिंह सीडीओ लखीमपुर खीरी का तबादला सीडीओ महराजगंज किया गया था। उन्होंने अभी प्रभार नहीं संभाला है। आईएएस अनिल सिंह को अपर निबंधक बैंकिंग सहकारिता बनाया गया है। अपर प्रबंध निदेशक यूपीएसआरटीसी प्रणता ऐश्वर्या को सीडीओ अम्बेडकरनगर बनाया गया।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर टी-20 विश्वकप-2024 की विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य कुलदीप यादव ने शिष्टाचार भेंट की

**हाथरस कांड** — हादसे की वजहों पर योगी सरकार सख्त

# कई अफसरों पर गाज गिरनी तय

**कड़ा रुख**

- अधिकारियों को किया गया चिह्नित

**लखनऊ।** हाथरस कांड पर योगी सरकार सख्त कदम उठा सकती है। हाथरस में कथित भोले बाबा के सत्संग में उमड़ी भीड़ को संभालने के लिए स्थानीय प्रशासन ने पर्याप्त इंतजाम नहीं किए थे। इस मामले में अब तक सामने आए इनपुट के बाद योगी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। कई अफसरों पर एक-दो दिन में गाज गिरना तय माना जा रहा है।

हाथरस के थाना सिकंदराराऊ के गांव मुगलगढ़ी में बीती दो जुलाई को सूरजपाल जाटव उर्फ साकार विश्व हरि भोले बाबा का सत्संग हुआ था। सत्संग समाप्त होते ही बाबा की चरण रज लेने के लिए भीड़ दौड़ी और भगदड़ मच गई। इसमें 122 लोगों की मौत हो गई। इनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। शासन के उच्चपदस्थ सूत्र बताते हैं कि स्थानीय अधिकारियों ने भीड़ प्रबंधन के लिए जरूरी कदम नहीं उठाए। हालांकि, स्थानीय पुलिस का कहना है कि भोले बाबा के आश्रम में पुलिस कर्मियों को प्रवेश नहीं करने दिया जाता है। इसलिए भीड़ के प्रबंधन में दिक्कतें आती हैं। वहीं, इस हादसे के सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचा गया है कि सत्संग समाप्ति के बाद भोले बाबा की कार के हाईवे पर आने के बाद उसे बाहर की तरफ निकाला जाना चाहिए था। अगर ट्रैफिक व भीड़ प्रबंधन के तहत ऐसा किया जाता तो शायद इस दर्दनाक हादसे से बचा जा सकता था। तब लोगों को उतनी बड़ी संख्या में भोले बाबा की कार के नजदीक पहुंचने की नौबत ही नहीं आती।

### ऑफिस के चक्कर न लगवाएं मृतक-घायल के परिजन को

**हाथरस।** हाथरस के कलेक्ट्रेट सभागार में सिकंदराराऊ की घटना के मृतकों व घायलों को शासकीय सहायता दिए जाने को लेकर समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने बैठक की। बैठक में आगरा व अलीगढ़ मंडलों के समाज कल्याण अधिकारी मौजूद थे, जबकि कई जिलों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक से जुड़े। मंत्री ने सिकंदराराऊ हादसे के मृतक व घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मृतक व घायलों के परिजनों को शासकीय कार्यालयों के चक्कर न लगवाए जाएं। मुख्य चिकित्साधिकारी हाथरस को निर्देशित किया कि पोस्टमार्टम गृह पर पेयजल एवं आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था भी की जाए।



## बंगाल सरकार की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संदेशखली में महिलाओं के सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने याचिका खारिज करने के साथ ही स्पष्ट किया कि हाई कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणियों से निचली अदालत की कार्यवाही पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के कथित मामले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पार्टी के सदस्य शेख शाहजहां और अन्य पर महिलाओं के सामूहिक यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोप लगाये गए हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने गत 10 अप्रैल को उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट उपमंडल के संदेशखाली में निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां और अन्य के खिलाफ महिलाओं के यौन शोषण और भूमि हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच के आदेश दिए थे।

# गोपनीयता भंग हुई तो होंगे री-एग्जामः सुप्रीम कोर्ट

**नीट-यूजी मामला**

- धांधली को लेकर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी
- केंद्र और एनटीए से पूछे सवाल



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। याचिका में पांच मई को हुई परीक्षा रद्द करने, एनटीए को दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देने और अनियमितताओं के संबंध में कोर्ट की निगरानी में जांच किए जाने की मांग की गई। कुछ याचिकाकर्ताओं के वकील ने कोर्ट से दोबारा परीक्षा कराए जाने की मांग करते हुए कहा कि कसूरवार और बेकसूरों की पहचान करना संभव नहीं है। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनटीए को परीक्षा रद्द करने से रोकने की मांग वाली गुजरात के 50 से अधिक सफल परीक्षार्थियों की याचिका पर भी सुनवाई की। एसजी ने सीबीआई से रिकॉर्ड मांगने का वादा किया और प्रस्तावित किया कि अगली सुनवाई गुरुवार को होगी। याचिकाकर्ताओं ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 700 अंकों वाले उम्मीदवार की रैंक पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष काफी कम है। शीर्ष कोर्ट ने कहा, एक बात तो साफ है कि प्रश्न-पत्र लीक हुआ है। सवाल यह है कि इसकी पहुंच कितनी व्यापक है? पेपर लीक होना एक स्वीकार्य तथ्य है। लीक की प्रकृति कुछ ऐसी है, जिसका हम पता लगा रहे हैं। आप केवल इसलिए पूरी परीक्षा रद्द नहीं कर सकते, क्योंकि दो छात्र धांधली में शामिल थे। इसलिए हमें लीक की प्रकृति के बारे में सावधान रहना चाहिए। दोबारा परीक्षा का आदेश देने से पहले हमें लीक की सीमा के बारे में जानना होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि हम 23 लाख छात्रों के मामले को सुन रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा कि लीक होने के कारण कितने छात्रों के परिणाम रोके गए।

# सुप्रीम कोर्ट द्वारा 29 जुलाई से 03 अगस्त तक होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

**मामले को लोक अदालत में सूचीबद्ध कराने के लिए आप शीघ्र ही अपने जनपद के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से 28 जुलाई से पूर्व सम्पर्क कर सकते हैं।**

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा 29 जुलाई से 03 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 29 जुलाई से 03 अगस्त तक आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में चिन्हित अपने मामले को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराना चाहते हैं, तो अपने मामले को लोक अदालत में सूचीबद्ध कराने के लिए आप शीघ्र ही अपने जनपद के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से 28 जुलाई से पूर्व सम्पर्क कर सकते है। यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दी। उन्होंने बताया कि मा. सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में श्रम वाद, भरण-पोषण संबंधी मामले, चेक बाउंस मामले (धारा 138 एन0आई0एक्ट), बंधक संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना मामले, उपभोक्ता संरक्षण संबंधी मामले, अन्य क्षतिपूर्ति मामले, स्थानान्तरण याचिकाएं, पारिवारिक न्यायालय के मामले, धन वसूली संबंधी मामले, सेवा संबंधी मामले, आपराधिक शमनीय मामले, कर संबंधी मामले, भूमि संबंधी मामले, शैक्षणिक मामले एवं अन्य दीवानी मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया जा सकता है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण केकार्यालय से सम्पर्क करें अथवा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति या उच्च न्यायालय विधिक सेवा उप समिति या ई-मेल करें।

(1) उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, इलाहाबाद ई मेल- dclsc@allahabadhighcourt.in सम्पर्क सूत्र 0532 2422335, 2422336, 2422337, 2421611-18

(2) उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ई मेल - upsisa@nic.in सम्पर्क सूत्र- 0522-2286395 2286265,

(3) उच्च न्यायालय विधिक सेवा उप समिति, खण्डपीठ, लखनऊ ई-मेल - hclssciko@allahabadhighcourt.in सम्पर्क सूत्र- 0522-2722500, 2722501-05

# शारदा का जलस्तर बढ़ने पर डीएम ने की सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील



**लखीमपुर खीरी।** बाढ़ की विभीषिका, नदियों में बढ़ने वाले जलस्तर को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बेहद संजीदा है। बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियो को न केवल विस्तृत दिशा निर्देश दिए है, बल्कि एसडीएम से नियमित संवाद कर अनुश्रवण भी कर रही है। उनके निर्देश के क्रम में बाढ़ से प्रभावी ढंग से निपटने, उनके प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से सभी एसडीएम अपने अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहे।

## गुमशुदा कुलदीप को सकुशल बरामद कर उसके पिता के सुपुर्द किया गया

**लखीमपुर-खीरी।** थाना धौरहरा जिला खीरी का लड़का आयु लगभग 17.5 वर्ष घर से पिता की डाट से नाराज होकर कहीं चला गया था, जिसे लेकर आवेदक द्वारा थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था, जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री रुद्र प्रकाश पाण्डेय द्वारा की जा रही थी, उक्त गुमशुदा की बरामदगी हेतु थाना स्तर से उ0नि0 रुद्र प्रकाश पाण्डेय व हे0का0 अनिल कुमार तिवारी को नामित किया गया था, टीम उपरोक्त द्वारा दिनांक 08.07.2024 को गुमशुदा कुलदीप उपरोक्त को सकुशल बरामद कर उसके पिता राधेश्याम उपरोक्त के सुपुर्द किया गया।

# बाढ़ प्रभावित गांवो में पहुंचे एसडीएम, कराया लंच पैकेट का वितरण

*अवधनामा संवाददाता*

**गोला।** उप जिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने गोला तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव जोहरा गुजारा, पूजा गांव मुड़िया, आघाढ़ी, बेल्हा सिकटिहा, डंबल टांडा, बजेड़ा, रेवतीपुरवा, रूरा सुल्तानपुर करसोर का स्थलीय भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्हें निकटवर्ती बाढ़ चौकिया में शिफ्ट होने का अनुरोध किया। तहसील प्रशासन द्वारा पूजा गांव के मजरा मुड़िया, करसोर, रूरा सुल्तानपुर में कम्युनिटी किचन के जरिए लंच पैकेट वितरित किया। प्रशासन की ओर से उनके आवागमन हेतु नाव भी लगाई गई। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दौरान बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भी पहुंचवाया। तहसील प्रशासन की ओर से लोगों के आवागमन हेतु नाव भी लगाई गई है।

## स्थलीय भ्रमण कर एसडीएम ने की प्रभावित परिवारों से मुलाकात, दिया मदद का भरोसा

**निघासन।** एसडीएम राजीव निगम ने तहसील क्षेत्र निघासन के बाढ़ प्रभावित ग्राम सूरतनगर, बरसोलाकला, बाबा पुरवा, गुलरिया पत्थर टागा का स्थलीय भ्रमण कर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उनकी कुशलता जानते हुए सुरक्षित रहने और एतेयात बरतने को कहा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन आपकी मदद के लिए पूरी तरह संकल्पित है। वही इन गांवों के परेशान कुछ परिवारों को बाढ़ चौकिया में शिफ्ट कराया।

## डीएम ने की सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शारदा नदी के निकटवर्ती ऐसे गांव जहां जलस्तर बढ़ने से प्रभावित होने की थोड़ी भी आशंका है, वहा के ग्रामवासियो से सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामवासी अपने अपने पशुओं को लेकर राहत शिविरों में चले जाएं। जिला प्रशासन की ओर से वहां पर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों का सघन पर्यवेक्षण कर फील्ड में कार्य कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए है। डीएम ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश है कि आपदा से प्रभावित लोगों को हर संभव मदद की जाए। जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य के सफल संचालन के लिए एसडीएम नोडल व तहसीलदार सह नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं और जिला स्तरीय अधिकारियों को भी एसडीएम के सहयोग में लगाया गया है।

## ग्रामीणों से संवाद कर सुरक्षित स्थानों पर बसने की अपील, एसडीएम ने बाटे लंच पैकेट

**धौरहरा।** एसडीएम राजेश कुमार ने तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव कैरातीपुरवा, परसा, रामलोक और रामलोक का स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामीणों से संवाद किया। तहसील प्रशासन की ओर से तैयार कराए गए लंच पैकेट का वितरण किया। फ्लड डिवीजन के अफसरो को स्टेशन रहकर बाढ़ निरोधी कार्यों के मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। परेशान परिवारों को सतर्क रहने और सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट करवाया। साथ ही प्रशासन की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिया।

## महापौर ने सीसी रोड के निर्माण कार्यो का किया शुभारम्भ

महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह के द्वारा सीसी रोड के निर्माण कार्यो का शुभारम्भ किया गया। शुभारम्भ कार्यक्रम मे भाजपा के कई पदाधिकारियो समेत क्षेत्रवासी भी मौजूद रहें। सहारनपुर के वार्ड 27 के शाकुम्भरी विहार गली न0 6 मे सीसी रोड के निर्माण कार्यो का शुभारंभ करते हुए महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि शहर का विकास कराना मेरी प्राथमिकता है। नगर में नगर निगक के द्वारा बिना किसी भेदभाव के एक समान कार्य कराए जा रहे हैं। महापौर डॉ0 अजय कुमार सिंह ने कराये जा रहे विकास कार्यो के बारे मे बताया। शुभारंभ कार्यक्रम मे भाजपा के कई पदाधिकारियो समेत क्षेत्रवासी भी मौजूद रहें।

## आमजन को वर्षा जल संरक्षित करने लिए किया प्रेरित

**सहारनपुर।** बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण, जल जनित बीमारियों से आमजन को बचाने के उद्देश्य से आज विकास खण्ड सरसावा में प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विकास खंड सरसावा में वेलफेयर एंड इलस्ट्रेशन आफ ग्रामीण नीडी सोसाइटी लखनऊ द्वारा आयोजित कार्यशाला खण्ड विकास अधिकारी राकेश कुमार ने बढते पर्यावरण प्रदूषण व जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए आमजन को जागरूक किया और जल शपथ दिलाते हुए तथा बढ़ते तापमान को देखते हुए उपस्थित  लोगो से पेड़ लगाने और वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सहायक विकास अधिकारी पं.राकेश शर्मा एवं बाल विकास अधिकारी  ने बताया कि जल से होने वाली समस्याओं से कैसे निपटे तथा जनता को शुद्ध पेयजल मुहैया और उसके बचाव हेतु जन-जागरूकता फैलाये। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने वाल राइटिंग, नुक्कड़ नाटक टीम, स्वच्छता मेला टीम, पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक, कार्यशाला, आंगनबाड़ी एवं स्कूल पर स्वच्छता क्लब का गठन एवं ड्राइंग प्रतियोगिता गतिविधियां हेतु वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक अहमद सलीम खान, सह जिला समन्वयक अनुराग ओझा, सह जिला समन्वयक आजाद खान, अभिमन्यु कुशवाह, कंप्यूटर ऑपरेटर सतीश मिश्रा, कृष्ण कांत सिंह, ज्ञानी तिवारी, अंकित कुमार, रवि एवं अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

## अपर पुलिस महानिदेशक ध्रुवकांत ने विजयी टीम को प्रदान की चल वैजयन्ती

**सहारनपुर।** 27वीं अर्न्तजनपदीय पुलिस कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग एवं आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह में मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक ध्रुव कांत ठाकुर ने विजयी टीमों को चल वैजयन्ती देकर सम्मानित किया। डॉ.बी.आर अम्बेडकर स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय मेरठ जोन की 27वीं अर्न्तजनपदीय पुलिस कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग एवं आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता में पुलिस वर्ग की कुश्ती ग्रीकोरोमन स्पर्धा में जनपद सहारनपुर, कुश्ती फ्री स्टाइल स्पर्धा में जनपद मेरठ व महिला वर्ग की कुश्ती फ्री स्टाइल स्पर्धा में जनपद मेरठ के खिलाड़ियों ने अपना कब्जा जमा लिया, जबकि पुलिस वर्ग की बॉक्सिंग स्पर्धा में जनपद गौतमबुद्ध नगर व महिला वर्ग की बॉक्सिंग स्पर्धा में जनपद मु.नगर, पुरूष व महिला वर्ग की आर्म्स रेसलिंग स्पर्धा में जनपद मु.नगर के खिलाड़ियों ने बाजी मार ली। इसके अलावा पुरूष वर्ग की बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में जनपद मेरठ ने चल वैजयन्ती पर अपना कब्जा जमा लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक ध्रुव कांत ठाकुर ने विजयी रही टीमों को चय वैजयन्ती देकर सम्मानित किया। इस दौरान डीआईजी अजय कुमार सिंह, एसएसपी रोहित सिंह सजवान, पुलिस अधीक्षक लाईन्स व यातायात सिद्धार्थ वर्मा, पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस उपाधीक्षक रविकांत परासर, अशोक कुमार सिसौदिया व प्रतिसार निरीक्षक विरेन्द्र बहादुर सिंह के अलावा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# विषम परिस्थितियों में फंसे परिवारों के लिए मददगार बन प्रशासन, किया रेस्क्यू

*अवधनामा संवाददाता*

**पलिया।** शारदा नदी में जलस्तर बढ़ने से पलिया तहसील क्षेत्र अंतर्गत खीरी-पीलीभीत बॉर्डर पर बसे गांव गोविंद नगर कॉलोनी प्रभावित होने की सूचना मिली। इसपर क्विक रेस्पॉन्ड करते हुए प्रभावित परिवारों को एसडीएम कार्तिकेय सिंह अपने राजस्व दलबल संग सुरक्षित स्थान पर बसाने के लिए पूरे मनोयोग से जुटे दिखाई दिए।एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने विषम परिस्थितियों में फंसे 07 परिवार के करीब 20 सदस्य पुरुष, महिला और बच्चो को पीएसी बोट के जरिएसुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कराया। सभी प्रभावित परिवारों के खाद्यान्न, फल, पेयजल सहित अन्य ज़रूरी सामग्री की व्यवस्था प्रशासन ने कराई। जो लोग अपने घरों में सुरक्षित हैं, उन्हें तहसील प्रशासन कम्युनिटी किचन के जरिए लंच पैकेट का भी वितरण कर रहा है। एसडीएम ने किसी भी आकस्मिक जरूरत की पूर्ति के लिए क्षेत्रीय प्रधान, लेखपाल को जरूरी दिशा निर्देश दिए। प्रभावितों को चिकित्सीय सुविधाएं देने के उद्देश्य से चिकित्सीय टीम ने प्रभावित परिवारों का मेडिकल चेकअप करते हुए जरूरी औषधियां प्रदान की।

## ट्रैक्टर, नाव पर सवार होकर बाढ़ पीड़ितों से मिलने पहुंचे एसडीएम-तहसीलदार

**सदर।** सदर तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बड़ागांव, धोबियाना और सिंधिया में ट्रैक्टर और नाव पर सवार होकर पहुंचे एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह ने पीड़ितों का दर्द जाना। मौजूद ग्रामीणों से संवाद कर हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। क्षेत्रीय लेखपाल को बाढ़ से प्रभावित होने वाली फसल और घर का सर्वे करने के निर्देश दिए। कहा कि प्रभावित परिवारों को सभी अनुमन्न सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी।आपात स्थिति के लिए तहसील प्रशासन पूर्णतया तैयार है। ग्रामीणों की आवागमन हेतु प्रशासन की ओर से नाव भी लगाई गई है।

# बनबसा बैराज से तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से पलिया और संपूर्णानगर इलाके में आई बाढ़

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले में बारिश और बनबसा बैराज से तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से पलिया और संपूर्णानगर इलाके में बाढ़ आ गई। शारदा, घाघरा और मोहाना नदियों का पानी करीब 100 से अधिक गांवों में भर गया है। प्रशासन ने रविवार को आजादनगर व बर्बादनगर गांव खाली कराया था। यहां सात फीट से अधिक पानी चल रहा था। संपूर्णानगर क्षेत्र के गोविंदनगर, खजुरिया समेत कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ का पानी सड़क पर बहने से पलिया-भीरा ह्यमार्ग पर दो दिन के लिए आवागमन रोक दिया गया है। संपूर्णानगर-खजुरिया पर भी प्रशासन ने वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई। बिजुआ इलाके में 4.50 करोड़ की लागत से बनवाया गया बझेड़ा तटबंध भी कट गया है। सूरजपुर तटबंध भी पानी में बह गया है। धौरहरा क्षेत्र में एक युवक की पानी में डूबकर मौत हो गई। पलिया शहर में चीनी मिल के आगे रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सोमवार को तेज धार में पानी सड़क पर बह रहा है। नगला मोड़ पर पड़ने वाली पुलिया के पास पानी का बहाव तेज है। बाइक सवार इस सड़क से नहीं निकल पा रहे हैं। अतरिया रेलवे क्रासिंग तक तेज धार में शारदा नदी का पानी बह रहा है। जल आयोग के अनुसार शारदा नदी का जलस्तर दोपहर एक बजे खतरे के निशान से 54 सेंटीमीटर ऊपर चल रहा था शारदा का खतरे का निशान 154.590 सेमी है। नदी का जलस्तर 155.130 सेमी पर बह रहा था। देर शाम तक पानी बढ़ ही रहा था। पानी बढ़ने से पलिया शहर जहां टापू बन गया है। वहीं संपूर्णानगर क्षेत्र में बाढ़ के पानी ने कहर बरपाया है। संपूर्णानगर के गोविंदनगर कालोनी में पानी घुसने के बाद हड़कंप मच गया एसडीएम कार्तिकेय सिंह, तहसीलदार आरती यादव, थाना प्रभारी निराला तिवारी गांव पहुंचे और पानी में खड़े होकर ग्रामीणों की बात सुनीं। बाढ़ का पानी खजुरिया, कमलापुरी, पेडिया फार्म, इंदिरा नगर सहित कई गांव में भर गया है। इंदिरानगर गांव में पानी करीब 350 घरों में पानी घुस गया है। प्रधान प्रतिनिधि जितेश कुमार ने बताया कि हर वर्ष बाढ़ का पानी गांव में आता है, बाढ़ पीड़ितों के लिए लंच पैकेट की व्यवस्था की जा रही है।रपटा पुल पर पानी में बहा युवक, मौत धौरहरा के कुम्हेना गांव निवासी मनोज कुमार (35) रपटा पुल पर पानी से गुजरते वक्त बह गया। डूबकर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश कराई। वह बबुरी धौरहरा मार्ग पर रपटा पुल से साइकिल से गुजर रहा था। उसी वक्त हादसे का शिकार हो गया।

# कांवड़ शिविरों को प्लास्टिक व पॉलीथिन से मुक्त रखें: महापौर

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने कांवड़ शिविर संचालकों से कांवड़ यात्रा के दौरान सेवा शिविरों को पूरी तरह प्लास्टिक व पॉलीथिन मुक्त रखने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक व पॉलीथिन मानव जीवन के लिए सबसे बड़ा अभिशाप है। यह न केवल हमारे लिए बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी घातक है। इसके प्रयोग से बचना भी मानव सेवा और ईश्वरीय सेवा है। महापौर नगर निगम में आज कांवड़ यात्रा की तैयारियों के सम्बंध में कांवड़ शिविर संचालकों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी शिविर संचालकों को आश्वस्त किया कि कांवड यात्रा के दौरान कांवड़ मार्ग व शिविरों के निकट साफ-सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल व टायलेट तथा आवश्यकतानुसार अस्थायी निर्माण आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जायेगी। और कांवड़ियों के स्वागत को स्वागत द्वार भी बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक शिविर को कैमरे की नजर में रखने का प्रयास किया जायेगा। शिविर संचालकों द्वारा मोबाइल टायलेट की डिमांड पर महापौर ने कहा कि मोबाइल टायलेट की संख्या सीमित है अतः आपसी सहयोग से स्थान तय कर समाधान निकालना होगा।

महापौर ने शिविर संचालकों को सुझाव दिया कि शिविरों में पर्यावरण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण व योगा आदि राष्ट्रहित के मुद्दों का प्रचार करें। उन्होंने पार्षदों से भी अनुरोध किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के शिविरों का भ्रमण करें और व्यवस्था में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कांवड़ व्यवस्था में लगे निगम कर्मचारी, पुलिस व प्रशासन के कर्मचारी हमारे सहयोगी है, इस बात को सभी ध्यान में रखें और उनके साथ संयत व सहयोगात्मक व्यवहार करें। अपर नगरायुक्त व कांवड़ यात्रा के नोडल अधिकारी राजेश यादव ने भी सभी कांवड़ शिविर संचालकों को आश्वस्त किया कि 22 जुलाई से पहले ही समस्त व्यवस्थाएं पूरी कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा को देखते हुए कुछ नये मोबाइल शौचालय भी मंगाये जा रहे हैं, उम्मीद की जानी चाहिए कि इससे गत वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष शौचालयों की समस्या का समाधान हो सकेगा। इससे पूर्व कांवड़ शिविर संचालकों संजय फुट्टेला, दिनेश सेठी, विकास सैनी व सुनील अनेजा सहित अनेक शिविर संचालकों ने कांवड़ मार्ग के नालों की सफाई, डिवाइडरों पर निशान, शौचालयों में पानी तथा मोबाइल शौचालयों की आवश्यकता अनुसार व्यवस्था करने, स्मार्ट सिटी के तहत निर्माधीन फुटपाथ पर पड़ी केबल उठवाने, देहरादून चौक व घंटाघर सहित सभी प्रमुख चौराहों की भव्यता के साथ सजावट कराने, कांवड़ यात्रा मार्ग पर सभी सीसी कैमरों को चालू कराने, कांवड़ मार्ग पर निगम का कंट्रोल रुम बनाने, कांवड़ यात्रा की व्यवस्था से सम्बद्ध अधिकारियों के मोबाइल नंबर प्रत्येक शिविर में उपलब्ध कराने, शिविर स्थलों के आसपास जल निकासी की उचित व्यवस्था करने, शिविर स्थलों को टायल बिछाकर या मिट्टी भराव कर समतल करने आदि की मांग की गयी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार वाहन को दिखाई हरी झण्डी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी के मार्गदर्शन में 10,11 एवं 12 जुलाई को पैटी ऑफेन्स की विशेष लोक अदालत एवं 13 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सहारनपुर एवं जनपद की समस्त तहसीलों में किया जाएगा। जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, अम्बर रावत, अपर जिला जज प्रथम, ब्रिजेश कुमार शर्मा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता एवं सचिव निशांत त्यागी ने आज हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया। जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम के वाद, तलाक के प्रकरण को छोडकर वैवाहिक वाद, लघु शमनीय वाद, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के वाद, एनआईएक्ट के वाद, दीवानी वाद, विद्युत अधिनियम के वाद, एमवीएक्ट व टेऊफिक ई-चालान के वाद, भूराजस्व के वाद, (केवल जनपद न्यायालय में लम्बित) बैको के लोन सम्बन्धित विवाद, प्रशासन के वाद आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जायेगे। राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का मकसद आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निपटाना है, जिसमें दोनो पक्षों की जीत होती है। निस्तारित वाद की कोई अपील नही होती तथा अदा की गयी कोर्टफीस वापिस हो जाती है। अतः सभी विद्वान अधिवक्तागण, वादकारीगण एवं समस्त हितधारको से मेरी अपील है कि इस महत्वपूर्ण कार्य में सहभागी बने और अधिक से अधिक वाद निस्तारित करायें, ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को सफ्ल बनाया जा सके।

# हमारे मार्गदर्शक व राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा हैं वरिष्ठ नागरिक: मनीष बंसल

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** सुपर सीनियर सिटीजन वैलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मण्डल आज नवागंतुक जिलाधिकारी मनीष बंसल से मिला और उन्हें पुष्प व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान व्यापारियों ने जिलाधिकारी से स्मार्ट सिटी के कार्यो में गुणवत्ता व गतिशीलता लाये जाने की मांग की।

सुपर सीनियर सिटीजन वैलफेयर एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक शीतल टण्डन, अध्यक्ष आर.के.वर्मा व महासचिव के.एल.दावड़ा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी मनीष बंसल से भेंट की और कहा कि नगर में कोई विकसित बस अड्डा नहीं है, यह वर्षो पुरानी मांग समाज के सभी वर्गो की ओर से की जाती रही है। इस ओर शीघ्र उचित निर्णय लिया जाना चाहिए। साथ ही आने वाली कांवड़ यात्रा में भी सभी व्यवस्थाएं व टैऊफिक व कांवडियों की सेवा में कोई कमी न रहे, यह भी सुनिश्चित किया जाये। सदस्यों द्वारा यह भी मांग की कि नगर में यातायात व्यवस्था में व्यापक सुधार किये जाने के साथ-साथ स्मार्ट सिटी के कार्यो में गुणवत्ता व गतिशीतला लायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे मार्गदर्शक हैं। उनके द्वारा समय-समय पर जनहित के कार्यो, राज्य व केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में अति वरिष्ठ नागरिकों का पूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन लिया जायेगा। साथ ही संगठन के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्टेऊट गजेन्द्र कुमार से भेंट कर उन्हें पुस्तक व राममंदिर का चित्र भेंट किया और जनहित के विषयों पर भी चर्चा की गयी। प्रतिनिधि मण्डल में सुरेन्द्र पाल सिंह, के.एल.बब्बर, मेजर एस.के.सूरी, कृष्ण लाल मिड्डा आदि शामिल रहे।

## डीएम व एसएसपी ने किया निर्माणाधीन सरसावा सिविल टर्मिनल का निरीक्षण

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान ने सरसावा में सिविल टर्मिनल के चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सिविल टर्मिनल के निर्माण हेतु नामित कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि यथाशीघ्र कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने एसडीएम नकुड़ को समय-समय पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। सिविल टर्मिनल केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसको पूर्ण किये जाने के लिए समय-समय पर निर्देश जारी किए गये। इससे जनपदवासियों को आवागमन में सुगमता होगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. अर्चना द्विवेदी, उपजिलाधिकारी नकुड़ श्रीमती संगीता राघव सहित कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# परिषदीय शिक्षकों ने डिजिटाइजेशन व ऑनलाइन उपस्थिति का किया विरोध

## जिलाधिकारी पर शिक्षकों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को प्रेषित किया ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*




**सहारनपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उप्र के बैनर तले आज शिक्षकों ने डिजिटाइजेशन व ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की।

महासंघ के जिलाध्यक्ष रविन्द्र पंवार के नेतृत्व में सभी शिक्षक एकत्र होकर हकीकत नगर स्थित धरना स्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात सभी शिक्षक एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदर्शनकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष रविन्द्र पंवार ने परिषदीय शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं व आनलाइन उपस्थिति का विरोध करते हुए कहा कि जब तक शिक्षकों की मांगे पूरी नहीं होती तब तक ऑनलाइन उपस्थिति नहीं दी जायेगी। उन्होंने कहा कि अन्य विभागों की भांति आकस्मिक अवकाश की श्रेणी में बेसिक शिक्षा के शिक्षकों को भी हाफ डे लीव अवकाश का विकल्प प्रदान किया जाये। जिससे आकस्मिता की स्थिति में शिक्षक हाफ डे लीव अवकाश का उपभोग कर सकें। बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति 30 ईएल प्रदान किया जाये। यदि ईएल प्रदान करने में कोई विधिक समस्या है, तो महाविद्यालयों के शिक्षकों की भांति बेसिक शिक्षा विभाग में भी प्रिविलेज अवकाश (पीएल) प्रदान किया जाये। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा व स्थानीय स्तर पर मौसम की प्रतिकूलता तथा जनपद स्तरीय विभागीय कार्यक्रमों में प्रतिभागिता की स्थिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ऑनलाइन उपस्थिति में शिथिलता प्रदान करने का विकल्प प्रदान किया जाये। पंजिकाओ का डिजिटाइजेशन सर्वर की उपलब्धता के अधीन है, एक ही समय मे अधिक लोड से सर्वर क्रैश होने पर वैकल्पिक व्यवस्था का स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किया जाए। डिजिटाइजेशन की वर्तमान ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था भेदभाव पूर्ण, असुरक्षा की भावना व शोषणकारी होने से शिक्षक की सृजनात्मक क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा तथा शिक्षण कार्य भी प्रभावित होगा। इसलिए बेसिक शिक्षा विभाग में ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था अन्य विभागों की भांति ही लागू की जाए। प्रदर्शन करने वालो जिला महामंत्री वैभव चौहान, जिला मंत्री रजनीश सहगल, ब्लाक अध्यक्ष विनय कुमार, ब्रजपाल, जनेश्वर, जगवीर ,रीता गुप्ता, अमित, विमल किशोर, ब्लाक महामंत्री चंद्रकान्त, राजेश सैनी, ललित, हरिओम, राजीव राणा, विनोद, नाराण सिंह, सुभाष, गौरव शर्मा आदि सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

# डीआईओएस ने किया प्रत्येक तहसील क्षेत्रों के लिए एक-एक नोडल अफसर की तैनात

अवधनामा संवाददाता



**तहसील से संबंधित सूचनाओं के अदान-प्रदान के मामले में तय की गई है जवाबदेही**

**सिद्धार्थनगर।** माध्यमिक विद्यालयों में बेहतर पठन-पाठन, शैक्षणिक माहौल के साथ ही बच्चों के नामांकन बढ़ाने समेत विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन की जिम्मेदारी नोडल अधिकारी को सौंपी गई है।

डीआईओएस सोमारू प्रधान ने प्रत्येक तहसील क्षेत्रों के लिए एक-एक नोडल अफसर तैनात किया है। तहसील से संबंधित सूचनाओं के अदान-प्रदान के मामले में भी जवाबदेही तय की गई है। एक जुलाई से माध्यमिक स्कूलों का विधिवत संचालन शुरू हो गया है। विद्यालयों में बच्चों का नामांकन प्रतिशत बढ़ाने, शिक्षकों, कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति समेत विभागीय संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों, प्रोजेक्ट अलंकार की भौतिक प्रगति, संस्कृत विद्यालयों का निरीक्षण, यू-डायस, डीबीटी आदि से संबंधित सूचनाओं के संकलन के लिए अब प्रत्येक तहसील क्षेत्र के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। डीआईओएस सोमारू प्रधान की ओर से जारी आदेश में सदर तहसील में राजकीय इंटर कॉलेज नौगढ़ के प्रधानाचार्य दयाशंकर यादव, डुमरियागंज तहसील के लिए राजकीय इंटर कॉलेज परसा जमाल के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार, इटवा तहसील क्षेत्र के लिए राजकीय इंटर कॉलेज इनरीग्रांट के प्रवक्ता भारद्वाज शुक्ला, बांसी तहसील क्षेत्र के लिए राजकीय इंटर कॉलेज पचमोहनी के प्रधानाचार्य करूणाकांत, शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के लिए राजकीय इंटर कॉलेकज पचमोहनी के प्रवक्ता अजय कुमार श्रीवास्तव को नोडल बनाया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि समय-समय पर होने वाली गतिविधियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बरतने पर नोडल की जवाबदेही होगी।

## क्रीड़ा शुल्क न जमा करने पर कार्रवाई

**सिद्धार्थनगर।** स्पोर्टस फॉर स्कूल कार्यक्रम अंतर्गत जनपद में खेलकूद प्रतियोगिता समेत स्काउट-गाइड रैली का आयोजन किया जाना है। जिसमें प्रत्येक माध्यमिक स्कूलों को तीन माह का क्रीड़ा शुल्क जमा होना है। डीआईओएस सोमारू प्रधान ने सभी प्रधानाचार्यों को पत्र लिखकर विभागीय बैंक खाता संख्या में जमा करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा बीते तीन वर्षों में जमा शुल्क का भी विवरण मांगा है, इनमें शैक्षिक सत्र 2021-22, 2022-23, 2023-24 शामिल है। जिविनि ने बताया कि तीन वर्षो का विवरण न देने वाले प्रधानाचार्यों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## बिजली पोल से टकराने से दो युवक की मौत

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के सोहास लोटन मार्ग पर एक ही मोटरसाइकिल पर दो सवार युवक की विद्युत पोल से टक्कराने के बाद घटना स्थल पर ही मौत हो गयी और दूसरे युवक की भी सीएचसी लोटन लाते समय मौत हो गयी। घटना सोमवार दोपहर साढ़े बारह बजे की बताई जा रही है। भोला पुत्र महन्त उम्र 20 वर्ष ग्राम करुवावल कला टोला लोधपुरवा, थाना लोटन सिद्धार्थनगर व राजकुमार पुत्र अवधराम उम्र 22 वर्ष ग्राम सिद्ध नगर, थाना मोहाना सिद्धार्थनगर दोनों युवक एक ही बाईक से करुवावल कला से सोहास के तरफ तेज रफ़्तार से जा रहा था कि खखरा गांव के पास कबाड़ के दुकान के सामने मोड़ रहने के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली पोल से जा टकराई। जहां मौके पर राजकुमार की मौत हो गयी। वहीं भोला को गम्भीर चोट लगने के कारण एम्बुलेंस से सीएचसी लोटन लाते समय रास्ते में ही मौत हो गयी। मृतक राजकुमार अपने गांव सिद्ध नगर से ननिहाल लोधपुरवा आया था कि अपने ममेरे भाई के साथ एक ही मोटरसाइकिल से दोनों जा रहे थे कि यह दुर्घटना हो गयी।

# पूर्व सांसद ने छात्राओं का बांटा स्मार्टफोन, टैबलेट

अवधनामा संवाददाता




**डिजिटल शिक्षा से जुड़कर सशक्त हो रही युवा पीढ़ी: हरीश द्विवेदी**

**बस्ती।** पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने चन्द्रगुप्त मौर्य प्रभावंश महिला पीजी कालेज बनकटी में छात्राओं को स्मार्टफोन और टैबलेट का वितरण किया। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना से कालेज की 320 छात्राओं को लाभ मिला। इसमे बीए, एमए, बीएड की छात्रायें शामिल थीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने अपने सम्बोधन में कहा टैबलेट और स्मार्टफोन बांटने के पीछे सरकार का उद्देश्य युवाओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना है ताकि युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा सके और उनमें कौशल विकास को बढ़ावा देकर उन्हे रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सके। युवा नित नई जानकारियों से लैस रहेंगे तो उनके विकास में कोई बाधा नही आयेगी। पूर्व सांसद ने सभी लाभार्थी छात्राओं को शुभकामनायें दी। प्रबंधक डा. अनिल कुमार मौर्य ने कहा उ.प्र. सरकार छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिये अरबों रूपया खर्च कर रही है। युवाओं को इसका लाभ मिल रहा है। छात्र छात्रायें कालेज में अपने शिक्षकों के बीच आकर जो जिज्ञासा शांत करती थीं अब उन्हे गूगल के जरिये मिल रही हैं। इससे वे नई जानकारियों से अपडेट हैं और परीक्षाओं में अच्छे अंक ला रही हैं। कार्यक्रम कां संचालन शिक्षिका शहनुमा अंजुम ने किया। अंत में प्रधानाचार्या डा. अनीता मौर्य ने सभी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर जगदीश शुक्ल, अरविन्द पाल, रघुनाथ सिंह, सोनू सिंह, दुष्यन्त सिंह, नोडल अधिकारी विजय यादव, डायरेक्टर श्रीमती सरोज मौर्य, श्रीमती नीलम मौर्य, संस्थापक राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित वंशराज मौर्य, काशी पाण्डेय, कृष्णमोहन, सुनील कुमार गौतम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन

**मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किए जाने पर बल**

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार सोमवार को अरविन्द राय पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की अध्यक्षता में आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किए जाने हेतु प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया।

अरविन्द राय पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा सोमवार को प्री-ट्रायल के लिए कुल 32 पत्रावलियां नियत की गयी थी जिसमें पक्षकारगण व उनके विद्वान अधिवक्तागण के साथ-साथ बीमा कंपनी की ओर से उनके अधिवक्तागण उपस्थित आये, जिसमें कुल 15 पत्रावलियां लोक अदालत में निस्तारित हेतु चिन्हित किया गया। 13 जुलाई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशनों को निस्तारित किये जाने पर बल दिया गया तथा बीमा कम्पनी एवं मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशन मामलों से सम्बन्धित अधिवक्तागणों से अधिक से अधिक पत्रावलियों को निस्तारित कराए जाने का प्रयास करने हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सम्पूर्णानन्द बक्शी, इम्तियाज अली, शिव कुमार पाण्डेय, प्रमोद कुमार द्विवेदी, सरफराज मलिक, इजहार अहमद खान, गिरजेश बहादुर सिंह, मिथलेश कुमार मिश्र, विनय चन्द्र मिश्र, इजहार खानं, संकटा पाण्डेय व विद्वान अधिवक्तागण तथा पक्षकार व इन्श्योरेंश कम्पनी की और से उनके अधिवक्तागण के साथ-साथ कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के कर्मचारीगण एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धर्थनगर के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# इन्टैक व संस्कार भारती द्वारा भव्य सरौता गैलरी का शुभारम्भ हुआ



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** तम्बाकू निषेध अभियान के अन्तर्गत इन्टैक उरई अध्याय व संस्कार भारती जालौन की प्राच्य विधा और लोक विधा के संयुक्त तत्वावधान में सुपारी काटने के सरौतों, चूना रखने की चुनाटियों और पानदानों की गैलरी का शुभारम्भ, चूडी वाली गली स्थित श्रीमती सन्ध्या पुरवार के निज निवास पर हुआ। डिस्ट्रिक्ट प्रोबेशन अधिकारी डा अमरेन्द्र पोत्सायन जी ने विघ्न विनाशक श्री गणेशजी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर इस गैलरी का उद्घाटन चिया। गैलरी का अवलोकन करते हुए मुख्य अतिथि डा0 अमरेन्द्र ने कहा कि इतने विभिन्न प्रकार के सरौतों को एक स्थान पर मैं पहली बार देख रहा हूं।यही स्थिति चुनाटियों की भी है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे सनातनी धर्म ग्रन्थों में ताम्बूल का वर्णन बहुतायत में मिलता है। आमतौर पर सभी देवी देवताओं को भोग प्रसाद अर्पण करने के पश्चात ताम्बूल (पान) अर्पित किया जाता है परन्तु तम्बाकू का वर्णन कहीं नहीं मिलता है। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि तम्बाकू के सेवन की अनुमति हमारे धर्म ग्रन्थ नहीं देते हैं। इस गैलरी में प्रदर्शित वस्तुओं को देखकर मैं अत्यन्त हर्षित हूं। गैलरी में लगभग 65 विभिन्न आकार प्रकार के छोटे,बडे सरौते प्रदर्शित किये गयेहैं जिनमें श्री कृष्ण माता यशोदा, राधारानी, मातारानी आदि के चित्रों से युक्त सरौते बहुत मन भावन हैं। तमाम प्रकार के सरौते पक्षियों , मोर आदि तथा जानवरों शेर आदि की आकृतियों से युक्त हैं। गैलरी के एक भाग में विभिन्न आकार प्रकार युक्त लगभग 21 प्रकार की पीतल की चूना रखने की चुनाटियों का प्रदर्शन भी देखने योग्य है।

# सीएमओ ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोटन का औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**शिकायत कोई मिलेगी तो होगी कार्रवाई: सीएमओ**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोटन बाजार मे सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरके चौरसिया अचानक निरीक्षण करने पहुंच गये। पहुंचते ही स्पताल मे हडकम्प मच गया। उन्होंने पैथोलॉजी, मेडिसिन वार्ड को देखा और कहाँ कि रोगी को एक बार मे एक सप्ताह से अधिक की दवा नही देना है। आयुष्मान रजिस्ट्रेशन कक्ष का निरीक्षण करके आयुष्मान के बारे मे जानकारी ली। ओआरएस पाउडर के बारे मे वार्ड ब्वाय सुधीर से जानकारी ली की मरीजों को किस तरह से सलाह देकर पाउडर दे रहे हो किस तरह से सेंवन करना है बताते हो या नही। लेबर रूम मे पहुंच कर वहां मौजूद लोगों से अस्पताल के बारे मे जानकारी ली एवं जननी सुरक्षा योजना के बारे में जानकारी ली और उन्होंने कहा की कब तक का पैसा भेजे हो। उपस्थित रजिस्टर चेक कर सीएमओ ने चेतावनी देते हुए कहाँ कि जो स्टाप मौजूद नही है उनसे स्पष्टीकरण मांगा जायेगा और वेतन रोका जायेगा। किसी तरह की शिकायत मिली तो कार्यावाही की जायेगी। इसके बाद प्रसूति गृह की जाँच करने के बाद स्टाफ रुम उन्होंने कहा साफ सफाई की ब्यवस्था सही होना चाहिए गंदगी से काफी बिमारी फैल रही है। निरीक्षण के दौरान, डी एम ए सुनील चौधरी, डा दिवाकर राय, डा मनीष जायसवाल, डा॰धीरेन्द्र चौधरी, बी सी पी एम रमाकांत चतुर्वेदी, शिखर श्रीवास्तव, फार्मासिष्ट सत्य प्रकाश चौधरी, संतोष कुमार जायसवाल, दिपक जायसवाल, शुशील प्रताप सिह, सुधा यादव अजीज अहमद आदि उपस्थित रहे।

# भनवापुर के धनोहरी में संपूर्णता अभियान का अधीक्षक के अगुवाई में हुआ शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के धनोहरी गांव में सोमवार को संपूर्णता अभियान का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि भनवापुर व जिलाध्यक्ष ब्लाक प्रमुख संघ सिद्धार्थनगर लवकुश ओझा ने फीता काट कर किया। इस दौरान लवकुश ओझा ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। तीन महीने तक चलने वाले इस संपूर्णता अभियान के माध्यम से नवजात शिशुओं से लेकर वयस्कों तक का स्वास्थ्य परीक्षंण, किसानों के खेतों का मृदा परीक्षण कर जरूरी उपचार के साथ ही उपाय बताया जाएगा। अधीक्षक सीएचसी सिरसिया डॉ. शैलेन्द्र मणि ओझा के अगुवाई में आयोजित संपूर्णता अभियान के शुभारंभ अवसर पर गांव के सरस्वती शुक्ला, शीला, राजेश, योगेंद्र सहित करीब दो दर्जन से अधिक लोगों का सूगर व बीपी का स्क्रीनिंग कर चिकित्सकीय सलाह दिया गया। डॉ.ओझा ने कहा कि संपूर्णता अभियान के माध्यम से आंगनबाड़ी, आशा, संगिनी, एएनएम, सीएचओ आदि के माध्यम से गांवों में शिविर लगाकर नवजात शिशुओं का का स्वास्थ परीक्षण, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओ, धात्री महिलाओं का जांच किया जाएगा। इस दौरान सीडीपीओ संजय गुप्ता, प्रतीक रावत, शिखा मिश्रा, सीमा, सुनीता, मो.हुसैन, राजीव त्रिपाठी, अजीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

# हाईवे पर जीएसटी अधिकारी बन साइबर ठगी करने वाले नौ गिरफ्तार

**दस लाख का फर्जी सामान बरामद, तमकुहीराज, साइबर व स्वाट टीम ने फर्जीवाड़ा का किया खुलासा**

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** हाइवे पर जीएसटी अधिकारी बन वाहन चालकों से ठगी करने वाले गैंग का पुलिस खुलासा कर दिया। इस ठगी में नौ सदस्य शामिल थे जिनके पास से भारी मात्रा में अवैध उपकरण बरामद हुआ है। इस फर्जीवाड़ा का खुलासा करने में तमकुहीराज पुलिस, स्वाट व साइबर सेल की टीम शामिल रहे। इन अभियुक्तों के पास से करीब दस लाख का सामान बरामद हुआ है।

सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एडिशनल एसपी अभिनव त्यागी ने बताया कि हाइवे वाले क्षेत्र में गोरखपुर से बिहार जाने वाले हाइवे एनएच-28 में ढाबों व पेट्रोल पम्पों पर लदे दूसरे प्रदेशों के भिन्न-भिन्न ट्रान्सपोर्टरों के ट्रको में अंकित उनके मालिकों के मो. नम्बरों की फोटो अपनी मोबाइल में खिच कर तथा उन मालिकों से फर्जी मोबाइल नम्बरों से लदे मालों की डिलवर पार्टी बन कर मो.न. से सम्पर्क कर तथा अपने को सरकारी जीएसटी कर अधिकारी बताकर जीएसटी कर माल के सम्बन्ध में अपूर्ण कागज का डर दिखा कर व कुट रचित सरकारी दस्तावेजों से अपने छल व धोखाधड़ी करते हुए धोखे से उनको विश्वास में लेकर भिन्न-भिन्न खातो में लाखों रुपया वसूलते है तथा गैंग के सारे सदस्य बाद में इसको बटवारा कर लेते है आनलाईन साइबर ठगी का यह फर्जीबाड़ा यह गैंग धड़ल्ले से अपराधिक कृत्यो को अंजाम दे रहा है।

दिनांक 30 जून 2024 को दिन में राजस्थान के रहने वाले एक ट्रान्सपोर्ट की माल लदी ट्रक के ड्राइवर के साथ इस गैंग द्वारा मिल कर तथा योजना बनाते हुए जयपुर के रहने वाले ट्रक मालिक व ड्राइवर के साथ आनलाईन साइबर ठगी की है जिससे मानसिक रुप से प्रताणित होकर उस ड्राइवर द्वारा थाना तमकुहीराज पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। इस गैंग में शातिर अपराधी भी शामिल है जिनका विस्तृत अपराधिक इतिहास भी है इस गैंग के पास चार पहिया वाहन व दो पहिया वाहन उक्त अपराध कारित करने के लिए हरदम मौजूद रहते है जिनको इस गैंग के सदस्य आपस में बदल- बदल कर उक्त चार पहिया व दो पहिया वाहनों में अदला -बदली कर उक्त अपराध को अंजाम देते है तथा ये लोग जिन मोबाइलों का उपयोग करते है । उसमें उक्त अपराध से सम्बन्धित हजारो ट्रको की फोटो व ट्रान्सपोर्ट सम्बन्धित कुटरचित दस्तावेज भी मौजूद है तथा ये लोग अपने पास कुट रचित मुहरें व सरकारी कुट रचित दस्तावेज भी रखते है तथा इस अपराधिक कृत को कारित करने के लिए इनके पास लैप्टाप व अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण चार पहियां वाहन में मौजूद रहते है जिनका उपयोग ये लोग भिन्न- भिन्न जिलों के भिन्न भिन्न स्थानों पर करते है इनके पास भारी मात्रा में फर्जी सिम व एटीएम कार्ड भी मौजूद होते है तथा इस गैंग द्वारा भिन्न भिन्न बैंको मैं खाते खुलवा रखे है जिन खातो का उपयोग ये लोग फोन पे के माध्यम से टुकड़ो में ट्रक मालिको व ट्रक चालकों से फर्जीवाड़ा व कुटरचित दस्तावेजों को दिखा कर व सरकारी अधिकारी बन कर आनलाईन रुपये मगा लेते है तथा ये इतने शातिर है कि उक्त साइबर अपराध कारित करने की भनक किसी भी पीडित को नही होने देते है ये गैंग शातिर अपराधिक प्रवृत्ति के कारण कोई भी ट्रान्सपोर्टर व ट्रक चालक इनके द्वारा फ्रांड किये जाने के बावजूद प्रशासन से शिकायत करने में डरता है। इन अभियुक्तों के पास से करीब दस लाख का सामान बरामद किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

पकड़े गए अभियुक्तों में नासिर खान पुत्र बसीर खान निवासी गाजीपुर बैरियर थाना तमकुहीराज, मोईन खान पुत्र मंसूर खान निवासी गाजीपुर बैरियर थाना तमकुहीराज, लालू यादव पुत्र बब्बन यादव निवासी गाजीपुर बैरियर, सैफ अली उर्फ टिन्कू पुत्र मुहम्मद असगर निवासी हरिहरपुर वार्ड न0 3 तुलसीनगर, महरुद्दीन पुत्र स्व0 अनवर अली निवासी परसौनी बुजुर्ग थाना तमकुहीराज, जैफ अली पुत्र कौशर अली उर्फ राजू निवासी हरिहरपुर वार्ड न0 3 तुलसीनगर थाना तमकुहीराज, अजय कुमार चौहान उर्फ भोला पुत्र कृष्णा चौहान उर्फ पाल चौहान निवासी हरिहरपुर वार्ड न0 2 यशोधरा नगर, मुखिया यादव उर्फ प्रिन्स यादव पुत्र उमेश यादव निवासी गाजीपुर बैरियर थाना तमकुहीराज कुशीनगर व चन्दन कुमार धोबी पुत्र राजकुमार धोबी निवासी हरिहरपुर वार्ड न0 2 यशोधरा नगर थाना तमकुहीराज शामिल है।

## चाँद दिखते ही अज़ाखाने सजाए गए

**महमूदाबाद सीतापुर।** मोहर्रम का चांद दिखते ही इमाम हुसैन के सोगवारों ने अपने घरों में इमामबाड़े सजाए जिसमें अलम ताबूत और ताजिए रखकर मजलिसे शुरू कर दो। मोहर्रम की पहली मजलिस मीर अतः हुसैन के इमामबाड़े में मौलाना फैज अब्बास ने पढ़ी और खुर्शीद हुसैन ने अपनी बेहतरीन मर्सिया ख्वानी हसन राजा के इमामबाड़ा साबिर हुसैन ज़व्वार हुसैन अब्बास हुसैन आसिफ हुसैन दिलशाद हुसैन अफसर हुसैन के इमाम बारे में पढ़ा मौलाना ज़ुहैर आबदी ने जमील असगर और पूर्व कार्य वाहक मुख्य मंत्री डॉ अम्मार रिजवी के यहां मजलिस को ख़िताब करते हुए कहा कि इमाम हुसैन ने अपने नाना मोहम्मद ए मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के दीन को बचाने के लिए कर्बला में छे- महीने के बेटे अलीअसगर और 18 बरस के अली अकबर और जवान भाई हज़रत अब्बास को कुर्बान कर दिया लेकिन दीन की हिफ़ाज़त कर के इन्सानियत को भी बचा लिया करबला मे इमाम हुसैन और उनके बच्चो पर ज़ुल्म की इंतिहा हो गई. 3 दिन तक भूके प्यासे रह कर भी ज़ुल्म के आगे झुके नही मसाइब् सुन कर सोगवारे हुसैनियों के आँखों से अश्क निकल पड़े।

# मजलिसों में पहुंचिये और सुनिए कि इमाम हुसैन अस का मकसद क्या था : सुज़ैन हैदर रिज़्वी

अवधनामा संवाददाता



**चांद होते ही घर घर बिछा फरशे अज़ा शुरू हुई मजलिसें**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** फरशे अज़ा पर फकत ज़िक्र ए हुसैन का ज़िक्र नही होता फरशे अज़ा पर मूसा का ज़िक्र, फरशे अज़ा पर ईसा का ज़िक्र, फरशे अज़ा पर तमाम अम्बिया का ज़िक्र, सबसे बढ़कर तौहीदे इलाही का ज़िक्र होता है। अगर कोई तौहीदे इलाही का ज़िक्र कर दे तो विदअत कैसे हो सकता है।

उक्त उदगार क्षेत्र के हल्लौर स्थित माहताब हैदर एडवोकेट के आवास पर पहली मुहर्रम को आयोजित मजलिस को संबोधित करते हुए ज़ाकिरे अहलेबैत सुज़ैन हैदर ने कही। उन्होंने कहा कि मजलिसो में पहुँचिये और सुनिए कि इमाम हुसैन अस का मकसद क्या था। बगैर मार्फत ए हुसैन के ये फरशे अज़ा किसी काम नही आने वाला है लेकिन अगर मकसदे हुसैन साथ मे है तो ये फरशे अज़ा आपको मेराज तक ले जाएगा। ये अज़ादारी आपको मेराज तक ले जाएगी। उन्होंने कहा कि यज़ीद एक ज़ालिम बादशाह था जो चाहता था कि ज़ुल्म को आम कर दिया जाए हक को दबा दिया जाए लेकिन उसको ये मालूम न था की हक कभी दबने वाला नही है और इमाम हुसैन ने हक ऐसा उभारा कि अब क़यामत तक हक दबने वाला नही है। अंत में मसाएब ए कर्बला बयान किया तो हर आंख में आंसू नज़र आये। मजलिस से पूर्व सरवर मेंहदी, जलाल मास्टर, इक्तेदार मेंहदी ने मरसिया पेश किया। मजलिस के दौरान सादिक, मोजिज़, लल्ला, काशान, जइम, ज़ामिन, अली सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# ऊमरी पेट्रोल पंप के पास कुआं में मिले शव की गुत्थी सुलझी, हत्यारे गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन) ।** रामपुरा थाना क्षेत्र के ऊमरी में भदौरिया पेट्रोल पंप के पास कुएं में शव मिलने की घटना का पर्दाफाश कर तीन हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ज्ञात है कि विगत तीन जुलाई को रामपुरा थाना अंतर्गत ऊमरी में भदौरिया पेट्रोल पंप के पास कुआं में एक युवक का शव मिला था जिसकी शिनाख्त सोनू पुत्र छोटेलाल कुशवाहा निवासी गिधौसा के रूप में हुई थी। इस घटना की तहरीर 3 जुलाई को अवधकिशोर पुत्र रामप्रकाश कुशवाहा निवासी गिधौसा ने थानाध्यक्ष रामपुरा को दी थी। तहरीर में बताया गया था कि मेरा चचेरा भाई सोनू पुत्र छोटेलाल कुशवाहा घर से पानी पूड़ी का धन्धा करने के लिए 28 जून दोपहर करीब 2-30 बजे घर से निकला था जिसकी किसी अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर शव को भदौरिया पेट्रोल पंप के पास वाले कुएं में फेंक दिया। तहरीर के आधार पर थाना रामपुरा में मु0अ0सं0 82/24 धारा 302/201 भादपि पंकीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक डॉ ईराज राजा एवं अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी के कुशल निर्देशन एवं सीओ माधौगढ़ शैलेंद्र वाजपेयी के संचालन में एक टीम का गठन किया गया जिसका नेतृत्व रामपुरा थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार ने किया। थानाध्यक्ष योगेंद्र पटेल व उनकी टीम की कार्यकुशलता ने हत्या की गुत्थी को महज एक हफ्ते के अंदर ही सुलझा कर हत्याभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। इस हत्याकांड में मरने वाले सोनू के मामा का लड़का ओमप्रकाश पुत्र अमर सिंह ने योजना बनाकर इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया था।

## सूचना

मैं आसिफ पुत्र आरिफ, निवासी अंशिक बेगरिया, दुबग्गा जिला लखनऊ का हूं। मेरे सभी दस्तवेज़ो में मेरा नाम आसिफ कुरैशी (ASIF QURAISHI) दर्ज है, मैने अपना नाम आसिफ (ASIF) से बदलकर आसिफ कुरैशी (ASIF QURAISHI) रख लिया है अब भविष्य में मुझे आसिफ कुरैशी (ASIF QURAISHI) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

## लोन के नाम पर महिलाओं के साथ ठगी

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** स्वयं सहायता समूह की दर्जनों महिलाओं ने कोतबाली पहुँच कर हंगामा किया तथा लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने बाले युवक के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। प्राप्त विवरण के अनुसार देर शाम उरई कोतबाली में अफरा तफरी का माहौल देखने को मिला जब स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लोन करवाने के नाम पर ठगी करने बाले अनूप ठाकुर निवासी ग्राम पडूली के खिलाफ नारेबाजी की तथा कार्यवाही की मांग की। जिसका संज्ञान लेते हुए पुलिस ने ठगी करने बाले अनूप ठाकुर को गिरफ्तार कर कोतबाली ले आई तब कही स्वयं समूह की महिलाएं शांत हुई। स्वयं सहायता समूह का संचालन करने बाली शशि शर्मा के साथ बबली, उमा, रंजना,कंचन, किरण, सुनीता, कमलेश, मुन्नी देवी ,नीतू, रीना,अनीता, रामश्री सहित दर्जनों महिलाओं ने कोतबाली पहुँचकर ठगी करने वाले अनूप ठाकुर के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कारवाही की मांग की।


## लखनऊ नगर निगम जलकल विभाग, जोन-1, लालबाग, लखनऊ

पत्र सं0- 547/EE-1/नि0 — दिनांक 8/7/2024

### अल्पकालिक निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित आपूर्ति/कार्यो हेतु पृथक-पृथक निविदाएं इस कार्यालय में दि0 15/7/2024 अपरान्ह 2.30 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 15/7/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। सम्बन्धित कार्य की निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता जोन-1 जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (Non-Refundable) जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, जो किसी भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी या समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में विदित है।

| क्र0 सं0 | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा शुल्क (रू0) | धरोहर धनराशि (रू0) | कार्य/आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन-प्रथम अन्तर्गत के0के0सी0 जोनल पर स्थापित 120एच0पी0 वी0टी0 मोटर की रिवाईन्डिंग एवं मरम्मत का काम। | 250.00 | 5000.00 | 07 दिवस |
| 2 | जोन-प्रथम अन्तर्गत बटलर पैलेस जोनल पर लगे मेन पैनल एवं ओ.सी.बी. 800 एम्पीयर की मरम्मत का कार्य। | 150.00 | 2500.00 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता जोन-1
जलकल विभाग

# आपातकाल प्रजातंत्र के लिए कलंक: वेद प्रकाश गुप्ता

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्याधाम।** पूरा बाजार अयोध्या ब्लॉक प्रांगण में बने सभागार में आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाने के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि आपातकाल प्रजातंत्र के लिए कलंक है इसलिए इसे काला दिवस के रूप में जाना जाएगा उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के ऊपर हुए अत्याचार को दबाने के लिए आपातकाल की घोषणा कर हजारों लोगों को जेल में बंद करके मनमानी किया देश की जनता आपातकाल में हुए अत्याचार को कभी नहीं भूलेगी। संगोष्ठी समापन के बाद ब्लॉक प्रांगण में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया मुख्य अतिथि वेद प्रकाश गुप्ता ने नीम पकड़ पीपल बरगद आम सहित अन्य वृक्ष लगाए वृक्षारोपण में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री स्वाति सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीपू सिंह गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित तिवारी शारदा यादव अरविंद सिंह रामप्रीत वर्मा शैलेंद्र कोरी दिनेश मिश्रा डॉ अरुण कुमार तिवारी रमेश सिंह ने भी सहयोग किया इस अवसर पर क्षेत्रीय गण मान्य लोग भी उपस्थित थे।



# प्रत्येक रविवार को बेजुबान जानवरों को भोजन कराकर हमदर्द बने: बसंत राम

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन बेनीगंज द्वारा प्रत्येक रविवार को बेजुबान जानवरों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। संरक्षक बसंत राम के नेतृत्व में संस्था टीम अध्यक्ष नेहा कुमारी ,कार्यकारी अध्यक्ष प्रज्ञा श्रीवास्तव ने भोजन व्यवस्था की कमान संभालते हुए बेजुबान जानवरों को भोजन कराया। संस्थापक अध्यक्ष बसंत राम ने बताया कि संस्था सामाजिक कार्य कई वर्षों से कर रहा है इससे पहले भी बेजुबानों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी लेकिन इस सत्र में प्रत्येक रविवार को बेजुबानों को भोजन की व्यवस्था करने का जिम्मा उठाया गया अयोध्या तीर्थ स्थल पर हजारों हजार श्रद्धालु बेजुबान जानवर को भोजन कराते हैं लेकिन अयोध्या कैंट के क्षेत्रों में अत्यधिक बंदर एवं अन्य जानवर है जिनके प्रति भाव लोगों में कम दिख रही है ऐसे में संस्था ने फैजाबाद अयोध्या कैंट क्षेत्र में चुनकर भोजन व्यवस्था कराने का निश्चय किया। अक्सर लोग जानवरों को मारते हैं पीटते हैं भोजन की व्यवस्था नहीं होती है ऐसे में जानवर आक्रामक होते जा रहे हैं मनुष्य पैसे से भोजन खा सकता है लेकिन जानवरों को पैसे के बारे में नहीं मालूम ऐसे में सभी व्यक्ति को अपने-अपने क्षेत्र में बेजुबानों के लिए भोजन की व्यवस्था करनी चाहिए यही मानव का कर्तव्य है। संस्था सहयोगी संदीप मध्यान्ह ने भावनात्मक बात कही कि जानवर आक्रामक नहीं होता इंसान आक्रामक हो गए हैं इंसान ही बेजुबान जानवरों का स्थान छीनता जा रहा है विकास के दौर में बेजुबानों के स्थान जंगल एवं शहर के अत्यधिक पेड़ कट गए जिससे उनके भोजन और खेलने कूदने का स्थान खत्म होता जा रहा है हमें बेजुबानों के लिए सोचना चाहिए। प्रज्ञा श्रीवास्तव ने बताया कि हमारी संस्था समाज सेवा निस्वार्थ भाव से निष्ठापूर्वक कार्य कर रही है और आगे भी हम सब मिलकर सामर्थ्य के अनुसार बेजुबानों को भोजन व्यवस्था एवं सेवा में तत्पर रहेंगे। अध्यक्ष नेहा कुमारी ने बताया कि संस्था शोषित पीड़ित जनमानव के साथ बेजुबानों के लिए भी संस्था टीम सेवा के लिए अग्रसर है और सदैव तत्पर रहेगी जिन लोगों ने सहयोग किया है और जो लोग सेवा सहयोग मे उपस्थित रहे मैं सभी का आभार प्रकट करती हूं और सभी का सदैव सहयोग मिल रहता रहेगा। कार्यक्रम में संदीप मध्यान, विकास रस्तोगी, आलोक कुमार, साधना गुप्ता, एकता रस्तोगी, सुबोध श्रीवास्तव, शंकर लाल अमरेश सिंहा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला इकाई ने जिलाधिकारी कौ सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अयोध्या को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला इकाई ने सौंपा ज्ञापन। अपराह्न 3 बजे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने प्रदेशीय संगठन के दिशा निर्देश के क्रम में कलेक्ट्रेट में पहुंचकर जिलाधिकारी नीतीश कुमार को अपना ज्ञापन मुख्यमंत्री जी प्रेषित दिया ।शिक्षकों की समस्याओं को बिना हल किए दुर्गम रास्ते,प्रतिकूल मौसम में आम शिक्षक विद्यालयों में ऑनलाइन डिजिटल हाजिरी कैसे दे पाएगा,शिक्षकों को अन्य कर्मचारियों की भांति 30 ईएल,15 हॉफ सीएल, स्वास्थ्य सुरक्षा कैशलेश सुविधा से आच्छादित किया जाए,हम शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी देने में कोई गुरेज नहीं है बस हम लोगों की मांगों को मान लिया जाए , शिक्षकों को इस तुगलकी आदेश से मुक्ति दिलाई जाए।

## अशीर ने बार अध्यक्ष हिसाल व महामंत्री देवेन्द्र का किया स्वागत

**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई और उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव का दरियाबाद में सपा प्रदेश पूर्व सचिव अशीर किदवई के आवास पर जोरदार स्वागत किया गया। अशीर किदवई ने कहा कि हिसाल बारी किदवई सबसे तेज तर्रार बार अध्यक्ष है वो अधिवक्ताओं के हितों को लेकर संघर्ष



करते रहते है, यही वजह है कि हिसाल अपनी लोकप्रियता में काफी चर्चित है। उन्होंने कहा कि हिसाल बारी के बार अध्यक्ष बनने से युवा अधिवक्ताओं को काफी फायदा होगा। किदवई ने बार महामंत्री देवेन्द्र यादव के बारे में कहा कि हिसाल और देवेन्द्र की जोड़ी जय और वीरू जैसी है, देवेन्द्र यादव ने हमेशा से युवा अधिवक्ता में जोश भरने का काम किया है और हर किसी की जायज माँग को लेकर लड़ाई लड़ते रहते है। इस मौके पर दरियाबाद नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष मतीन अहमद व वार्ड सभासद निसार अहमद वरिष्ठ नेता अब्दुल रहमान लल्लू असद नोमानी फरहान अहमद शकील बाबा गुफरान अहमद इब्ने भाई खिसाल बारी अननू कैफी सईद मलिक चौधरी अरहम शकील किदवई मसूद अहमद जीशान अहमद आसिफ किदवई अधिवक्ता जिम्मी प्रकाश शुक्ला रमेश दादा शादाब अहमद मोहम्मद आमिर सोनू वर्मा संदीप यादव प्रमोद यादव सूबूर फरहीन आदि अधिवक्ता लोग उपस्थित रहे।

## सीमावर्ती क्षेत्रों में बाढ़ से निपटने के लिए अधिकारियों ने किया दौरा

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा नेपाल और पूर्वी उत्तर प्रदेश में हो रही वर्षा के कारण विभिन्न नदियों में बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत निचलौल क्षेत्र में झुलनीपुर बैराज और सोहगीबरवा क्षेत्र का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले झुलनीपुर रेगुलेटर का निरीक्षण किया और जलस्तर और नेपाल से आ रहे पानी की मात्रा और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। अधिशासी अभियंता सिंचाई द्वितीय ने बताया कि नेपाल की ओर से 04 लाख 41 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान नदी में 3.88 लाख क्यूसेक रिकार्ड किया गया था। उन्होंने अवगत कराया कि नारायणी में जलस्तर बढ़ने पर अतिरिक्त जल सोहगीबरवा क्षेत्र में आने लगता है, जिससे क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि पानी का स्तर नदी में फिलहाल कम हो रहा है और स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया की नारायणी गंडक तटबंध से आच्छादित 80 गांव भी पूरी तरह सुरक्षित हैं। जिलाधिकारी ने सभी बाढ़ चौकियों को हाई अलर्ट पर रखने का निर्देश दिया। साथ ही तटबंधों की लगातार निगरानी और तटबंधों के सुदृढ़ीकरण और बाढ़ से बचाव संबंधी समस्त तैयारियों को चाक-चौबंद रखने का निर्देश दिया। उन्होंने एसडीएम निचलौल को भी लगातार निगरानी और बाढ़ से निपटने हेतु सभी इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। दोनो अधिकारी ट्रैक्टर पर बैठकर सोहगीबरवा क्षेत्र को देखने के लिए भी गए। यहां पर उन्होंने सोहगीबरवा, बोथहा और शिकारपुर गांव में हालात का जायजा लिया।



नरायणी नदी और बिहार क्षेत्र में पड़ने वाले रोहुआ नाला में जलस्तर में वृद्धि के कारण सोहगीबरवा क्षेत्र के गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। जिलाधिकारी ने स्थानीय लेखपाल और सचिव सहित चिकित्सा टीम को 24 घंटे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में तैनात करने का निर्देश दिया। उन्होंने एसडीएम को बाढ़ प्रभावित गांवों से लोगों को निकालकर किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने और उनके लिए खाने-पीने, चिकित्सा सही आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। एसडीआरएफ टीम को भी अलर्ट रहने के लिए कहा। सभी बाढ़ चौकियों को सक्रिय रहने का भी निर्देश दिया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सभी आवश्यक सेवाओं को सुनिश्चित करने हेतु राहत पैकेट, चिकित्सा सेवा सहित आवश्यक इंतजाम करने का निर्देश दिया। उन्होंने उपजिलाधिकारी निचलौल को पर्याप्त संख्या में नावों, नाविकों और गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और बाढ़ से जुड़े सभी लोगों को सक्रिय व सतर्क रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान नौतनवां एक्सईएन सिंचाई द्वितीय राजीव कपिल, एसडीएम निचलौल मुकेश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राशन कार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी का कार्य ई-पॉस के माध्यम से निःशुल्क करायेः नीतीश कुमार



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को अवगत कराया है कि राशन कार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराये जाने का अभियान माह जून, 2024 से चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिये राशन कार्ड के समस्त सदस्यों का सहयोग नितान्त आवश्यक है। राशन कार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी का कार्य ई-पॉस के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं के सहयोग से निःशुल्क कराया जा रहा है, लाभार्थी अपनी निकटतम किसी भी उचित दर दुकान पर जाकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। ई-केवाईसी हेतु राशन कार्ड में सम्मिलित समस्त सदस्यों का बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन किया जायेगा। ई-केवाईसी के साथ इस विकल्प के अन्तर्गत राशनकार्ड से मोबाइल नम्बर जोड़े जाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिसका उपयोग राशनकार्ड मुखिया द्वारा करते हुये मोबाइल नम्बर फीड/संशोधित किया जा सकेगा। इस मोबाइल नम्बर पर कार्ड पर प्राप्त होने वाले राशन का विवरण एसएमएस द्वारा प्राप्त होगा। उक्त के अतिरिक्त यदि किसी राशन कार्ड में मुखिया से परिवार जन का सम्बन्ध गलत प्रदर्शित है, तो उसे भी सुधारा जा सकेगा। इस संशोधन का अधिकार भी केवल राशन कार्ड के मुखिया का होगा। जनपद के समस्त राशन कार्ड परिवार से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उचित दर दुकानों पर पहुंचकर अपना ई-केवाईसी पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उक्त जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी अयोध्या ने दी है।

## मजलिस पढ़ने को लेकर आपसी सहमति बनी, नारो को लेकर हुआ था विवाद

**मसौली बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के कस्बा शहादतगंज मे मजलिस को लेकर बीते काफी दिनों से चल रहे विवाद को लेकर सोमवार को थाना परिसर मे बुलाई गयी बैठक मे एक एक घंटे मजलिस पढ़ने के लिए आपसी सहमति बनी है। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने आज हुए समझौते को थाने के रजिस्टर मे दर्ज कराते हुए मिलजुल अकीदत से गमे माहे मोहर्रम को मनाने की अपील की। उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर आनंद तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक पाठक की मौजूदगी मे थाना परिसर मे हुई बैठक मे इस बात की सहमति बनी है



कि दोनो पक्ष के लोग एक एक घंटे की मजलिस पढ़ेंगे। बताते चले की कस्बा शहादतगंज स्थित पचासा इमामबाड़ा मे बीते 15 वर्षो से मोहर्रम का चांद निकलने के बाद मौलाना असरार मजलिस पढ़ते है जो आला हजरत को मानने वाले होने के कारण आला हजरत के नारे लगाते है जिसको लेकर मोहर्रम कमेटी के चौधरी तौकीर एव उनके समर्थको को मजलिस के दौरान आला हजरत के नारे लगाने का विरोध शुरु किया जिसको लेकर बीते एक पखवाड़ा के बीच दो बैठके हो चुकी है। रविवार को मोहर्रम का चांद निकलते ही जहां हजरत इमाम हुसैन की शहादत के शोक मे है वही रविवार को मोहल्ला पचासा मे आयोजित मजलिस मौलाना असरार की जगह चौधरी तौकीर के ग्रुप के ताजुद्दीन ने शुरु कर दी। जिससे दोनो लोगो मे तनाव बढ़ गया मामला कुछ आगे बढ़ता जिससे पूर्व मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी राजेश गुप्ता ने मामले को शांत कराया तथा सोमवार को दोनो पक्षों को थाना मुख्यालय बुलाकर एसडीएम सिरौलीगौसपुर आनंद तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक त्रिपाठी ने दोनो पक्षों की बाते सुनते हुए दोनो पक्ष इस बात से सहमति हुए कि मगरिब की नमाज के बाद ताजुद्दीन मजलिस पढ़ेंगे तथा बाद नमाज इशा के बाद मौलाना असरार मजलिस पढ़ेंगे। दोनो पक्षों की लिखापढ़ी के बाद प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने दोनो पक्षों के बीच हुए समझौते की कॉपी त्यौहार रजिस्टर मे चस्पा करा दी है। बैठक मे चौकी प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता, समाजसेवी इरफ़ान सेठ, प्रधान शहादतगंज कलीम चौधरी, बीडीसी अबरार अहमद, मौलाना असरार अहमद, मो0 सलमान, तौकीर चौधरी सहित कस्बे के तमाम लोग मौजूद रहे।

## बुजुर्ग महिला कब्जे से खाली जमीन पर डबल बेंच ने ईओ को निर्माण रोकने दिया आदेश



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** नगर पंचायत बेलहरा क्षेत्र में बुजुर्ग महिला कब्जे बेसकीमती करोड़ों रुपया भूमि को ईओ, चैयरमैन व पुलिस मिलकर बुजुर्ग हथिया लिया। यहां नया निर्माण शुरू कर दिया। यह सब उसे दो नोटिस देकर किया गया। उसने न्यायालय में गुहार लगाई??। डबल बेंच ने सुनवाई करते हुए अगले आदेश तक निर्माण बंद रखने आदेश जारी किया। लेकिन ईओ आदेश कॉपी रिसीव नहीं करने भाग रहे?। यहां चोरी छुपे निर्माण करने आरोप है। पीड़ित कार्यालय चक्कर काट रहा हैं। फतेहपुर तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत बेलहरा के भटुवामऊ निवासी बुजुर्ग महिला सूफिया खातून (68) व शमीमा खातून (65) ने बताया कि वर्ष 1950 में उनके ससुर स्व. अब्दुल सत्तार खां ने रानी कनीज आबिद की रियासत में गाटा संख्या 1023 (वर्तमान गाटा संख्या 807) भूमि रक्बा 6695 वर्ग फीट लिया था। यह बेलहरा महमूदाबाद संपर्क मार्ग पर स्थित है। बीते 74 वर्षों में उसका कब्जा है। उसका कहना है कि बीते दिन ईओ बेलहरा विनय शंकर अवस्थी, चैयरमैन शबाना खातून, चेयरमैन प्रतिनिधि मो. अयाज खान व स्थानीय इंस्पेक्टर अनिल कुमार एकराय होकर उसके कब्जे जमीन हथिया ली। यहां नया निर्माण शुरू कर दिया?। इसके पीछे मात्र दो नोटिस देकर अवैध कब्जे तर्क दिया। चौकी बनाने प्रस्ताव बैठक में दिया। जबकि उसने आवास टैक्स समेत अन्य दस्तावेज ईओ व चैयरमैन समक्ष रखे। लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी।

## दत्तनगर से ढेमवाघाट मार्ग मे जगह जगह जलभराव आवागमन बंद नाव एकमात्र सहारा

*अवधनामा संवाददाता*

**नवाबगंज (गोंडा)** क्षेत्र के दत्तनगर ऐसा गांव है जहा बाढ सबसे पहले दस्तक देती है इसी गांव से ढेमवाघाट पर एक पुल बना था जिससे लोगों को फैजाबाद से होकर राजधानी जाने मे आसानी थी समय और दूरी दोनो ककी बचत थी पर घाघरा नदु के बढ़े जलस्तर के चलते ढेमवा मार्ग पुरी तरह से सरयू नदी की जद में आ चुका है। जिसके चलते आवागमन बीते सप्ताह से ही बंद हो गया है। लोग नाव व स्टीमर के सहारे यात्रा को मजबूर हो गए हैं।नाव पर लोगों की सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था तक नही है पर लोग जान जोखिम में डाल कर आवागमन कर रहे हैं पक्के पुल के करीब 500 मीटर पास तक लोग अपने निजी वाहनों से पहुंच जा रहे हैं किन्तु आगे पानी के चलते आवागमन बाधित हो गया है। बीते दो वर्षो में रोड का निर्माण न कराये जाने से माझा के दर्जनों गाँव के लाखों लोगों के समक्ष आवागमन की भारी समस्या उतपन्न हो गयी है। माझा क्षेत्र की जीवन रेखा कहलाने वाली ढेमवा रोड के चार वर्ष पूर्व सरयू नदी पर पक्का पुल और ढेमवा रोड के निर्माण हो जाने से यह सड़क क्षेत्रीय लोगों के लिए वरदान था।पर माझा क्षेत्र के दो दर्जन गावों के लोगों दूध के व्यापारीयो के लिए सबसे अच्छा रास्ता साबित हो रहा था अब यह उनके लिए ही सबसे बडी समस्या है साकीपुर गांव के मांगे ने बताया कि मार्ग बंद होने से उनका व्यापार पर प्रभाव पडा है अब फैजाबाद जाने के लिए करीब चालीस किलोमीटर का



सफर करना होता है अन्य लोग जो राजधानी जल्दी पहुंच जाते थे उन्हें भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दत्तनगर गांव के प्रधान प्रतिनिधि राजाराम यादव ने कहा कि स्थानीय किसानो और दुध व्यापार प्रभावित होने के कगार पर आ गया है। कि समस्या तब बढी जब यह मार्ग टूटकर बह गया इससे लोगों की रोजी रोटी के लिए भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के लिए यह मार्ग बहुत उपयोगी बन गया था । किन्तु 2 वर्षो से लोगों कों भारी मुसीबतो का सामना करना पड़ रहा है।

## माल गाड़ी के चपेट में आने से युवक का पैर कटा

**महराजगंज।** गोरखपुर-नरकटियागंज रेलखंड पर स्थित सिसवा बाजार स्टेशन पर एक युवक के ट्रेन के नीचे आ जाने से एक पैर कट गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को मैडिकल कालेज रेफर कर दिया। सोमवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर दिन में 11 बजे खड्डा से गोरखपुर की तरफ बिना रुके जा रही मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक का दाहिना पैर कट गया। घायल युवक की पहचान गुड्डू (32) पुत्र लल्लन निवासी छावनी टोला, सिसवा के रूप में हुई है यह दुर्घटना कैसे हुई इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घायल युवक को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया।

## नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित किये गए भगवान भोलेनाथ

**अयोध्या।** बूथ नंबर चार तिवारी का पुरवा मे नवनिर्मित शिव मंदिर में गुप्त नवरात्रि के पावन पुनीत शुभ अवसर पर भगवान भोलेनाथ को परिवार सहित किया गया प्राण प्रतिष्ठित उक्त शुभ अवसर पर मुख्य यजमान वीरेंद्र प्रसाद पाठक सपरिवार धूमधाम से सम्मिलित होकर अपने जीवन को कृतार्थ किये इसी क्रम में मुख्य रूप से उपस्थित होकर यज्ञ आहुति में सहभागी बने महंत बड़ी देवकाली मंदिर सुनील पाठक वरिष्ठ नेता बहुजन समाज पार्टी एवं पूर्व प्रत्याशी बीकापुर विधानसभा दिलीप राम त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय चाणक्य परिषद सत्यदेव मिश्र जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय चाणक्य परिषद जयप्रकाश तिवारी राष्ट्रीय कार्य समिति वरिष्ठ सदस्य तथा व्यवस्थापक दिनेश पांडेय राजेश तिवारी सुरेश यादव परशुराम पांडेय धर्मेंद्र कुमार पाठक संजय कुमार पाठक आडवाणी यादव गोलू तिवारी गोवर्धन नाथ तिवारी लक्ष्मीकांत तिवारी विजय कुमार पाठक अश्वनी कुमार पाठक अरविंद मिश्र हंसनाथ साहनी प्रियांशु पाठक अभिषेक पाठक रविकांत तिवारी रामानंद तिवारी रमाशंकर तिवारी राम नयन तिवारी सुनील कुमार यादव नीलांबर तिवारी विपिन तिवारी हेमंत तिवारी दुर्गेश तिवारी कृष्ण नाथ तिवारी रमाकांत तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# कानूनगो महोदय का नया जजमेंट?

## तत्कालीन तहसीलदार, राजस्व टीम की पैमाइश को बता दिया गलत

*अवधनामा संवाददाता*

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** राजस्व निरीक्षक बनीकोडर का जजमेंट सुनकर चौक न जाना क्योकि जजमेंट ऐसा है कि वरिष्ठ लेखपालों व तत्कालीन तहसीलदार की कार्यवाई को ही गलत साबित कर दिया। पूरे मामले पर प्रकाश डालते है तहसील क्षेत्र के जयचंदपुर में पिछले 15 दिन पूर्व चकमार्ग की पैमाइस करने के निर्देश एसडीएम व थाना समाधान दिवस अधिकारियों ने दिए थे लेकिन चर्चा है कि विपक्ष से साठगांठ करके राजस्व निरीक्षक बनीकोडर पैमाइस करने में टाल मटोल करते रहे जब मामला मीडिया की सुर्खियों तक पहुचा तो कानूनगो महोदय पैमाइस करने गांव पहुचे इनकी टीम में न तो पुलिस सामिल थी ना लेखपाल सिर्फ हल्का लेखपाल को लेकर जयचंदपुर पहुचे जबकि मामला विवादित होने पर पुलिस के साथ अन्य लेखपालों की मौजूदगी पैमाइस करने में सुगमता प्रदान करती है। खैर पैमाइस तो बूंदा बांदी होने के कारण हो नही लेकिन राजस्व निरीक्षक महोदय ने जजमेंट जरूर सुना दिया। जब जजमेंट बताते है राजस्व निरीक्षक महोदय का, पैमाइस करने के लिए फीता उठाते हुए विगत समय मे वरिष्ठ लेखपालो पुलिस, राजस्व निरीक्षक के साथ तात्कालीन तहसीलदार की मौजूदगी में कई बार हुई पैमाइस को गलत साबित करते हुए चकमार्ग का पूरा इतिहास भूगोल ही बदलकर रख दिया इतना ही नही चकमार्ग पर अवैध कब्जा धारक पर सरकारी भूमि पर किये गए अवैध कब्जे पर राजस्व टीम की रिपोर्ट पर न्यायालय द्वारा की गई कार्यवाई को भी गलत बता दिया, कानूनगो महोदय की माने तो जो अवैध कब्जेदार पर कार्यवाई हुई वह गलत थी क्योकि कब्जा उन्होंने किया ही नही अब सोचनीय तथ्य तो यह है कि तत्कालीन तहसीलदार, लेखपालों व पुलिस की टीम तमाम क्षेत्रीय गवाह सब कानूनगो महोदय बनीकोडर की नजरों में गलत हो गए इन सब तथ्यों पर अगर गौर किया जाए तो निश्चित ही विपक्ष से मिलीभगत करने का कानूनगो पर आरोप से इंकार नही किया जा सकता है,।

### अखिर कानूनगो व अवैध कब्जेदार के बीच का यह रिश्ता क्या कहलाता है..?

**रामसनेहीघाट।** आखिर क्या संबंध है कानूनगो महोदय व चकमार्ग पर अवैध कब्जा धारक के मध्य जो अपने ही विभगीय कार्यवाई को गलत साबित कर दिए, एसडीएम का निर्देश भी ताकपर, तत्कालीन तहसीलदार, वरिष्ठ कई लेखपालों की पैमाइस व उनकी अधिकारी को प्रेषित की गई रिपोर्ट सब इस संबंध के आगे गलत हो गयी, आखिर क्यों बचा रहे है चकमार्ग पर अवैध कब्जा करने वाले को राजस्व निरीक्षक बनीकोडर महोदय, आखिर क्यों आग में घी डालने का काम करके विवाद को बढ़ा रहे है कानूनगो महोदय इन सब सवालों के जवाब कानूनगो साहब से जानने की जरूरत है, राजस्व निरीक्षक व अवैध कब्जा धारक के बीच घालमेल अब जग जाहिर होने लगा है ऐसे में शिकायतकर्ता सतीश पांडेय का कहना है कि कानूनगो महोदय विपक्ष से मिलकर पहले दो तीन बार वरिष्ठ लेखपालो द्वारा तहसीलदार महोदय की मौजूदगी में हुई पैमाइस को गलत साबित करने पर तुले हुए है जिससे उनसे न्याय मिलना असंभव है। कारण स्पष्ट है जब उन्होंने ने तहसीलदार, लेखपालों की पैमाइस, पुलिस टीम, प्रधान, तमाम ग्रामीणों की बात तो गलत साबित करने पर तूल गए तो पीड़ित को कही से भी न्याय मिलता नही दिख रहा है।

### राजस्व की वरिष्ठ टीम से पैमाइस करवाकर तहसीलदार ने चलवाया था ट्रैक्टर हटवाया था कब्जा

**रामसनेहीघाट।** भूमि विवाद मामले में विगत वर्ष तीन बार पैमाइस की गई, वरिष्ठ लेखपालो की टीम बनकर मौके पर पहुँचे तत्कालीन तहसीलदार ने अवैध अतिक्रमण की पुष्टि करते हुए पैमाइस के बाद किये गए विपक्ष के कब्जे को ट्रैक्टर से जुतवाकर हटवा दिया था लेकिन वर्तमान कानूनगो पूरी जांच को ही गलत साबित करने पर तुल गए है, आखिर पीड़ित को न्याय कैसे मिलेगा।

## दिव्यांग अधिकारों के लड़े तिरंकारी, आया फैसला, मिलेगा दिव्यांग आरक्षण का लाभ

**अयोध्या।** ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में सीनियर असिस्टेंट के पद पर तैनात तिरंकारी मणि त्रिपाठी को अब प्रोन्नति में दिव्यांग कोटे का लाभ मिलना सुनिश्चित हुआ। न्यायालय राज्य आयुक्त दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश की अदालत ने चरण बद्ध सुनवाई के बाद निदेशक एवं मुख्य अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को तीन महीने के अंदर दिव्यांग श्रेणी के अन्तर्गत आरक्षण का लाभ देने का आदेश पारित किया है। आदेश के अनुपालन से वह हेड असिस्टेंट बन जाएंगे। दिव्यांगता के बावजूद दिव्यांग श्रेणी में प्रोन्नति न दिए जाने पर उन्होंने न्यायालय राज्य आयुक्त दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश कोर्ट में परिवाद दायर ।कर विभागीय मनमानी को चुनौती की थी, जिसमें निदेशक एवं मुख्य अभियंता को पक्षकार बनाया था। सुनवाई में विभाग ने विरोध करते हुए दिव्यांग कोटे के अंतर्गत प्रोन्नति की उनकी मांग को यह पक्ष रखते हुए कि श्री त्रिपाठी की नियुक्ति मृतक आश्रित के रूप में कनिष्ठ सहायक के पद पर हुई है।

# डीएम ने माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



- आउटसोर्सिंग से तैनात स्टाप नर्स द्वारा मरीज से ऊंची आवाज में बात करने पर डीएम ने लगाई फटकार

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा सोमवार को माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय मेडिकल कालेज, सिद्धार्थनगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सर्वप्रथम पंजीकरण कक्ष में लगे स्कैनर आभा एप को देखा।

त्वचा रोग, मानसिक रोग विशेषज्ञ, टी.बी. एवं चेस्ट रोग कक्ष, नाक कान एवं गला रोग कक्ष, नेत्र परीक्षण कक्ष, डिस्पेनसरी कक्ष, ए.आर.वी. कक्ष, टीकाकरण कक्ष, गैर संचारी रोग कक्ष, बाल रोग, जनरल सर्जरी कक्ष, ओपीडी महिला, चिकित्सा अधिकारी आयुष कक्ष, प्लास्टर कक्ष, जनरल वार्ड, पी.आई.सी.यू. वार्ड, एस.एन.सी.यू. वार्ड को गहनता से देखा। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान जनरल वार्ड में आउटसोर्सिंग से तैनात स्टाप नर्स अमर चौबे द्वारा मरीज से ऊंची आवाज में बात करने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आगे से किसी भी मरीज/तीमारदार से ऊंची आवाज में बात न करे। सुधार नही होने पर 15 दिनो के अन्दर सेवा से निकालने का निर्देश दिया। डायलसिस, दन्त रोग, इमरजेसी वार्ड एवं आदि सभी कक्षो को देखा गया। जिलाधिकारी ने समस्त डाक्टरो को निर्देश दिया कि आने वाले मरीजो/तीमारदारो से अच्छा व्यवहार करे अनावश्यक परेशान न करे। इसके साथ ही जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने निर्देश दिया कि सभी वार्डो में डाक्टर के बैठने का समय, मोबाइल नम्बर सहित, दवायें, शुल्क जांच, निःशुल्क जांच, दवाओ आदि की सूची कक्षो के सामने चस्पा कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने कहा कि 15 दिनो में मेरे द्वारा पुनः निरीक्षण किया जायेगा सभी व्यवस्थाये ठीक कराना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर प्राचार्य मेडिकल कालेज डा0 राजेश मोहन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 ए0के0 झा, डा0 डी0के0 चौधरी, डा0 संजय गुप्ता व अन्य संबधित डाक्टर कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## संपूर्णता अभियान अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में संपूर्णता अभियान के सफलता को लेकर सोमवार को स्वास्थ्य कर्मियो को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अधीक्षक डॉ. शैलेंद्रमणि ओझा ने कहा की संपूर्णता अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो को दी जाने वाली सभी सुविधाए मुहैया कराएं। संपूर्णता अभियान को सफल बनाने के लिए आशा संगिनी, एएनएम, सीएचओ एवं पर्यवेक्षक को प्रशिक्षित करते हुए डॉ. ओझा ने बताया कि ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में शून्य से एक वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क वैक्सीनेशन की सुविधा उपलब्ध की जायेगी तथा सभी गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण करते हुए टीकाकरण सत्र पर गर्भवती महिलाओं को नियमानुसार निशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। सीएचओ के द्वारा 30 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों का डायबिटीज़ एवं हाइपरटेंशन की बीमारी के लिए स्क्रीनिंग का कार्य भी किया जाएगा जिससे बीमारी के प्रारंभिक अवस्था में ही चिकित्सीय इलाज एवं परामर्श शुरू किया जा सके। इस दौरान डा. ओझा के द्वारा बताया गया कि ब्लॉक के अंतर्गत समस्त गांव में कार्य योजना के अनुसार आशा बहू, एएनएम तथा सीएचओ की ड्यूटी लगाई गई है तथा कार्य की गुणवत्ता हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इस दौरान डॉ. ओझा के द्वारा बताया गया कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान राहुल कुमार, मनोज कुमार, मनोज कुमार, बलराम मिश्रा, ध्रुव चंद, सोनिया वर्मा, द्रोपती, गुंजन आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत खैरी शीतल प्रसाद का निरीक्षण किया



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0 द्वारा तहसील शोहरतगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खैरी शीतल प्रसाद का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0 द्वारा ग्राम पंचायत खैरी शीतल प्रसाद गांव में बूढ़ी राप्ती नदी का पानी आ जाने से प्रभावित लोगो से वार्ता करते हुए अवगत कराया कि आप लोगो सभी सुविधायें दी जायेगी। सभी टीमे सक्रिय है। एस0डी0आर0एफ0 की 18 सदस्यीय टीम आज गयी है जो नगर पंचायत शोहरतगढ़ में रूकी है। इसके अलावा नाव की व्यवस्था हो गयी है। यदि पानी ज्यादा बढ़ता है तो आप लोगो को सुरक्षित स्थान पर पहुॅचाया जायेगा। इसके साथ ही भोजन, पानी, दवा व अन्य सामग्री की व्यवस्था की जोयगी। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी न्यायिक राहुल सिंह, तहसीलदार शोहरतगढ़ व अन्य संबधित अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0 द्वारा नगर पंचायत शोहरतगढ़ के वार्ड संख्या-10 गांधी नगर में मो0 अली के घर से राजकुमार के घर तक सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0 द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत निर्मित नगर पंचायत शोहरतगढ़ के वार्ड संख्या-10 गांधी नगर में मो0 अली के घर से राजकुमार के घर तक सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण कार्य को देखा गया। निरीक्षण के दौरान सड़क की लंबाई, चौडाई को नापा गया एवं सड़क को खोदवाकर गुणवत्ता को भी चेक किया गया। निर्माण कार्य स्टीमेट एवं एम बी के अनुरूप नही पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शोहरतगढ़ को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शोहरतगढ़ को 15 प्रतिशत कटौती कर भुगतान करने का निर्देश दिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई 2024 के आयोजन में अधिक से अधिक वादो का निस्तारण कराये जाने के संबध में जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0 ने सभी विभागो के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने विभाग से संबधित वाद है उनको सूचीबद्ध करते हुए निस्तारण कराये। समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई 2024 के संबध में बैनर, पम्पलेट के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराये जिससे अधिक से अधिक वादो का निस्तारण हो सके। राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई 2024 के दिन सभी अधिकारीगण पूरी ईमानदारी के साथ वादो का निस्तारण कराये। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, अपर उपजिलाधिकारी शशांक शेखर राय, उपजिलाधिकारी न्यायिक प्रियंका चौधरी, समस्त तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, एआरटीओ सुरेश कुमार मौर्य, डीएसओ देवेन्द्र प्रताप सिंह, डीपीआरओ पवन कुमार, व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## राज्य पेयजल एवं स्वच्छता के बारे में समूह के महिलाओं को किया गया जागरुक

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन बाजार के सभागार में सोमवार को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कें अन्तर्गत नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा नामित संस्था



जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एण्ड एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा जल संरक्षण का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ खण्ड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने जल जीवन मिशन द्वारा संचारी रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।इस दौरान प्रशिक्षक दया शंकर यादव द्वारा संचारी रोग के बारे में जानकारी दी गई प्रशिक्षण के दौरान बताया गया संचारी रोग वायरस या बैक्टीरिया के कारण होने वाली बीमारियां हैं जो लोग दूषित सतहों, शारीरिक तरल पदार्थ, रक्त उत्पादों, कीड़ों के काटने या हवा के माध्यम से एक-दूसरे में फैलते हैं प्रशिक्षक द्वारा बताया गया कि संचारी रोग से बचने के लिए घर की साफ सफाई रखें टीका समय पर लगवाएं और अनुशंसित बूस्टर पर आधारित रहें अपना इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत रखें स्वच्छ भोजन करें नियमित व्यायाम करें और पर्याप्त नींद लें तभी हम संचारी रोग से बचाव कर सकते हैं। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक अनिरुद्ध कुमार त्रिपाठी तथा सहायक जिला कार्यक्रम समन्वयक दिलीप कुमार, मनीष त्रिपाठी, योगेंद्र मणि त्रिपाठी, शत्रुघ्न, परमानन्द चौबे, बलराम, प्रभात, रवि यादव, ज्योति जयसवाल, खुशबू, पूजा चौरसिया सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# डिजिटल उपस्थिति के विरोध में शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन व डिजिटल उपस्थित के विरोध में सोमवार को शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। वहीं विभिन्न संगठनों द्वारा बैठक कर रणनीति बनाई जा रही है। सोमवार को जिला मुख्यालय पर शिक्षकों द्वारा ज्ञापन भी दिया गया।

स्थानीय ब्लॉक स्तर पर ऑनलाइन हाजिरी का विरोध दर्ज कराते हुए शिक्षकों ने कहा कि सरकार द्वारा विद्यालय के रजिस्टर का डिजिटाइजेशन व उपस्थिति पंजिका का डिजिटल रूप देने की तैयारी की गई है। जिसका सभी शिक्षक विरोध कर रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ व उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अलावा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा भी विरोध किया जा रहा है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर विद्यालयों में सोमवार की सुबह शिक्षक पहुंचने के बाद अपने हाथ पर काली पट्टी बांधा और शिक्षण कार्य में सम्मिलित हुए वहीं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला इकाई के तत्वाधान में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर ज्ञापन देते हुए अपनी मांग रखी। इस संबंध में संघ के जिला मंत्री एवं ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती है विरोध जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि ईएल, हॉफ ईएल, सप्ताह के दूसरे शनिवार को अवकाश, वेतन विसंगति, स्वास्थ्य बीमा, विद्यालयों में लिपिक की नियुक्ति एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति, पुरानी पेंशन आदि उनकी मांगे हैं जिसे पूरा किया जाना चाहिए। वहीं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि 8 जुलाई को शिक्षकों ने विद्यालय पर उपस्थित रहकर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया है। 11 जुलाई को जिला मुख्यालय पर संघ के पदाधिकारी की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर मुख्यमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए आगे की रणनीति बनाई गई है। यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक उनकी प्रमुख मांगे पूरी नहीं हो जाती हैं। स्थानीय स्तर पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी आरिफ उस्मानी ने कहा कि हम लोग ऑनलाइन हाजिरी को तभी स्वीकार करेंगे जब हमारी मांगे पूरी हो जाएगी। शिक्षक अपना कार्य ईमानदारी के साथ कर रहा है उसके बाद भी इनके ऊपर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। डुमरियागंज विकासखंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौहनियाराज, जखोली, अरनी, हल्लौर, वासा दरगाह, डुमरियागंज, भारतभारी, भानपुर रानी आदि विद्यालयों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया।

## किछौछा उर्स व मोहर्रम पर्व के मद्देनज़र पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में बसखारी थाना में बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** मोहर्रम व आगामी उर्स मेले को लेकर बसखारी थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौतुम्भ की अध्यक्षता तथा अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान मोहर्रम के साथ उर्स मेले पर चर्चा हुई। मोहर्रम का जुलूस 10 से 17 जुलाई तक दरगाह अस्ताना से निकल कर दरगाह क्षेत्र में भ्रमण करेगा। बैठक के दौरान स्थानीय नागरिकों ने विभिन्न मुद्दों पर उपजिलाधिकारी न्यायिक टांडा व पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपने विचार व्यक्त किये साथ ही लोगों ने मेले के दौरान नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा से साफ सफाई कराने की व्यवस्था पर भी जोर दिया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सम्भ्रांत नागरिकों को मोहर्रम सकुशल सम्पन्न कराने के लिए शक्त हिदायत दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने कहा कि बसखारी के लोग जिस तरह आपसी सौहार्द के साथ मोहर्रम का ताजिया जुलूस निकालने के लिए एकमत है उससे हम पूरी तरह आस्वस्थ हैं कि किसी प्रकार की कोई समस्या क्षेत्र में नहीं होगी।

# समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सदस्यों ने किया प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** परिषदीय शिक्षकों के आनलाइन उपस्थिति समेत छह समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सदस्य सोमवार को बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि विभाग पहले शिक्षक समस्याओं का समाधान हो फिर वह आनलाइन हाजिरी देंगे। संघ के जिलाध्यक्ष आदित्य शुक्ला ने कहा कि उच्चाधिकारियों के नित नए व अव्यवहारिक फरमान के कारण शिक्षकों में रोष है।

सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों पर मूलभूत सुविधाएं नदारद हैं, फिर भी अधिकारी जबरदस्ती अध्यापकों को ऑनलाइन हाजिरी के लिए बाध्य कर रहे हैं, जो न्यायोचित नही है। इससे शिक्षकों का मनोबल गिर रहा है। महामंत्री पंकज त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों को मात्र 14 आकस्मिक अवकाश मिलता है इसमें पूरे वर्ष के जरूरी कार्य निपटाने होते हैं, जो बहुत कम है। उपार्जित अवकाश भी शिक्षकों को नही मिलता है।

ऐसे में आनलाइन हाजिरी जैसा काला कानून अध्यापकों के लिए अभिशाप साबित होगा। संघ के कोषाध्यक्ष अभय सिंह ने शिक्षकों को राज्य कर्मचारी का दर्जा देते हुए उन्हें सभी सुविधाएं देने, अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण, वर्षो से लंबित पदोन्नति, एमडीएम से अध्यापकों को अलग करने की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र एडीएम उमाशंकर को सौंपा। इस दौरान विपुल सिंह, शिवपाल सिंह, जेपी गुप्ता, मनोज त्रिपाठी, हरिशंकर सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, राकेश पांडेय, संतोष पांडेय, मुक्तनाथ यादव, विजय भाष्कर, किरन उपाध्याय, संचिता, रेनू, अंजनी झा, गोपेश दुबे, अभिजीत सिंह, उमाकांत गुप्ता, अलका वर्मा, ज्योति सिंह, सरोज, अर्चना, संध्या त्रिपाठी आदि की मौजूदगी रही।

## पूर्वांचल पत्रकार एसोसियेशन का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह

# लेखनी और मूल्यों से समझौता नहीं होना चाहिए : शिव प्रताप शुक्ल

- तकनीक और आभासी युग में झूठ की भरमार, सत्य तलाशना कठिन : संजय
- सरकारें ग्रामीण पत्रकारों के लिए ठोस कदम उठाएं: त्रिपाठी
- कलमकार ही समाज का सत्य दिखा सकता है : डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह




**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** स्वस्थ और सुव्यवस्थित समाज के निर्माण में पत्रकारों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह कार्य करने वाले पत्रकारों के सामने चुनौतियां भी बहुत हैं लेकिन कोशिश यही होनी चाहिए कि किसी भी दशा में मूल्यों से समझौता न हो। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल ने सोमवार को पूर्वांचल पत्रकार एसोसियेशन के राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए उक्त उद्गार व्यक्त किए। इस अवसर पर महामहिम ने नए पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई। सहजंवा में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमांचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल थे।

श्री शुक्ल ने कहा कि पत्रकारों को अपनी लेखनी से समझौता नहीं करना चाहिए। सतही पत्रकारिता से ऊपर उठ कर कार्य करना है। हार से उपजी स्थिति के बारे में एक व्यक्ति दुष्प्रचार करता है तो उसके पीछे भागने से अच्छा है कि सच्चाई की खोज करें। पद पर रहते मूल्यों से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। पत्रकार अपनी लेखनी किसी के भी संदर्भ में लिखने के लिए स्वतंत्रत है और समाज तथा देश हित में हर समय कलम चलनी चाहिए। भारत संस्कृति न्यास के अध्यक्ष तथा संस्कृति पर्व के संपादक वरिष्ठ पत्रकार संजय तिवारी ने कहा कि आज़ादी से लेकर अब तक पत्रकारों ने समाज को रास्ता दिखाया है। छोटी छोटी सूचना भी महत्वपूर्ण होती है और यही एक बड़ी खबर भी बनती है। तकनीक और सूचना क्रांति के साथ ही आभासी दुनिया में पल पल फैलाए जा रहे एजेंडे और झूठ में से सत्य की तलाश बहुत कठिन है। इस समय पत्रकारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती सत्य के प्रसारण की है क्योंकि अब बड़े पदों पर बैठे लोग भी गैर जिम्मेदारी के साथ खुल कर झूठ परोस रहे हैं। भारत के संविधान में कोई परिवर्तन करने की क्षमता किसी में नहीं लेकिन इसी झूठ से बीते चुनाव में बहुत कुछ बदल गया। ऐसे में यह बहुत जरूरी हो जाता है कि पत्रकार के पास पहुंचने वाली हर सूचना की सत्यता जानने की क्षमता जरूर विकसित की जाये। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी डा.धर्मेंद्र सिंह ने कहां पत्रकार समाज का दर्पण होता है।समाज में अच्छाई बुराई दोनों बातों को लिखते है।जिसपर सरकार व शासन प्रशासन उसको सुधार करता है।यही कारण है पत्रकार कलम के सिपाही सिपाही कहें जाते है। देवरिया विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की पत्रकारिता रीढ़ मानी जाती है और गांवों और समाज के लोगों की आवाज ग्रामीण पत्रकार ही बनते हैं। पीपीए आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार अपनी कलम से दूसरों की पीड़ा को समाज के सामने रखते है। केंद्र और प्रदेश सरकार को भी पत्रकारों के हित के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया की उपयोगिता बढ़ गई क्योंकि सोशल मीडिया पर चलने वाली अफवाहों को लोग प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिए हकीकत जानने की कोशिश करते है। संगठन पर संयोजक जेपी गुप्ता ने अपने विचार रखे। आभार ज्ञापन सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के राष्ट्रीय, प्रदेश, मंडल, जिला और सहजनवां तहसील इकाई के पदाधिकारियों ने पद की शपथ भी लिया। इस दौरान करीब दो दर्जन पत्रकारों को स्मृति पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया गया। अध्यक्षता डा. मंगल प्रसाद शुक्ला और संचालन दिनेश शुक्ला ने किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, पूर्व विधायक जीएम सिंह,प्रमुख पाली ई.शशि प्रताप सिंह,दिलीप कुमार यादव, रत्नेश कुमार पांडेय,चेयरमैन महेश दुबे, नरेंद्र सिंह, चैंबर आफ इंड्रस्ट्रीज के अध्यक्ष आरएन सिंह, पूर्व अध्यक्ष एसके अग्रवाल, मेजर साकेत,आत्मा नंद सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, कुशीनगर से गिरीश चन्द्र पाण्डेय, सपा जिला महासचिव रामनाथ यादव, मनोज जायसवाल, गिरीश यादव,विनोद पांडेय आदि मौजूद रहे।

## पौधरोपण किया गया

**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिल्हिया में पीडीए के वृक्षारोपण पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रम में सपा नेता उग्रसेन सिंह की अगुवाई में पौधरोपण किया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए के तहत चलाये जा रहे पौधरोपण अभियान में पर्यावरणीय व सामाजिक सुरक्षा के संकल्प के साथ सपा कार्यकर्ताओं ने आम,पीपल, बरगद, नीम आदि पौधों का रोपण किया। इस दौरान ग्राम प्रधान इबरार अहमद, कमलेश कुमार, मेराज, शिवकुमार, मोहम्मद रजा, शिवकुमार यादव, रवि चौधरी, विजय प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्थानांतरण हो जाने के बाद भी जमे हुए है बीडीओ

### दूसरे जनपद से स्थानांतरण होकर जब खण्ड विकास अधिकारी आयेंगे तब जनपद से इनको रिलीव किया जायेगा : सीडीओ

**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** शासन स्तर से खण्ड विकास अधिकारी बांसी लालजी शुक्ल का स्थानांतरण हो जाने के बाद भी ब्लाक पर जमे हुए हैं। बताते चले कि कार्यालय आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश द्वारा आदेश 30 जून 2024 को तात्कालिक प्रभाव से लालजी शुक्ला खण्ड विकास अधिकारी बांसी, सिद्धार्थनगर को खण्ड विकास अधिकारी, जनपद-सोनभद्र के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। आदेश में बिना प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा के तत्काल नवीन तैनाती जनपद में योगदान करने हेतु आदेशित किया गया था। परन्तु आयुक्त ग्राम्य विकास उ0प्र0 के आदेश को जनपद के जिम्मेदार दर किनार कर रहे हैं अभी भी ब्लाक पर जमे हुए है। सहायक आयुक्त ग्राम्य विकास (उ0प्र0) के 30 जून के स्थानांतरण आदेश को कब तक पालन किया जायेगा। चर्चा है कि अपनी ऊंची रसूख के चलते सहायक आयुक्त ग्राम्य विकास उ0प्र0 के आदेश का एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद भी जनपद के जिम्मेदार पालन कराने में असमर्थ दिख रहे हैं। जिसके कारण बीडीओ बांसी लाल जी शुक्ला अभी भी ब्लाक में जमे हुए है। इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने बताया कि दूसरे जनपद से स्थानांतरण होकर जब खण्ड विकास अधिकारी आयेंगे तब जनपद से इनको रिलीव किया जायेगा।

## डोर टू डोर पशुओं में बीमारियों को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान



**डुमरियागंज अवधनामा संवाददाता।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महेंद्र तिवारी द्वारा ग्राम परसा इमाद, गौरी पाठक, तुरकौलिया तिवारी में पशु से फैलने वाली बीमारियों को लेकर जागरूक करते हुए बचाव एवं रिहायसी क्षेत्र से दूर रखना आदि पर जागरूकता ग्राम वासियों के बीच किया गया। जागरूकता अभियान में डॉ. महेंद्र तिवारी ने कहा की यदि ग्राम में सूअर बाड़ा है तो उसे आबादी से दूर रखें जाय। अगर आबादी के बीच में सुअर बाड़ा होगा तो बीमारियों का खतरा ज्यादा रहेगा। इस अभियान में सभी का सहयोग आवश्यक है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान व जागरूकता अभियान की सफलता को लेकर 1 जुलाई से अभियान निरंतर चल रहा है। इस अभियान के अंतर्गत लोगों को जागरुक करते हुए साफ सफाई के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पशुओं में तमाम बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। अगर किसी भी प्रकार का कोई भी लक्षण पशुओं में दिखाई पड़े तो इसे तत्काल चिकित्सक को दिखाए। ताकि समय से बीमारी का इलाज किया जा सके। जरा सी लापरवाही बरतने से पशु के जान जाने का भी खतरा बना रहता है। उन्होंने अंत में यह भी बताया की डोर टू डोर अभियान चलाकर पशुपालकों व अन्य लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

अवधनामा



## यह वादिए कश्मीर है

जम्मू कश्मीर की पहली यात्रा प्रधानमंत्री ने अपनी तीसरी सरकार बनाने के बाद की। मोदी ने जम्मू कश्मीर का 370 का दर्जा पहले ही खत्म कर दिया था जो भारत के अन्य राज्यों से इसे अलग किये हुये था। चूकि मोदी क्रान्तिकारी कदम उठाने में परहेज नहीं करते। इसलिये यहां के आम लोगों में पूर्ण राज्य और विधानसभा गठन और चुनाव का सपना हिलोरे भारने लगा। मोदी जी ने भी यहां के लोगों को लोकतान्त्रिक आकांक्षाओं को अपने सम्बोधन के द्वारा उभारा प्रधानमंत्री ने संकेत दिया जल्द चुनाव कराने का और पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने का यह भी जाहिर किया कि दोनो मुझे उनकी प्राथमिकता के कार्यो में है।

मोदी ने कश्मीरियों के दिल में बसे उपरोक्त दोनो मुद्दों को उनके दिलों में उभारा पर कश्मीरियों में वह उत्साह नहीं भर पाये जिसके लिये यहां की जनता कबसे आकांक्षी है। दोनों मुद्दों के लिये कोई निश्चित समय सीमा नहीं स्पष्ट की। यहां के लोगों को कब तक इन्तजार करना पड़ेगा।

चुनाव से पहले पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग नागरिकों ने उठाई। हालाकि सर्वोच्च न्यायालय ने विधानसभा चुनाव के लिये 30 सितम्बर की समय सीमा निर्धारित कर दी है। विधानसभा चुनाव के लिये और लोकसभा चुनाव के लिये भी नया क्षेत्र निर्धारित बेहतर विकल्प होगा पर अभी उसकी तैयारी नहीं दिख रही है। अगर चुनाव होता है वो वह विधानसभा के लिये होगा या लोकसभा के लिये यह भी स्पष्ट नहीं है। केन्द्र शासित राज्य भी इस प्रक्रिया में शामिल रहेगे स्पष्ट नहीं है। प्रधानमंत्री से इस पर स्पष्टता की उम्मीद थी। 370 हटने के बाद आतंकी गतिविधियों में काफी गिरावट आई है पर अभी भी आतंकी अपनी उपस्थितियां बताने के लिये छिटपुट घटनाओं को अन्जाम देने में लगे है। मोदी की यात्रा के पहले की घटनायें इसकी गंवाही देती है। ऐसे में चुनाव होता है तो ये आतंकी तत्व अपनी करतूतों को और बढ़ावा देगे लोगों को डराने और धमकाने के लिये। उनका मकसद अव्यवस्था पैदा कर लोगों में डर बसाने का रहता है। मोदी ने 370 हटाने के बाद सरकार के द्वारा किये गये कार्यो का उल्लेख किया। मोदी ने बताया कि विकास कार्य अब लोगों तक  सीधे पहुंच रहा है।

लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं की भीड़ ने वर्षो पुराना रिकार्ड तोड़ते हुये अपनी उत्साहवर्धक उपस्थिति से दुनियां को अश्वस्त किया। आतंकियों का भय उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने को रोक नहीं सकता है। लोगों का उत्साह और श्रद्धा बनाये रखने के लिये यह जरूरी है कि विधानसभा चुनाव निर्धारित सीमा के अनुसार ही कराया जाय। अगर ऐसा नहीं हुआ तो लोगो में निराशा छा जायेगी मोदी से बेहतर कौन जानता होगा। वादियेकश्मीर का जन्नत बरकार रहे।

## हिंदुत्व और सनातन संस्कृति को समझने का समय

संजीव ठाकुर

भारत का सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि ईस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए।

जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति, राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान, शक्तिहीन, भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता, शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त, कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी, बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। देश में अनेक साधु संत ज्ञानी जिनमें मोहम्मद मूसा कबीर, रैदास, नामदेव, तुकाराम चैतन्य, तुलसीदास शंकरदेव जैसे महापुरुषों ने देश के सांस्कृतिक आध्यात्मिक विकास मैं अभूतपूर्व योगदान दिया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़्वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

केंद्र सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसकी मंजूरी दे दी है। यह बजट नई सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। फरवरी में सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था। हैट्रिक 3.0 का पहला बजट 23 जुलाई को पेश होगा। वित्त मंत्री लगातार सातवीं बार बजट पेश करेंगी, वे ऐसा करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। इससे पहले मोरारजी देसाई ने लगातार छह बजट पेश किए थे। अब यह 23 जुलाई को बजट पेश करते ही लगातार सातवीं बार ऐसा करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। इससे पहले मोरारजी देसाई ने लगातार छह बजट पेश किए थे।

# सभी की नज़रें पेश होने वाले भारतीय पूर्ण बजट पर लगी

वैश्विक स्तरपर सारी दुनियां की नजरे हैट्रिक 3.0 सरकार के प्रथम बजट 23 जुलाई 2024 पर लगी हुई है, जो हैट्रिक सरकार की नई उमंग के साथ दिशा और अपने भविष्य का विजन दिखाने की झलक के रूप में पेश किए जाने की कोशिश जरूर होगी,क्योंकि आज दुनियामें जिस तरह का माहौल चल रहा है उसको सरकार बजट के माध्यम से रेखांकित जरूर करेगी। जिस तरह केन्या में बजट विरोध को लेकर उपद्रव, वित्त विधेयक सरकार द्वारा वापस लेने के बावजूद भी चालू है। यूके की सरकार का तख्ता पलट वो भी 400 पार सीटों के साथ। नेपाल में सरकार पलट। ईरान में नई सरकार और अब अमेरिका में भी रुख इस तरह दिख रहा है की 5 नवंबर 2024 को कुछ ऐसा ही ना हो जाए? इसलिए मेरा मानना है कि हैट्रिक 3.0 सरकार पूर्ण बजट में फूंक फूंक कर कदम रखेंगी। वैसे भी हर बजट की तरह इस बार भी किसानों उद्योगपतियों राज्य सरकारों के वित्त मंत्रियों, व्यापार व्यवसाय जगत सहित कुल 11 संबंधित हित धारकों संगठनों के प्रतिनिधियों से बैठक के माध्यम से बजट पर चर्चा की गई है, जिसमें 5 जुलाई 2024 को अंतिम ग्यारहवीं चर्चा बैठक हुई थी, अब वित्त मंत्रालय बजट बनाने की दिशा में आगे बढ़ गया है।आज 6 जुलाई2024 को बजट सत्र की घोषणा की गई जो 22 जुलाई से 12 अगस्त 2024 तक चलेगा। मेरा मानना है कि इस बजट में अनेक क्षेत्रों को सौगातें मिलने की संभावना है जिसमें सबसे बड़ी बात यह है कि टैक्स स्लैब में आयकर छूट की सीमा बढ़ाने की पूरी संभावना है,जो वर्तमान में तीन लाख से बढ़कर करीब चार या पांच लाख तक की जा सकती है इस तरह स्टैंडर्ड डिडक्शन 50 हज़ार से बढ़कर एक लाख तक करने की संभावना, किसानों को दी जाने वालीयोजना 6 से बढ़कर 8 हज़ार की जा सकती है। धारा 80 सी में अभी छूट सीमा डेढ़ लाख से बढ़ाया जा सकता है।इस तरह माध्यम उद्योग, कौशल विकास, प्राइवेट सेक्टर में प्रोत्साहन बढ़ाने का फार्मूला, घरेलू गैस योजना, उज्ज्वला योजना में सब्सिडी सहित विज़न 2047 के अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक एलोकेशन, रक्षा मंत्रालय स्वास्थ्य मंत्रालय व अंतरिक्ष में अधिक अलग एलोकेशन किया जा सकता है। चूंकि विश्व की नज़रें 23 जुलाई 2024 को पेश होने वाले पूर्ण बजट पर लगी हुई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इसआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, पूर्ण बजट 23 जुलाई 2024 में महिलाओं किसानों, करदाताओं, युवाओं को सौगात के साथ विजन 2047 की झलक दिखाने की संभावना हैं।


किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम  22 जुलाई से 12 अगस्त 2024 तक होने वाले बजट सत्र की करें तो,संसदीय कार्य मंत्री ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसकी मंजूरी दे दी है। यह बजट नई सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। फरवरी में सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था। हैट्रिक 3.0 का पहला बजट 23 जुलाई को पेश होगा। वित्त मंत्री लगातार सातवीं बार बजट पेश करेंगी, वे ऐसा करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। इससे पहले मोरारजी देसाई ने लगातार छह बजट पेश किए थे। अब यह 23 जुलाई को बजट पेश करते ही लगातार सातवीं बार ऐसा करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। इससे पहले मोरारजी देसाई ने लगातार छह बजट पेश किए थे। हालांकि मोरारजी ने सबसे ज्यादा 10 बार बजट पेश किया।उनके बाद पी. चिदंबरम और प्रणब मुखर्जी ने 9 बार, यशवंत राव चव्हाण, सीडी देशमुख और यशवंत सिन्हा ने 7 बार बजट पेश किया। मनमोहन सिंह और टी. कृष्णमचारी 6 बार बजट पेश कर चुके हैं। बजट 23 जुलाई को, लगातार 7 वीं बार पेश करेंगी,ऐसा करने वाली पहली वित्त मंत्री होंगी;23 जुलाई को बजट पेश होने का मतलब है कि एक दिन पहले 22 जुलाई को इकोनॉमिक सर्वे पेश होगा. 22 जुलाई को ही संसद का मॉनसून सत्र  शुरू होने जा रहा है, ऐसे में सत्र के पहले दिन इकोनॉमिक सर्वे और दूसरे दिन बजट पेश किया जाएगा।



साथियों बात अगर हम पूर्ण बजट 22 जून 2024 से उम्मीदों की करें तो, मेरा मानना है कि बजट 2024-25 में टैक्स छूट को लेकर बड़ा ऐलान कर सकती हैं।इस बार के बजट में टैक्स छूट मिल सकती है। इस कदम से 5 लाख से 15 लाख रुपये तक की सालाना इनकम वाले व्यक्तियों को लाभ मिलेगा। अभी ये लोग 5 से 20 फीसदी की टैक्स रेट का सामना कर रहे हैं। केंद्र सरकार बजट में व्यक्तिगत आयकर में छूट की सीमा बढ़ाने की घोषणा भी कर सकती है। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में खपत बढ़ सकती है और मध्यम वर्ग के लोगों की बचत बढ़ सकती है।उम्मीद की जा रही है कि पांच लाख से 15 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले नागरिकों को बड़ी राहत मिल सकती है।आयकर के लिए सालाना आय सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया जा सकता है। पीएम किसान योजना के तहत किसानों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि बजट में बढ़ाईजा सकती है। किसानों को फिलहाल हर साल 6000 रुपये की राशि दी जाती है।यह राशि बढ़ाकर 8000 रुपये वार्षिक की जा सकती है।इसके अलावा बजट में उद्योग जगत को भी कर में राहत दिए जाने की उम्मीद है। छोटे और मध्यम उद्योगों को सौगात दिए जाने की उम्मीद की जा रही है। इस बजट में युवाओं के लिए सरकारी विभागों के साथ प्राइवेट सेक्टरों में रोजगार के अवसर पैदा करने की व्यवस्था हो सकती है।सरकार का ध्यान ज्यादा से ज्यादा नौकरियों का सृजन करने पर है।इनकम टैक्स में 80सी के तहत टैक्स में कटौती की सीमा बढ़ाने की मांग की जा रही हैआयकर की धारा 80 सी के तहत छूट की सीमा 1.5 लाख रुपये है,इस बार बजट में इस छूट की सीमा बढ़ाए जाने की संभावना है। करदाताओं का कहना है कि 2014 के बाद से इस छूट में इजाफा नहीं किया गया है जबकि 10 सालों में महंगाई काफी बढ़ गई है। धारा 80सी में करदाताओं को निवेश और व्यय पर कर में छूट दी जाती है। इसमें जीवन बीमा प्रीमियम, पीपीएफ, म्युचुअल फंड, बच्चों की शिक्षा में ट्यूशन फीस, गृह ऋष्ण के मूलधन के भुगतान आदि पर कर छूट मिलती है। रसोई गैस पर सब्सिडी बढ़ने की आशा वित्तमंत्री बजट में रसोई गैस की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को लेकर बड़ी घोषणा कर सकती हैं। रसोई गैस पर सब्सिडी बढ़ाई जा सकती है। महिलाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी के लिए नौ हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था कर सकती है।केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सात मार्च को वित्तीय वर्ष 2024-25 में उज्ज्वला योजना में हर साल 14.2 किलोग्राम के 12 गैस रिफिल तक 300 रुपये की सब्सिडी स्वीकृत की थी। यह सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है।आयकरदाता,यानें इनकम टैक्स पेयर्स को इस बजट में काफी राहत दिए जाने की उम्मीद की जा रही है. विश्लेषकों का मानना है कि केंद्र सरकार आयकर में मानक कटौती या स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर सकती है।

# योजनाओं से जुड़ता गांव

सामाजिक और आर्थिक रूप से भले ही यह गांव पिछड़ा है लेकिन सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का ग्रामीण भरपूर लाभ उठा रहे हैं। इस संबंध में गांव की 35 वर्षीय मंथरा कहती हैं कि उनका परिवार सरकार की विभिन्न स्कीमों का लाभ उठा रहा है। इनमें सबसे प्रमुख उज्वला स्कीम है। जिसके माध्यम से अब उसे धुएं वाले मिट्टी के चूल्हे से मुक्ति मिल गई है। वह बताती है कि पहले वह मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाती थी। जिसके कारण उसे कई प्रकार की समस्याओं का सामना करनी पड़ती थी। एक ओर जहां उसे प्रतिदिन लकड़ी इकट्ठी करनी पड़ती थी तो वहीं दूसरी ओर उससे निकलने वाले धुएं से उसके स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा था।

हाल ही में यह खबर आई कि राजस्थान सरकार राज्य के सभी गांवों की जानकारी को ऑनलाइन करने की तैयारी में है। इसके लिए मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना पर काम चल रहा है। इसके तहत राज्य के सभी राजस्व गांवों से जुड़े सरकारी विभागों की सूचनाएं एक पोर्टल ई-ग्राम पर मिल जाएंगी। इस पोर्टल पर न केवल योजनाओं से जुड़ी सूचनाएं उपलब्ध होंगी बल्कि उस गांव की जनसंख्या, महिला और पुरुषों में साक्षरता की दर आदि की जानकारियां एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाएंगी। यह योजना राजस्थान सरकार के गुड गवर्नेंस और ई गवर्नेंस के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे एक ओर जहां ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारियां प्राप्त हो सकेंगी, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों को भी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारियां आसानी से उपलब्ध हो जाएंगी।


पूनम

दरअसल हमारे देश में सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को ध्यान में रखते हुए कई लाभकारी योजनाएं संचालित करती है, ताकि उसका लाभ उठाकर देश की ग्रामीण जनता भी विकास के पथ पर शहरी क्षेत्रों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सके। लेकिन अक्सर यह देखा जाता है कि ग्रामीण इन कल्याणकारी योजनाओं का बहुत अधिक लाभ नहीं उठा पाते हैं। वित्त वर्ष समाप्त होने के बाद संबंधित विभाग यह कह कर सरकार को पैसा वापस कर देता है कि कोई इसका लाभ उठाने नहीं आया, अथवा जरूरत से कम लोगों ने इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन किया था। जबकि दूसरी ओर कुछ ही वास्तविक हकदार इन योजनाओं का पूरा लाभ उठा पाते हैं। इसका एक अहम कारण जहां संबंधित विभाग द्वारा जमीनी स्तर पर इन योजनाओं के प्रचार-प्रसार में कुछ कमी का रह जाना होता है, तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों का इस संबंध में पूर्ण रूप से जागरूक नहीं होना भी एक बड़ा कारण होता है। लेकिन जिन ग्रामीण क्षेत्रों की जनता सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक होती है, वह इसका भरपूर लाभ उठाती है और स्वयं में बदलाव लाने का प्रयास करती है।

ऐसा ही गांव राजस्थान का धुवालिया नाडा भी है जहां के अधिकतर ग्रामीण सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। राज्य के अजमेर जिला स्थित रसूलपुरा पंचायत के अंतर्गत आने वाले इस गांव में अनुसूचित जनजाति भील और रैगर समुदाय की बहुलता है। सामाजिक और आर्थिक रूप से भले ही यह गांव पिछड़ा है लेकिन सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का ग्रामीण भरपूर लाभ उठा रहे हैं। इस संबंध में गांव की 35 वर्षीय मंथरा कहती हैं कि उनका परिवार सरकार की विभिन्न स्कीमों का लाभ उठा रहा है। इनमें सबसे प्रमुख उज्वला स्कीम है। जिसके माध्यम से अब उसे धुएं वाले मिट्टी के चूल्हे से मुक्ति मिल गई है। वह बताती है कि पहले वह मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाती थी। जिसके कारण उसे कई प्रकार की समस्याओं का सामना करनी पड़ती थी।



एक ओर जहां उसे प्रतिदिन लकड़ी इकट्ठी करनी पड़ती थी तो वहीं दूसरी ओर उससे निकलने वाले धुएं से उसके स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा था। वह बताती है कि कई बार जलावन के लिए लकड़ियां उपलब्ध नहीं होने के कारण महंगे दामों पर खरीदनी पड़ती थी। जो एक प्रकार से उसके लिए आर्थिक बोझ था। वहीं वर्षा के दिनों में गीली लकड़ियों को जलाना बहुत बड़ी समस्या थी। लेकिन अब गैस कनेक्शन से इन सभी समस्याओं से उसे मुक्ति मिल गई है।

मंथरा के पति हीरालाल बताते हैं कि वह पास के ही मार्बल फैक्ट्री में दैनिक मजदूर के रूप में काम करते हैं। उनकी आमदनी इतनी ही है कि किसी प्रकार से परिवार का गुजर बसर हो सके। लेकिन उनका सपना था कि उनका अपना घर हो। ऐसे में उन्होंने सरकार द्वारा गांव के गरीबों को दी जाने वाली प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में सुना और इसके लिए फॉर्म भी भरा। वह बताते हैं कि बहुत जल्द उन्हें इसका लाभ भी मिल गया और आज वह इस योजना के तहत अपने पक्के मकान में रहते हैं। हीरालाल बताते हैं कि इस गांव में अधिकतर लोग न केवल सरकारी योजनाओं के बारे में जानते हैं बल्कि उसका लाभ भी उठा रहे हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार इस गांव की जनसंख्या करीब 819 है। हालांकि यहां की साक्षरता दर काफी कम है। राज्य की औसत साक्षरता दर 66।11 प्रतिशत की तुलना में केवल 54।12 प्रतिशत दर्ज की गई है। वहीं महिला और पुरुष साक्षरता दर की बात करें तो 76।79 प्रतिशत पुरुषों की तुलना में महिलाओं में साक्षरता की दर मात्र 31 प्रतिशत के आसपास है, जो काफी चिंता का विषय है।

कम साक्षरता दर के बावजूद ग्रामीणों का सरकारी योजनाओं के बारे में न केवल जागरूक होना बल्कि उसका लाभ उठाना इनकी जागरूकता को दर्शाता है। इस संबंध में 32 वर्षीय सविता रैगर कहती है कि वह और उसके पति प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना का लाभ उठाकर सब्जियों की अपनी दुकान चला रहे हैं। पहले वह लोग रेहड़ी पर सब्जियां बेचा करते थे जिससे उन्हें काफी परेशानी होती थी और आमदनी भी कम होती थी। इतना ही नहीं, अब उसके बुजुर्ग सास ससुर को वृद्धावस्था पेंशन भी मिल रही है। गांव में सरकारी योजनाओं से संबंधित जागरूकता के बारे में वह बताती है कि इसमें एक ओर जहां पंचायत का अहम रोल है वहीं नई पीढ़ी में शिक्षा का बढ़ता स्तर और फोन तथा इंटरनेट की सुविधा ने भी इस दिशा में प्रमुख भूमिका निभाई है।

सविता कहती हैं कि फोन और इंटरनेट के माध्यम से युवा जहां सरकारी योजनाओं से अवगत होते हैं वहीं पंचायत में इस संबंध में जानकारियां भी प्राप्त करते हैं। जिससे कि परिवारों को इसका लाभ मिलने लगा है। एक परिवार की जागरूकता से आसपास के घरों में भी इस संबंध में स्वतः जागरूकता आ जाती है। इस प्रकार धीरे धीरे पूरा गांव सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत होने लगा है। बहरहाल, योजनाओं से इस प्रकार का जुड़ाव जहां गांव के विकास को गति देगा वहीं सरकार के लक्ष्य को भी पूरा करेगा। इस संबंध में किसी भी गांव के पंचायत की सबसे बड़ी भूमिका होती है। जो विभाग और जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच मुख्य सेतु का काम करता है। जिस गांव की पंचायत जितनी सशक्त होगी वह गांव उतना ही अधिक योजनाओं से जुड़ा होगा। (चरखा फीचर)

# निजी मोबाईल कंपनियों को मिली लूट की छूट?

भारतीय मोबाईल बाज़ार में इस समय रिलांयस जियो के पास लगभग 48 करोड़ उपभोक्ता हैं जबकि एयरटेल के पास क़रीब 39 करोड़ तथा वोडाफोन आइडिया के पास 22 करोड़ 37 लाख मोबाईल फ़ोन उपभोक्ता हैं। तीनों ही कम्पनीज़ ने पूरे आपसी तालमेल के साथ केवल एक एक दिन के अंतराल पर क़ीमतों में इज़ाफ़ा किया। जैसे  रिलायंस जियो ने 27 जून को अपने रेट 12 प्रतिशत से 27 प्रतिशत तक बढ़ाये तो  एयरटेल ने 28 जून को 11 से 21 प्रतिशत रेट बढ़ाये इसी तरह 29 जून को वोडाफोन आइडिया ने औसतन लगभग 16 प्रतिशत रेट बढ़ा दिये।

जिस समय लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में तीन गुना ताक़त व सामर्थ्य से सरकार चलाने व जनकल्याण सम्बन्धी अनेक दावे व वादे कर रहे थे उस समय देश की जियो रिलायंस, एयरटेल व वोडाफोन आइडिया जैसी तीन सबसे बड़ी कम्पनियाँ भारतवर्ष के लगभग 109 करोड़ मोबाइल फ़ोन उपभोक्ताओं पर 34,824 करोड़ रुपए वार्षिक का आर्थिक बोझ डालने का फ़ैसला कर चुकी थीं। इन कंपनियों द्वारा अपने ग्राहकों के लिये मोबाइल शुल्क को बढ़ाते हुए अब बढ़ी कीमतों के साथ नए प्लान बाज़ार में उतारे गए हैं। इस बढ़े हुये टैरिफ़ के बाद अब ग्राहकों पर मोबाइल टैरिफ पर होने पर वाला उनका ख़र्च औसतन 15 प्रतिशत और बढ़ गया है। ग़ौरतलब है कि देश के कुल लगभग 119 करोड़ में से 109 करोड़ सेल फ़ोन उपभोक्ता केवल रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफ़ोन का मोबाईल कनेक्शन प्रयोग करते हैं जबकि शेष दस करोड़ उपभोक्ताओं में बीएसएनएल व अन्य छोटी क्षेत्रीय स्तर की कई कम्पनीज़ हैं। लोकसभा चुनाव समाप्त होने व एन डी ए का तीसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद इन कंपनियों द्वारा लिया गया यह निर्णय निश्चित रूप से मोबाइल फ़ोन उपभोक्ताओं को यह सोचने के लिये मजबूर करता है कि क्या रेट बढ़ाने  के लिये यह कम्पनियाँ चुनाव समाप्त होने की प्रतीक्षा में थीं? और यह भी कि चुनाव पूर्व इन कंपनियों द्वारा अपने टैरिफ़ में बढ़ोतरी इसलिये नहीं की गयी ताकि सत्ता को 109 करोड़ मोबाइल फ़ोन उपभोक्ताओं के ग़ुस्से का सामना न करना पड़े? ग़ौरतलब है कि भारतीय मोबाईल बाज़ार में इस समय रिलांयस जियो के पास लगभग 48 करोड़ उपभोक्ता हैं जबकि एयरटेल के पास क़रीब 39 करोड़ तथा वोडाफोन आइडिया के पास 22 करोड़ 37 लाख मोबाईल फ़ोन उपभोक्ता हैं। तीनों ही कम्पनीज़ ने पूरे आपसी तालमेल के साथ केवल एक एक दिन के अंतराल पर क़ीमतों में इज़ाफ़ा किया। जैसे  रिलायंस जियो ने 27 जून को अपने रेट 12 प्रतिशत से 27 प्रतिशत तक बढ़ाये तो  एयरटेल ने 28 जून को 11 से 21 प्रतिशत रेट बढ़ाये इसी तरह 29 जून को वोडाफोन आइडिया ने औसतन लगभग 16 प्रतिशत रेट बढ़ा दिये। विपक्ष का सीधा आरोप है कि यह कंपनियों अपनी मनमानी करते हुये अपने हिसाब से फ़ोन दर बढ़ा रही हैं और उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डाल रही हैं। एक प्रमुख अख़बार की रिपोर्ट के अनुसार केवल मोबाईल फ़ोन टैरिफ़ चार्ज बढ़ाने से देश में मुद्रा स्फ़ीति की दर में 0.02त्न की बढ़ोत्तरी हो जाएगी। इसका ज़िम्मेदार आख़िर कौन होगा?


तनवीर जाफ़री




इसी बीच दूरसंचार मंत्रालय की ओर से एक बयान जारी कर एक तरह से टेलीकॉम कंपनियों का बचाव करते हुये यह कहा गया है कि टैरिफ़ की दर टेलीकॉम कंपनियां डिमांड एंड सप्लाई के आधार पर निर्धारित करती हैं। ये कंपनियां अपने उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए टेक्नोलॉजी और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर ख़र्च कर रही हैं और इस निवेश को फ़ाइनेंस करने के लिए ही टैरिफ़ बढ़ाने जैसे फ़ैसले लिए जाते हैं। दरअसल भारत में टैरिफ़ सम्बन्धी फ़ैसले भारतीय दूर संचार नियामक प्राधिकरण TRAI गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए कंपनियां करती हैं। सरकार स्वतंत्र बाज़ार के फ़ैसलों में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं करती है। ख़बरों के अनुसार पिछले दिनों इन टेलीकॉम कंपनियों द्वारा देश में ग्राहकों को 5 जी नेटवर्क की सुविधा देने के लिए तकनीकी क्षेत्र में भारी निवेश किया गया है। अब ग्राहकों को 5 जी सर्विस का लाभ उठाने के लिए 71 फ़ीसदी ज़्यादा शुल्क देना होगा। जबकि आंकड़ों के अनुसार यदि 5 जी सुविधा देने के बदले यही कम्पनीज़ 15 से 17 फ़ीसदी प्रति उपभोक्ता औसतन शुल्क भी बढ़ाती हैं तो भी उन्हें अपनी लागत वापस मिल जायेगी। परन्तु सवाल यह है कि पूंजीपतियों के हितों का ध्यान रखने वाली सरकारें बढ़ चढ़कर उपभोक्ता हितों की केवल बातें तो करती हैं परन्तु या तो यह पूंजीपतियों के हक़ में फ़ैसले करती हैं या उनके द्वारा उठाये गये इसतरह के मनमानी फ़ैसलों पर न केवल ख़ामोश रहती हैं बल्कि उन्हीं के पक्ष में कई तर्क भी दे डालती हैं।

उपरोक्त तीनों निजी कंपनियों द्वारा शुल्क दर बढ़ाने के बाद ख़बरें यह भी आ रही हैं कि इन कम्पनीज़ के तमाम उपभोक्ता इन्हें छोड़ अब  बी एस एन एल का कनेक्शन ले रहे हैं। निजी मोबाईल द्वारा रिचार्ज टैरिफ़ बढ़ाए जाने के बाद बी एस एन एल ने भी प्रतिस्पर्द्धा में छलांग लगाते हुये तत्काल एक सस्ता और किफ़ायती टैरिफ़ प्लान भी पेश किया है। साथ ही बीएसएनएल की ओर से यह घोषणा भी की गयी है कि कंपनी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में 10 हज़ार 4त्न टॉवर लगाये हैं। इस घोषणा के बाद संभावना है कि बीएसएनएल जल्द ही 4त्न सर्विस शुरू कर सकती है।  ग़ौरतलब है कि बीएसएनएल ने अप्रैल महीने तक देश भर में लगभग 3500 टॉवर स्थापित किए थे जोकि अब इस महीने यानी जुलाई तक 10 हज़ार तक पहुंच गए हैं।

यह वही बी एस एन एल है जो सभी मूलभूत सुविधाओं के मौजूद होने के बावजूद केवल सरकारी निष्क्रियता व अवहेलना के चलते निजी क्षेत्र की कम्पनीज़ से लगातार पिछड़ता जा रहा था और ठीक इसके विपरीत निजी कम्पनीज़ सरकारी संरक्षण में फल फूल रही थीं। यहाँ तक कि निजी कम्पनीज़ द्वारा पूरे देश में बी एस एन एल के अनेक टावर्स भी इस्तेमाल किये जा रहे थे। याद कीजिये जिस दिन जियो रिलायंस की शुरुआत हुई थी उस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र कम्पनी द्वारा देशभर के अख़बारों के मुख्य पृष्ठ पर अपने विज्ञापन में इस्तेमाल किया गया था जिसपर काफ़ी बवाल मचा था। बहरहाल अब इन निजी कम्पनीज़ द्वारा मनमानी तरीक़े से शुल्क बढ़ाये जाने के बाद जिस तरह ग्राहकों में बी एस एन एल में घर वापसी की होड़ मची है उसे देखकर बी एस एन एल के दिन फिरने की उम्मीद तो जगी ही है। साथ ही इन तीनों निजी कम्पनीज़ से ग्राहकों का मोह भाग होने के बाद  इनके भी होश ठिकाने लगेंगे तभी ग्राहकों के साथ की जाने वाली इनकी व इन जैसी दूसरे क्षेत्रों की अन्य निजी कम्पनीज़ की मनमानी पर भी नियंत्रण लग सकेगा।

# तीसरी बार मोदी सरकार का श्रेय आपका : सुरेश खन्ना



- लखनऊ उत्तर में भाजपा का मतदाता अभिनन्दन कार्यक्रम, पुष्पवर्षा कर जताया आभार

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भाजपा ने लोकसभा निर्वाचन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लखनऊ उत्तर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। सोमवार को सायं डालीगंज स्थित मानस मंदिर परिसर में आयोजित विधान सभा स्तरीय मतदाता अभिनन्दन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना सहभागी बने।

मुख्य अतिथि सुरेश खन्ना महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और क्षेत्रीय विधायक डॉ नीरज बोराने कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए वित्त मंत्री श्री खन्ना ने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार का नारा साकार करने में भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने दिन रात मेहनत की है। लखनऊ में भाजपा की जीत सही मायने में कार्यकर्ताओं की जीत है जिसका श्रेय क्षेत्रीय जनता, मतदाताओं, पार्टी कार्यकर्त्ताओं और आप सबको जाता है। उन सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाई। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने पार्टी के प्रतिबद्ध कार्यकर्त्ताओं और समर्थकों को जीत का असली नायक बताया। कहा कि लगातार तीसरी बार राजनाथ जी को सम्मानित जीत दिलाकर जिस विश्वास के साथ आप सबने लोकसभा भेजा है उसे पूरा करने के लिए वे वचनबद्ध हैं। क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज बोरा ने कहा कि लखनऊ उत्तर क्षेत्र में भाजपा को विधान सभा चुनाव से भी अधिक मत मिले। राजनाथ जी के नेतृत्व में हुए लखनऊ के ऐतिहासिक विकास और सेवा कार्यों को जनता ने अपना आशीर्वाद दिया जो अभिनन्दनीय है। कार्यकर्त्ताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व मे लखनऊ के विकास की गति को नया आयाम मिलेगा। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर महामंत्री रामऔतार कनौजिया, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि, घनश्याम अग्रवाल, डा. शेलेन्द्र शर्मा अटल, दिनेश तिवारी मानवेंद्र सिंह, विजय भुर्जी मण्डल

## पौधे ना तैयार होने के चलते केवल कंप्यूटर में होगा पौधरोपण

**कौशाम्बी।** योगी सरकार ने वृहद पौधारोपण का निर्देश दे रखा है लेकिन वन विभाग की नर्सरी में पौधे ही नहीं तैयार किए गए हैं तो योगी सरकार के निर्देश पर कैसे बृहद पौधा रोपण होगा पौध ना तैयार होने के चलते केवल कंप्यूटर में पौधा रोपण किए जाने की योजना विभागीय अफसर में बना ली है बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी जमीनी हकीकत में वृहद पौधारोपण होता दिखाई नहीं पड़ रहा है सूत्रों की माने तो वन विभाग की कोरों नर्सरी में आंकड़ों की तुलना में आधे पौधे भी मौजूद नहीं है यदि बड़े अधिकारी इसकी जांच कर ले तो वन विभाग के कारनामों का खुलासा होगा वन विभाग की नर्सरी में पौधे तैयार करने में बड़ी लापरवाही की गई है। विभागीय सूत्रों की माने तो मंझनपुर मुख्यालय के कोरों स्थित नर्सरी पौधशाला में 10 लाख पौध होने का दावा विभाग कर रहा है जबकि हकीकत की बात करें तो मंझनपुर मुख्यालय के कोरों स्थित नर्सरी पौधशाला में 6 लाख पौधे भी मौजूद नहीं है विभाग के अन्य नर्सरी पौधशाला की भी यही स्थिति है जहां पौधे तैयार नहीं किए गए हैं।

# कांवड़ यात्रा, मोहर्रम के जुलूस वाले मार्गों पर सभी व्यवस्थाएं रहें मुकम्मल

- सौहार्द-प्रेमी अपनी परंपरा को कायम रख आगामी त्यौहारों को खुशनुमा माहौल में संपन्न करायें: डीएम



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने विभिन्न समुदाय के धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों, शांति समिति के सदस्यों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि आगामी माह में हिंदू-मुस्लिम समुदाय के मोहर्रम, श्रावण का मास के दौरान कॉवड़ यात्रा आदि कई बड़े पर्व मनाये जायेंगे, आगामी माह प्रत्येक समुदाय के लिए बेहद महत्वपूर्ण है इसलिए सभी जनपदवासी एक-दूसरे के धार्मिक पर्वों का सम्मान करें, ऐसा कोई कृत्य न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत हो, कोई नई परंपरा किसी भी दशा में न डाली जाए, कोई भी गैर परंपरागत कार्य न किये जाएं, इस दौरान निर्धारित डेसीमल मे ही लाउड स्पीकर, माइक का प्रयोग किया जाए। उन्होने कहा कि त्योहारों के दौरान जिला प्रशासन पर्याप्त सुविधा, सुरक्षा मुहैया कराने हेतु कटिबद्ध है, किसी को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होने दी जायेगी। उन्होने मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों से कहा कि निर्धारित मानक के अनुसार ताजिए बनायें, निर्धारित रूट पर ही ताजियों, अलम का जुलूस निकाला जाये, किसी भी दशा में गैर परम्परागत कार्य न किये जायें, कांवड़ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं, कांवड़ियों से कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान अनुशासित रहें, शिवालयों पर जलाभिषेक के दौरान जल्दबाजी न करें बल्कि अपनी बारी आने पर ही जलाभिषेक करें। उन्होने कहा कि किसी भी आयोजन के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा न हो, आमजन की सुविधाओं का प्रत्येक आयोजन में ध्यान रखा जाये। श्री सिंह ने बैठक में उपस्थित अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी त्योहारों के दौरान सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति के चाक-चौबंद इतंजाम किए जाएं, ताजिए रखने वाले स्थानों, ताजिए जुलूस वाले मार्गो, करबला, शिवालयों को जाने वाले मार्गो, शिव मंदिरों के आसपास नियमित रूप से सफाई कराई जाए, त्योहारों के अवसर पर निराश्रित जानवर सड़कों पर दिखाई न दें, सफाई कर्मियों की रोस्टर बनाकर तैनाती की जाए, कावड़ यात्रा वाले मार्गो पर विशेष सफाई व्यवस्था रहे, कहीं भी जल-भराव की स्थिति पैदा न हो साथ ही जहां जल-भराव की स्थिति है, वहां तत्काल जल निकासी के प्रबन्ध किये जायें। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को आदेशित करते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# डीएम ने की जिला पोषण समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में सम्राट उदयन सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता ने बताया कि ऑगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों के सापेक्ष जनपद में 10260 आवेदन प्राप्त हुये हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने चयन की कार्यवाही दिशा-निर्देश प्राप्त होते ही तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पोषण ट्रैकर पर वजन एवं गृह भ्रमण की फीडिंग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि ऑगनबाड़ी कार्यकत्री अपने केन्द्र क्षेत्र के लाभार्थी के घर-घर जाकर मानक के अनुसार वजन एवं फालोअप करें, ताकि लाभार्थी की स्थिति का स्पष्ट पता चल पाये। अल्प वजन बच्चे की स्वास्थ्य जाँच कराते हुए आवश्यकतानुसार एनआरसी में भर्ती करायें। इसके साथ ही वीएचएसएनडी सत्र में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं का टीकारण शत-प्रतिशत करायें तथा उनकों ऑयरन एवं फोलिक एसिड की दवाएं अवश्य उपलब्ध कराई जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि टीकाकरण सत्र में समस्त आवश्यक सामग्री मौके पर मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि वी0एच0एस0एन0डी0 के लिए ग्राम पंचायतों में धनराशि रूपये 10 हजार उपलब्ध रहती है, उसका प्रत्येक दशा में सदुपयोग किया जाय। उन्होंने आधार सत्यापन की समीक्षा के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिये कि 31 जुलाई, 2024 तक प्रत्येक दशा में ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों का आधार सत्यापन करा लिया जाये। प्रत्येक माह आशा, ऑगनबाड़ी एवं ए0एन0एम0 के साथ बैठक अवश्य किया जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि पात्र लाभार्थी को चिन्हित कर योजना से लाभान्वित किया जाये। जिलाधिकारी ने ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए 2021-22 में नामित कार्यदायी संस्था आर0ई0डी0 को अपूर्ण ऑगनबाड़ी केन्द्र फादिलाबाद को तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

# अमैयापुर पशु चिकित्सालय हुआ बीमार, क्षेत्र में फैला थना रोग



- जानवरों का अभी तक नहीं हुआ टीकाकरण

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** गंगा एवं रामगंगा के बीच में बसा हुआ भूभाग गंगा पार का क्षेत्र कहलाता है। इस क्षेत्र में 500 से अधिक गांव है और ज्यादातर लोग कृषि एवं पशुपालन पर आधारित होकर जीवन यापन करते हैं।

अगर कृषि में नुकसान हो और पशु भी बीमार होने लगे तो इस क्षेत्र के निवासियों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी को थाम कर चलना कठिन हो जाता है। इसीलिए इस क्षेत्र में पशु चिकित्सालय बनवाए गए जिससे पशुओं का समुचित इलाज हो सके और पशुपालकों को नुकसान से बचाया जा सके। अमृतपुर थाना क्षेत्र में ग्राम अमैयापुर के अंतर्गत आने वाला पशु चिकित्सालय इस समय खुद बीमार हो चुका है। जहां बरसों से तैनात डॉक्टर दोहरे कभी आए तो कभी नहीं आए और कभी आकर भी वापस चले गए मरीज नहीं देखे। यह लोगों की शिकायत बनी रही। इस चिकित्सालय से लाभ उठाने वाले पशुपालक जिसमें पुष्पेंद्र शिवदत्त रामनिवास नेम सिंह मदनपाल रमेश जागेश्वर अनुज पातीराम आदि लोगों ने बताया कि जब वह अपने बीमार पशुओं को लेकर अस्पताल तक जाते हैं तो अस्पताल में ताला लटका हुआ मिलता है। बीमार पशुओं का समुचित इलाज नहीं हो पाता और उन्हें घुमंतू पशु चिकित्सकों को दिखाना पड़ता है। जिससे बीमार पशु समय से पहले ही मौत के मुंह में समा जाते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें हजारों से लेकर लाखों रुपए का नुकसान हो जाता है। अस्पताल न खुलने और डॉक्टर की गैर मौजूदगी में पशुओं का टीकाकरण नहीं हो पाता। पशुपालकों ने बताया कि इस समय क्षेत्र में थना रोग फैला हुआ है। जिससे पशु बीमार हो रहे हैं और दूध देने की मात्रा भी काम हो रही है। उत्तर प्रदेश सरकार से मोटी सैलरी पाने वाले पशु चिकित्सक अपनी जिम्मेदारियो से भटक चुके हैं। अस्पतालों तक नहीं पहुंचते और ना ही अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। इसी चिकित्सालय में तैनात डॉक्टर दोहरे से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह सीओ कालूराम दोहरे के दामाद है और इस बात का ध्यान मीडिया को रखना चाहिए। इसी के साथ उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पहले उनका तबादला हो चुका है। अब वह अपनी सेवाएं जिला कन्नौज के अंतर्गत देंगे। लेकिन इससे पहले पशुपालकों की शिकायत बनी रही की डॉक्टर दोहरे कभी भी चिकित्सालय में समय से ना आए और ना ही बैठे जिससे उन्हें चिकित्सालय की तरफ से कोई लाभ नहीं हो पाया। उनके बीमार पशु बीमार ही बने रहे या फिर अन्य चिकित्सकों को दिखाना पड़ा। जिला प्रशासन को चाहिए कि वह इस क्षेत्र में कदम उठाए और पशुपालकों की समस्याओं पर ध्यान दें। जिन अस्पतालों में डॉक्टरों की तैनाती है उन्हें वहां तक भेजा जाए और जो डॉक्टर अपनी जिम्मेदारी से भटक रहे हैं उन पर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अगर ऐसा होता है तो पशुपालकों में एक जिज्ञासा उत्पन्न होगी और बीमार होकर मर रहे उनके पशुओं का आंकड़ा कम होगा। पशु स्वस्थ होंगे तो पशुपालको को असमय नुकसान से बचाया जा सकेगा।

## शिवभार गुर्जर लखनवी साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था की काव्य गोष्ठी संपन्न



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** शिवभार गुर्जर लखनवी साहित्यक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था द्वारा प्रभात नगर तेलीबाग लखनऊ में मासिक सरस काव्य गोष्ठी संपन्न हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता डॉक्टर अजय प्रसून ने की । मुख्य अतिथि सुश्री अनीता अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि प्रवीण कुमार पांडेय एवं डॉक्टर इरशाद राही जी थे। गोष्ठी का कुशल संचालन रामशंकर वर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर अजय प्रसून, डॉक्टर कर्नल गुर्जर लखनवी, डॉक्टर इरशाद राही, अनीता अरोड़ा, प्रवीण कुमार पांडेय आवारा, रामशंकर वर्मा, कुंवर आनंद श्रीवास्तव, नीतू आनंद श्रीवास्तव, राम राज भारती, विमल बैरागी आदि ने अपनी अपनी कविताओं श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर कर्नल गुर्जर लखनवी ने किया।

## सीडीपीओ को वार्निंग देकर छोड़ा

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आकांक्षात्मक विकास खंडों के लिये निर्धारित इंडिकेटर्स की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. बी. के. सिंह की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह डाय प्रस्तुत करें कि कितने आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं? कितने बनने अवशेष हैं। कितने आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। स्कूल जो ग्राम सिया, ब्लॉक राजेपुर में है, शिकायत है बबों के लिए मार्ग नहीं है। उक कि विद्यालय जाने हेतु बढ़ों के शिकायत का निस्तारण करने जिलाधिकारी के लिए रि ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्दे अधिकारी ने सभी बच्चों व दूध उपलब्ध कराने निर्देश दिए। जिवा को मेन्पू के अनुसार भोजन के निर्देश दिए।

# पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार को दी भावभीनी विदाई

### वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल के रूप में कृष्ण कुमार ने डाक सेवाओं को दिए नए आयाम



**लखनऊ।** प्रशासन के साथ-साथ सामाजिक व साहित्यिक सरोकरों से जुड़े अधिकारी विरले ही मिलते हैं। ऐसे अधिकारी न सिर्फ विभाग को नई पहचान देते हैं बल्कि अपनी सक्रियता से समाज में भी विशिष्ट मुकाम हासिल करते हैं। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव के स्थानांतरण पश्चात अहमदाबाद के लिये भारमुक्त होने के बाद विदाई समारोह में वक्ताओं ने व्यक्त किये। डाक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्री कृष्ण कुमार यादव को भावभीनी विदाई दी और उनके नये दायित्वों के बारे में शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर ऑल इण्डिया पोस्टल ऑफिसर्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी एवं वाराणसी पूर्वी मंडल के प्रवर डाक अधीक्षक श्री राजीव कुमार ने कहा कि अपने तीन वर्ष नौ माह के शानदार कार्यकाल में पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव जी ने डाक सेवाओं को न सिर्फ लोगों से जोड़ा बल्कि उसे व्यापक आयाम भी प्रदान किये। विभागीय कार्यों में तत्परता के साथ -साथ सामाजिक और साहित्यिक सरोकारों से अटूट लगाव, उन्हें एक संवेदनशील और लोकप्रिय अधिकारी के रूप में प्रतिष्ठित करता है। सहायक निदेशक श्री आरके चौहान और बृजेश शर्मा ने कहा कि इस दौरान न सिर्फ विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति के मामले में वाराणसी परिक्षेत्र ने नए आयाम स्थापित किये, बल्कि डाक सेवाओं के बारे में जनजागरूकता और भागीदारी भी बढ़ी। डाक अधीक्षक श्री विनय कुमार और परमानन्द कुमार ने उनके बहुमुखी व्यक्तित्व और कृतित्व से सीखने की बात कही। डाक अधीक्षक श्री हेमंत कुमार और पीके पाठक ने कहा कि पोस्टमास्टर जनरल के रूप में श्री कृष्ण कुमार यादव जी ने सभी को सकारात्मक रूप में कार्य करने को प्रोत्साहित किया। लेखाधिकारी श्री प्लाबन नस्कर ने कहा कि आप स्टाफ और आमजन दोनों के प्रति संवदेनशील हैं। इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने वाराणसी में अपने तीन वर्ष नौ माह के कार्यकाल के अनुभवों को शेयर करते हुए कहा कि वाराणसी परिक्षेत्र में डाक सेवाओं का व्यापक विस्तार करते हुए सभी विभागीय योजनाओं को तत्परता के साथ लागू किया गया। इसमें सभी कर्मियों ने भरपूर सहयोग दिया। श्री यादव ने कहा कि काशी में सिर्फ नौकरी नहीं सेवा होती है। उन्होंने वाराणसी के लोगों की आत्मीयता की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहाँ के लोगों ने जो सहयोग एवं स्नेह दिया, वह सदैव याद रहेगा।

## विधायक ने किया शुभारंभ

**फर्रुखाबाद।** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा संचालित सम्पूर्णता अभियान का आकांक्षात्मक विकास खंड राजेपुर में शुभारंभ विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, अध्यक्ष जिला पंचायत मोनिका यादव, जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह व जिलाध्यक्ष भाजपा रूपेश गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया, शासन द्वारा जिलेवार आकांक्षी विकासखंडों का चयन कर प्राथिमकता के आधार पर उनके पिछड़ेपन को दूर करने के लिये उक्त कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जनपद से इस कार्यक्रम में राजेपुर व नबाबगंज ब्लॉक का चयन किया गया है जिसके अंतर्गत चिकित्सा एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जलसंसाधन, वित्तीय समावेशन तथा आधारभूत अवसंरचना पर विशेष जोर सरकार द्वारा दिया जा रहा है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारों लगाया गये स्टालों का निरीक्षण किया गया व आये हुये जनसमूह को संबोधित किया गया।

# नहीं थम रहा बियर फैक्ट्रियों के कचड़े का कारोबार

- जहरीले कचरे से बनी शराब पीकर गरीब कमजोर लोग बीमार हो रहे हैं
- पशु आहार के रूप में प्रयोग करके दुधारू पशुओं को बांझ बना रहा है जहरीला कचरा

अवधनामा संवाददाता

**कौशांबी।** अवैध कारोबार का गढ़ बने कड़ा थाना क्षेत्र में आम जनता गरीब मजदूर के साथ-साथ जानवरों की सेहत से खिलवाड़ नही बन्द हो रहा है अब समझ में आया कि जिम्मेदारों की क्यों स्नेहिल मुलाकात होती है गिरधरपुर सातों में शराब फैक्ट्री से निकला जहरीला कचरा की सप्लाई बेखौफ हो रही है संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्रीय पुलिस अनजान बन रही है शराब फैक्ट्री से निकला जहरीला कचरा अवैध शराब बनाने में प्रयोग हो रहा है और यह शराब गरीब कमजोर तबके के लोग पीकर बीमार हो रहे हैं जहरीला कचरा कच्ची शराब बनाने के लिए अवैध भट्ठी संचालकों द्वारा खुलेआम प्रयोग किया जा रहा है इन शराब भट्ठी संचालकों पर भी आबकारी से लेकर थाना पुलिस कार्रवाई करती नहीं दिख रही है पशु आहार के रूप में प्रयोग करके दुधारू पशुओं को जहरीला कचरा बांझ बना रहा है। गौरतलब है कि जहरीला कचरा सप्लाई करने वाले लोग कड़ा धाम थाना क्षेत्र मे मोहम्मद निजाम गिरधरपुर गाढी कलाम सातों निवासी है जोकि प्रतिदिन ट्रकों से अवैध कचरा उतार कर खुलेआम बेच रहे है बीयर फैक्ट्रियों से निकले कचड़े को कड़ा थाना क्षेत्र में माफिया खपा कर मोटी रकम कमा रहे है। महज कुछ समय पहले कचरा खपाने की वीडियो वायरल हुई थी प्रशासन सब जानते हुए भी अंजान बना है प्रतिबंधित कचड़े को मवेशी खाकर बांझ हो रहे है और इसकी शराब पीकर गरीब कमजोर लोग बीमार हो रहे हैं प्रतिबंधित कचड़ा कड़ा थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गाड़ी में तड़के से ही प्रतिबंधित शराब फैक्ट्री के निष्कासन जहरीले पदार्थ को 10 चक्के वाहन से उतारा जा रहा है धीरे-धीरे जहरीले कचरे के व्यापार में बड़ा रूप ले लिया है स्थानीय पुलिस के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी जहरीले कचरे के बिक्री की जानकारी से बखूबी परिचित है लेकिन कचरा बिक्री करने वाले लोगों से गहरे संपर्क के चलते कचरे की बिक्री रोकने का प्रयास पुलिस से लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा नहीं किया जा रहा है जिससे व्यवस्था पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं।

# सेवानिवृत्त एडीओ पंचायत मोतीचक को दी गई भावभीनी विदाई



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक सभागार में सेवानिवृत्त सहायक विकास अधिकारी अनवारूल सिद्दीकी को कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि संदीप सिंह व प्रधान संघ के उपाध्यक्ष व प्रधान अकमल हुसैन द्वारा अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेट किए।

मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि संदीप सिंह ने एडीओ पंचायत अनवारूल सिद्दीकी के कार्यकाल की सराहना कर बेहतर भविष्य की कामना किए। उन्होंने कहा कि एडीओ साहब समय के पाबंद रहे। इनसे अन्य कर्मचारियों को सीख लेनी चाहिए। बीडीओ फूलचंद सरोज ने कहा कि सेवानिवृति एक स्वभाविक प्रक्रिया है, जो सरकारी सेवा में हैं, उन्हें एक न एक दिन सेवानिवृत होना ही है। उनके द्वारा अपने सेवा काल में किए गए कार्य ही उनकी पहचान है तथा उनके द्वारा किए गए कार्य से ही उनकी पहचान लंबे समय तक लोगों के जेहन में रहती है।

प्रधान संघ के उपाध्यक्ष व ग्राम प्रधान लक्ष्मीपुर अकमल हुसैन ने सराहना करते हुए कहा कि एडीओ पंचायत के चेहरे पर कभी कार्य का तनाव नही देखा गया वे हमेशा मुस्कुराते हुए अपनी ड्यूटी पूरी कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक किए। मैं इनके सुखद जीवन के लिए ईश्वर से विनती करता हूं। इस मौके पर एपीओ आलोक यादव, एडीओ एजी प्रमोद कुमार सिंह, लिपिक हरिओम शुक्ला, सचिव समरजीत सिंह, प्रभात सिंह, रिजवाना रूही, अमित यादव शिवेंद्र गुप्ता, बृजेश गौंड, सूर्यप्रताप सिंह, कन्हैया गुप्ता, मेराज, बंटी, तेजा, दिवाकर, उदय, संजय आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# बस रोकर रंगदारी मांगने के मामले छह नामजद व दस अज्ञात पर मुकदमा



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के बैकुंठी पुल पर एक दर्जन दबंगों द्वारा एक सवारी से भरी बस को असलहा दिखाकर चालक व खलासी से रंगदारी मांगा गया। पैसा नही देने पर दबंगों ने बेरहमी से

मारपीट कर घायल कर दिया। राहगीरों ने मौके पर जुटकर बीच बचाव किया। घायल चालक व खलासी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस मालिक के तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद व दस अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर हमलावरों की गिरफ्तारी में जुट गई है। थाना क्षेत्र के घुघुलीङ्गनौरंगिया मार्ग पर स्थित बैकुंठी पुल पर रविवार देर शाम गोरखपुर से सवारी लेकर लौट रही एक बस को दर्जनों दबंगों ने असलहा व लाठी डंडा लेकर घेर लिया और चालक श्रवण कुमार व खलासी दीपक राजभर से रंगदारी मांगने लगे, जब उन्होंने ने विरोध किया तो असलहा लहराते हुए लाठी डंडा से मारपीट कर अधमरा कर दिया,जिसमे दोनो बेहोश होकर बस के अंदर गिर गए।

राहगीरों ने बीच बचाव किया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस फोर्स पहुंच गई जिसे देखकर हमलावर फरार हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी नेबुआ नौरंगिया मे भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां इलाज चल रहा है।

सिरसिया विरभान निवासी बस मालिक नितेश पांडेय के तहरीर पर हमलावर दीनदयाल, उदय, अभय, प्रिंस, गौरव, राज व 10 अज्ञात के खिलाफ रंगदारी, एसटी एक्ट, मारपीट, धमकी, बलवा सहित 10 गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए रंगदारी मांगने वालो की गिरफ्तारी में जुट गई है।

## सर्पदंश से अधेड़ की मौत

**कसया, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कसया के गांव कुड़वा उर्फ दिलीपनगर के हीरामन टोला में रविवार को सर्पदंश से एक अधेड़ व्यक्ति की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। गांव के चंद्रिका पासवान के घर मे रविवार को एक विषैला सर्प कही से आया। आसपास के लोगों की मदद से सर्प को मारकर चंद्रिका उसे दफन करने के लिए कुदाल लेकर पास स्थित झाड़ी में गए थे। इसी बीच झाड़ी में एक दूसरे विषैले सर्प ने 55 वर्षीय चंद्रिका को काट लिया। वे भागकर घर आए और परिजनों को बताए। इलाज के लिए उन्हें सीएचसी कसया से रेफर के बाद जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

## भारी वाहनों का किया गया डायवर्जन

**लखनऊ।** लखनऊ-उन्नाव सीमा पर सई नदी पर पूर्व निर्मित सेतु के क्षतिग्रस्त होने के कारण भारी वाहनों का डायवर्जन कर दिया गया है। अधिशासी अभियन्ता (निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0 लखनऊ) श्री अनूप मिश्रा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मन्धना गंगा बैराज - शुक्लागंज पुरवा मौराँवा मोहनलालगंज मार्ग (राज्य मार्ग सं0-173) पर लखनऊ-उन्नाव सीमा पर सई नदी पर स्थित सेतु काफी पुराना होने के कारण जीर्ण-शीर्ण अवस्था में आ गया है। यह सेतु दो एवेटमेन्ट एवं चार पियर्स के साथ 5x8.50 मी0 स्पान में निर्मित है, जिसमें दो पियर्स में दरारें आ गयी है। इस सेतु से भारी वाहनों का आवागमन हो रहा है यह सेतु भारी वाहनों के आवागमन हेतु सुरक्षित नहीं है। जिससे किसी भी समय अप्रिय घटना घटित होने की सम्भावना है। अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2 ने बताया कि सेतु की जर्जर दशा के दृष्टिगत मार्ग पर चलने वाले भारी वाहनों को पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित कर दिया गया है, जिससे किसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

# ताईक्कांडो ने रायबरेली मे जीतकर गाढ़े सम्भल के नाम के झण्डे

■ फ़्लाइंग जोन इंटरनेशनल एकेडमी के कोच मौहम्मद ताजवर ने बढ़ाया बच्चों का हौंसला



अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** उप्र के रायबरेली मे आयोजित हुई ताईक्कांडो प्रतियोगिता मे यूं तो विभिन्न जनपदो के बच्चो ने प्रतिभाग किया लेकिन सम्भल के बच्चों ने अपनी जीत दर्ज कराकर सम्भल का नाम रौशन किया है। फ़्लाइंग जोन इंटरनेशनल एकेडमी के हेड कोच मौहम्मद ताजवर एवं बिलूमिंग ब्डस कोयड स्कूल के कोच ने जानकारी देते हुए बताया की उत्तर प्रदेश के जनपद रायबरेली मे इंटर डिस्ट्रिक ताईक्कांडो चेपियनशिप 2024 मे सब जूनियर, केडेट, जूनियर एन्ड सीनियर का यह कॉम्पिटिशन हुआ। ताइक्काडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन रायबरेली एंड एके ताइक्कांडो क्लब द्वारा कॉम्पटिशन मे विभिन्न जनपदो से ताईक्कांडो ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इसी क्रम मे सम्भल से फ़्लाइंग जोन इंटरनेशनल एकेडमी के बच्चे भी प्रतियोगिता मे पहुंचे ओर अपनी पूरी तैयारी के साथ लड़कर प्रतियोगिता मे जीत दर्ज कराते हुए मेडल हासिल किए। सम्भल से भाग लेने वालों मे मुशब शिराज, मोहम्मद शुमामा, ज़ियान तुर्क, अफ्फान खान, मुआवीज़ शरीफ, शाकिब वारसी, शाहिम, अहमद, अवान, माज़ उमर, मोहम्मद फैसल, अतिया आमिल, असमा आमिल, कशिश क़ासिम, रफत ईलाही सहित 15 बच्चे शामिल थे। सभी ने कोच शाहाम कमर, मोहम्मद फरदीन खान के मेंजमेंट मे बहुत मेहनत की ओर जीतदर्ज कराकर अपने शहर सम्भल ओर परिवार का नाम रौशन किया। बिलूमिंग ब्डस कोयड स्कूल सम्भल तीन बच्चों ने गोल्ड मेडल एवं सिल्वर मेडल हासिल करके स्कूल ओर सम्भल का नाम रौशन किया। कोच मोहम्मद ताजवर ने कहा कि उन्हे गर्व है सम्भल के बच्चे लगातार दूसरे स्टेट मे जाकर जिस तरह से जीतकर मेडल हासिल कर ला रहे हैं यह आगे बढ़कर ओर भी बड़े कॉम्पटीशन का हिस्सा बनेंगे ओर भविषय को उज्जवल बनायेंगे। रायबरेली जैसे जनपद मे जीतकर सम्भल के नाम के झण्डे गाढ़ना यह बेहद खुशी ओर गर्व की बात है।

# सर्वजन सुखाय पार्टी पूरी ताकत से आगे बढ़ेगी: यादव

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि सर्व साधारण के समक्ष मैं सर्वजन सुखाय पार्टी की स्थिति साफ करना चाहता हूँ पार्टी ने इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद व मैनपुरी से अपने लोकसमा प्रत्याशी चयनित कर लिए थे। समाजवादी पार्टी को हमारी पार्टी से बहुत खतरा लगा, समाजवादी पार्टी ने तमाम लालच देकर हमारे प्रत्याशियों को अपने पाले में कर लिया, फिरोजाबाद प्रत्याशी का पर्चा खारिज कराया गया, मेरा कोई भी प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए नहीं रखा, इन परिस्थितियों को देखकर मैंने बहिन मायावती जी से सहयोग का आग्रह किया तब मैंने स्वयं दोनों पार्टियों के गठबन्धन से हाथी चुनाव चिन्ह पर सपा को सबक सिखाने के लिए चुनाव लड़ा, सपा ने झूठी अफवाह फैलाई कि सर्वजन सुखाय पार्टी का बसपा में विलय हो गया। समाजवादी पार्टी के लोग समाज में बैठकर हमारे लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं वे हमें अपने रास्ते का काँटा बताते हैं तथा खुलेआम लोगों से कहते हैं कि इस काँटे को रास्ते से हटाना हैं। इसी षडयंत्र के चलते मेरी सुरक्षा में लगा सरकारी गनर बिना कोई कारण बताये हटवाया गया। मैंने पिछले 25 वर्षो से कभी ऐसा नहीं कहा कि मुझे किसी से खतरा है लेकिन आज यह व्यक्तिगत जानकारी के आधार पर कह रहा हूँ। समाजवादी पार्टी के लोगों की इन धमकियों से मैं डरने वाला नहीं हूँ सर्वजन सुखाय पार्टी पूरी ताकत से आगे बढेगी तथा पिछडे, दलित, अल्पसंख्यक व सर्वसमाज के हक वन्चित लोगों के लिए संघर्ष करती रहेगी।

# सम्भल के प्रभारी मंत्री ने किया वृक्षारोपण

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** सोमवार को सम्भल जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल जी (पशुपालन एवम दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार) का आगमन हुआ जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने फूलों का बुका देकर स्वागत किया पी डब्लू डी गेस्ट हाउस, सम्भल में पार्टी कार्यकर्ताओं एवम पदाधिकारियों से



मुलाकात कर परिचय किया कार्यकर्ताओं से क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की एवं उनके शीघ्र निदान के लिए माननीय मंत्री जी द्वारा कहा गया मंत्री जी द्वारा गेस्ट हाउस पर ही पेड़ लगाकर विराक्षरोपण किया गया इस अवसर पर छेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, राजेश शंकर राजु, सुधीर मल्होत्रा, कमल कुमार कमल, अर्जुन बाल्मिकी, कुलदीप चाहल, हिरदेश यादव, विपिन गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, मुकुल कुमार रस्तोगी, संजय संखधार, शोभित गुप्ता,सोनू चाहल, गणेश शर्मा, रिफिल चौधरी, अंकुर जितेंद्र सेनी आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मथुरा।** कोसीकलां थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मुनि जी रेस्तरां के मालिक एवं भाजपा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी नरेश चौधरी व उनके तहेरे भाई मोहन और रेस्तरां में काम करने वाले अलीगढ़ के युवक संतोष की संदिग्ध परिस्थिति में तबीयत बिगड़ गई। रविवार सुबह भाजपा नेता नरेश चौधरी की मौत हो गई। वहीं, मोहन को गंभीर हालत के चलते फरीदाबाद रेफर किया गया है। संतोष स्थानीय अस्पताल में भर्ती है। पुलिस फूड प्वॉइजनिंग का शक जता रही है। वहीं, परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं।

कोटवन निवासी भाजपा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी नरेश चौधरी (42) पुत्र लालाराम का मुनिजी के नाम से रेस्तरां हाईवे पर है। उनके यहां अलीगढ़ के गोंडा थाना क्षेत्र के संतोष काम करते हैं। वहीं, नरेश के साथ उनके तहेरे भाई मोहन भी रहते हैं। हर रोज की तरह शनिवार रात को घर से आए खाने को नरेश चौधरी ने खाया। तहेरे भाई मोहन पहले ही घर से खाना खाकर आया था। संतोष निवासी पीगरी, थाना गोंड़ा, अलीगढ़ ने रेस्टोरेंट में बना खाना खाया। रात तीन बजे करीब इनकी तबीयत बिगड़ गई। मौजूद चौकीदार ने इसकी जानकारी अन्य कर्मचारी, परिजनों को दी। ग्रामीण भी आ गए। उन्होंने तीनों को नर्सिंग होम में भर्ती कराया। वहां नरेश ने दम तोड़ दिया। मोहन को गंभीर हालत के चलते फरीदाबाद के निजी अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने संतोष से पूछताछ की। मगर, उसकी तबीयत बयान देने लायक न होने के चलते उसने अधिक वार्ता इस प्रकरण के संबंध में नहीं हो सकी। सीओ छाता आशीष शर्मा ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी जांचे हैं, उनमें नरेश द्वारा घर का खाना खाने की बात सामने आई है। वहीं, संतोष ने रेस्तरां का खाना खाया। मोहन घर से खाना खाकर आया था। संभावना है कि इन तीनों ने दिन में कोई खाद्य पदार्थ का एक साथ सेवन किया है। उससे फूड प्वॉइजनिंग हुई हो। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नरेश की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। विसरा संरक्षित किया गया है।

## मोहर्रम का चांद दिखने पर परचमें हुसैन को फहराने का दौर हुआ शुरू



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** ऑल इण्डिया उलमा व मशाइख बोर्ड यूनिट की टीम ने रविवार शाम को मोहर्रम का चांद दिखने के बाद कसाब खाना स्थित मस्जिद पचराहे के पास सलातो सलाम के बाद परचम कुशाई की गई जिसमें ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड के ज़िलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद, सलाहकार हाफिज मोहम्मद उमर रजा बरकाती, पचराहे मस्जिद के इमाम साहब हाफिज आरिफ रज़ा, हाफिज कैफ साहब, रजाकार हाफिज मुईन वाइस ख्वाजा के पेश इमाम, मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम, रजाकार असलम अशरफी, तहसीन वारसी, जिला उपाध्यक्ष अजहर फरीदी, रजाकार महफूज भाई, बसीम भाई, मोहम्मद अनस, मेंहदी हसन , अकील अहमद, शेख जुबैर, शरीफ कोचिंग आदि ऑल इण्डिया उलेमा मशाइख बोर्ड इटावा यूनिट कमेटी के पदाधिकारी शामिल होकर इस्लामी नई साल की मुबारकबाद दी।

## पिटाई से बचने के लिए रच दी अपहरण की कहानी

**मथुरा।** सोमवार सुबह महानगर में एक बालक ने अपनी मां की मार से बचने के लिए ऐसी कहानी रची जिसे सुनकर सब लोग दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए। हम बात कर रहे हैं थाना हाईवे के अंतर्गत आने वाले गांव बाकलपुर निवासी एक महिला कृष्णानगर क्षेत्र में बुटीक चलती है। आज सुबह उसने अपने 11 वर्षीय पुत्र को ? 20 यह कह कर दिए कि वह नजदीकी दुकान से जाकर धागे की रील ले आए। बच्चे ने रील न खरीदकर खेलने के लिए 20 रूपये की गेंद ले ली। गेंद लेने के बादउसने सोचा कि अब उसकी मां पिटाई लगाएगी इससे बचने के लिए उसने अपने अपहरण की योजना बना डाली। दो चार पांच घंटे बाद शाम को घर पर फोन कर बताया कि मुझे कुछ लोग ले गए थे जो कि टैंक चौराहा पर छोड़ गए है ।इस बीच उसकी मां ने कृष्णा नगर पुलिस चौकी में गुम होने की सूचना दे दी थी। पुलिस उसे सी सी टीवी की मदद से खोजने लगी। जैसे ही उस बालक का फोन आया तो उसकी मां ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। बच्चे को हर जगह तलाश कर रहे कृष्णा नगर पुलिस चौकी इंचार्ज विक्रांत तोमर फोन करने वाले स्थान पर पहुंच गए। बच्चा उन्हें महानगर के टैंक चौराहे के पास मिल गया। बच्चे ने बताया कि उसे बदमाश गाड़ी में डालकर ले गए थे। बाद में बच्चे ने बताया कि उसने यह सब कहानी अपनी मां से पिटने से बचने के लिए बनाई थी ।

## एडु रैंकिंग में दुवाशु को देश में पशु विज्ञान श्रेणी में मिला सर्वोच्च स्थान

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गौ-अनुसंधान संस्थान मथुरा को विश्व की मानी जानी स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाली संस्था, एडु रैंक द्वारा पशु विज्ञान श्रेणी में देश में प्रथम स्थान दिया गया है। स्वतंत्र रूप से विश्व के 183 देशों की 14,131 विश्वविद्यालयों को उनके शोध करने के कार्य शैली, शोध पत्रों के प्रकाशन तथा संस्थान के पुरातन छात्रों के पुनर्मिलन प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए विश्व के उच्च शिक्षण संस्थाओं की रैंकिंग घोषित करता है। पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय ने एडु रैंकिंग में पशु विज्ञान श्रेणी में देश में प्रथम स्थान एशिया में 16वां स्थान तथा विश्व में 143वां स्थान प्राप्त किया है ।

# संक्षिप्त समाचार

## नगर पंचायत सिरसी अध्यक्ष कौसर अब्बास ने सफाई कर्मचारियों को वितरित किए रेनकोट



**सम्भल/सिरसी।** नगर पंचायत सिरसी में लगातार तेज बारिश पड़ रही है। यह तेज बारिश सफाई व्यवस्था के कार्यों में बाधा ना बने उसको देखते हुए कौसर अब्बास चेयरमैन नगर पंचायत सिरसी ने समस्त सफाई कर्मचारियों को रेनकोट वितरण किए कौसर अब्बास चेयरमैन नगर पंचायत सिरसी सफाई के कार्यो को प्रथम श्रेणी में रखते हैं। रेनकोट वितरण करने से पहले चेयरमैन कौसर अब्बास ने सफाई कर्मचारियों की बैठक की जिसमें सफाई कर्मचारियों को मुस्तैदी के साथ सफाई कार्यों में लगने को कहा एवं सफ़ाई व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतू सख्त निर्देश दिए।

## शांति समिति की बैठक में हजरत नगर गढ़ी पुलिस ने परंपरागत तरीकेसे ताजिये निकालने पर दिया बल



**सम्भल/सिरसी।** 10 मोहर्रम को थाना हज़रत नगर गढ़ी में पीस मीटिंग से सिरसी सादात आने वाले अलमों के जुलूस को हर साल की तरह से सिरसी लाने की प्रशासन की सहमति से पूरी कोशिश जारी है। पुलिस क्षेत्रीय अधिकारी संभल और प्रशासनिक आला अधिकारियों ने आज थाना हज़रत नगर गढ़ी में पब्लिक मीटिंग की जिसमे सुहैल इकबाल ज़िला अध्यक्ष असगर अली अंसारी और डॉक्टर मोहम्मद हुसैन जाफरी और सभी जिम्मेदार हजरात मौजूद रहे। पुलिस क्षेत्रीय अधिकारी संभल ने आश्वासन दिया है की रेलवे अधिकारियों से बात कर जुलूस परंपरागत तरीके से सिरसी तक जाने की कोशिश जारी है।किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें कोई गलत बयान ना दें।

## इमाम हुसैन व शहीदाने कर्बला की याद में लगी शर्बत की सबील



**इटावा।** रसूल अल्लाह सल्ल.के नवासे शहीदे आज़म इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में पक्का तालाब स्थित फाइव स्टार इंजीनियरिंग वर्क्स पर तनवीरुल हसन रिज़्वी, शाद अली रिज़्वी की ओर से राहगीरों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से शर्बत की सबील लगाई गई। इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में एक मोहर्रम से दस मोहर्रम तक लगाई गई उक्त शर्बत की सबील का शुभारंभ मौलाना अनवारूल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा, अल्हाज कमर अब्बास नक़वी करबलाई, राहत अक़ील शक्कन द्वारा राहगीरों को शर्बत पिलाकर किया गया। शर्बत की सबील की व्यवस्था 10 मोहर्रम अथवा 17 जुलाई तक रहेगी। सबील में हिना तनवी, शारिक सगीर शानू, शम्स हसन रिज़्वी, शरा हसन का सराहनीय योगदान रहा।

# खिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मंडल ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**सम्भल/चंदौसी।** नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि चंदौसी के 36 बी रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माण किए जाने हेतु फ्लाईओवर के कारण चंदौसी के मुख्य एवं राजकीय राजमार्ग आवागमन के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया जा चुका है। मिनी चंदौसी के रूप में विकसित चंदौसी का उत्तरी भाग अधिकांशत॰ 36 बी फाटक से होकर ही गुजर रहा था। यद्यपि फ्लाईओवर निर्माण योजना भी चंदौसी के लिए वरदान स्वरुप एवं महत्वाकांक्षी है किंतु आजकल यातायात का संपूर्ण भाग शेष दो बचे रेलवे क्रॉसिंगों में से 35 बी पर आ गया है, नतीजतन ट्रेन क्रॉस हो जाने के बाद भी लोग घंटो जाम में फंसे रहते हैं। संभवत॰ फ्लाईओवर के निर्माण में एक या डेढ़ वर्ष का लंबा समय लग सकता है। इस दीर्घकालिक मार्ग अवरोध से निजात पाने के लिए अच्छा हो कि समय रहते एक दो वैकल्पिक मार्गों को दुरस्त करा कर आवागमन हेतु दिया जाए। 36 बी रेलवे क्रॉसिंग के पास छोटा रेलवे फाटक है; इसे कुष्ठ आश्रम की ओर ले जाकर मंडी के दूसरी तरफ चंदौसी-गुमथल मार्ग में जोड़ा जा सकता है। वहीं 35 बी फाटक के पास रेलवे की खाली भूमि से माल गोदाम रोड तक वैकल्पिक मार्ग दुरुस्त किया जा सकता है। इसके अलावा अन्य विकल्प भी हो सकते हैं। उपजिलाधिकारी से जनता की इस दुर्गम समस्या को गंभीरता से विचार कर निराकरण कराया जाए ताकि सबके समय एवं धन का अपव्यय रोका जा सके। प्रदेश मंत्री शाहआलम मंसूरी ने कहा मुख्य मार्गों पर गहरे गड्ढे हो गए है जिसकी बजह से आये दिन कोई न कोई हादसा होता रहा है अतः समय रहते उन गड्ढों को भरा जाये। सभासद अमन कोहली ने कहा रेलवे ट्रेनिंग कॉलेज के मुख गेट पर पानी का का भराव हो गया है जिसकी बजह से स्कूल जाने बाले छोटे बच्चों और आम नागरिकों के साथ कोई बड़ा हादसा हो सकता है अतः पानी का निकास कराया जाये।

# मदन हॉस्पिटल ने बलराम सिंह चौराहा पर आरंभ किया मदन मेडिकेयर

■ ओपीडी सुबह 8 बजे से रात 11 बजे तक उपलब्ध



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** शहर में बलराम सिंह चौराहा पर रविवार से मदन मेडिकेयर आरंभ हो गया। यह मेडिकेयर सेंटर÷मदन हॉस्पिटल, काँधनी, इटावा के लिए मरीजों की भर्ती की ओपीडी और मरीजों के प्राथमिक इलाज की सेवाएं प्रदान करेगा। सर मदनलाल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन द्वारा स्थापित मदन हॉस्पिटल जो कि अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस इटावा का हॉस्पिटल है। वह हॉस्पिटल शहर से कुछ ही दूरी पर है, फिर भी हॉस्पिटल संचालकों ने मरीजों की सुविधा के लिए ÷मदन मेडिकेयर÷खोला है। बलराम सिंह चौराहा के पास खोले गए इस मेडिकेयर का रविवार को विधिवत सुंदर कांड के संगीतमय पाठ और हवन पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। ÷मदन मेडिकेयर÷के बारे में जानकारी देते सर मदनलाल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव तथा मदन हॉस्पिटल के चेयरमैन व ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ.विकास यादव ने संयुक्त रूप से बताया है कि इस मेडिकेयर पर हड्डी रोग, जनरल मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग, प्लास्टिक सर्जरी एवं त्वचा रोग, जनरल सर्जरी, यूरोलॉजी एवं कैंसर रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहकर ओपीडी करेंगे। यदि मरीज के लिए जरूरत होगी, तो उन्हें मदन हॉस्पिटल की हर वक्त उपलब्ध रहने वाली एम्बुलेंस से ÷मदन हॉस्पिटल÷ ले जाकर भर्ती कराया जाएगा तथा इलाज होगा। उन्होंने बताया कि इस मेडिकेयर में एक्स-रे, ईसीजी और पैथोलॉजी जांच की सुविधायें भी उपलब्ध होगी। मरीजो के परिजन/मोबाइल नंबर 9761373000 और 9761374000 के जरिए अपॉइंटमेंट भी ले सकते हैं। उदघाटन के अवसर पर सभी परिजन मौजूद रहे, बाद में भंडारा वितरण भी किया गया।

# पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम खम

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला पंजा कुश्ती एसोसियेशन एवं क्रीड़ा भारती जिला मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में करण फिटनेस जिम में पंजा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पूरे जिले से लगभग 200 महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने भाग लिया। एसो. के महासचिव भूपेंद्र कुमार मिश्रा के अनुसार प्रतियोगिता से पूर्व मुख्य अतिथि मानवेंद्र चौधरी उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती एवं ललित सोलंकी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पण करके प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

प्रतियोगिता में काफी रोमांचक मुकाबले हुए जिसमें 50 कि.ग्रा. भार वर्ग में आलोक प्रथम, तनमय द्वितीय, ललित तृतीय 60 किग्रा भार वर्ग में ध्रुव गोला प्रथम, कान्हा द्वितीय, मनीष तृतीय 68 किलो भार वर्ग में कृष्ण प्रथम, सचिन द्वितीय, गगन तृतीय 74 किलो भार वर्ग में प्रिंस प्रथम, शिव द्वितीय,उमेश तृतीय 84 किलो भार वर्ग में शिव प्रथम, आयुष द्वितीय, लव कुश तृतीय 96 भार वर्ग में नितिन प्रथम प्रशांत द्वितीय माइकल तृतीय स्थान पर रहे। जिला स्ट्रांग मैन का खिताब दाहिने हाथ से प्रिंस रघुवंशी ने और बाएं हाथ से शिवा राणा ने अपने नाम किया। महिला वर्ग में शिखा प्रथम और शिखा द्वितीय स्थान पर रही।

मुख्य अतिथि मानवेंद्र चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता निरंतर होने से आजकल की युवा पीढ़ी में बहुत ऊर्जा है उसकी ऊर्जा का सही तरीका खेलों के माध्यम से खेलों पर केंद्रित करना है।

कोच भूपेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि क्रीडा भारती और पंजा कुश्ती एसोसियेशन निरंतर खिलाड़ियों के लिए खेलों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और प्रत्येक माह में कोई न कोई खेल कूद गतिविधियों का आयोजन निरंतर करती है जिससे बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा को निखारने जा सके। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में संयुक्त सचिव योगेश राठौर का विशेष सहयोग रहा।

निर्णायक की भूमिका में चेतन सिंह ध्रुव व मयंक सिंह रहे। इस अवसर पर जिम संचालक करण चौधरी वर्षा ऋतु गौतम शुभम शर्मा रजत अग्रवाल गोविंद अग्रवाल अनु दीक्षित जितेंद्र यादव राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहें।

## स्वामी करपात्री जी महाराज की जयंती 7 अगस्त को

**मथुरा।** अखिल भारतीय राम राज्य परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक जगत गुरु देवादी देव जी के संरक्षण में एवं स्वामी त्रयम्वकेश्वर जी की अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन डा गुण प्रसाद द्वारा कीया गया जिसमें यह निर्णय हुआ कि अखिल भारतीय राम राज्य परिषद के नेतृत्व में पूरे देश भर में 7 अगस्त को स्वामी जी जयंती मनाई जाएगी जिसकी संपूर्ण ज़िम्मेदारी राष्ट्रीय महामंत्री देवेंद्र चतुर्वेदी को सौंपी गई है। देवेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि स्वामी जी हिंदू सम्राट थे सनातन धर्म रक्षक थे इसलिए उनकी जयंती का उत्सव मनाना हर सनातनी का धर्म है इसलिए उन्होंने देश के हर मंदिर मठ के सेवायत महंतों से आह्वान कीया है कि उक्त दिवस मंदिर में स्वामी जी की जयंती का उत्सव मनाया जाये। इस अवसर पर बैठक में मौजूद रहे देवेंद्र चतुर्वेदी, राकेश शर्मा, देवेश शर्मा, शंकर स्वरूप आदि।

# प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में असीम सम्भावनाओं पर हो रहा काम

वहाज अली निहाल

■ मुख्यमंत्री के सलाहकार ने इटावा के पर्यटन कों बढ़ावा देनें का दिया आश्वासन

■ होटल क्लार्क इन का उद्घाटन होने से पर्यटन को मिलेगा बढावा



**इटावा।** पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने पर्यटन क्षेत्र में होटल निर्माण गाइडलाइन में बड़ा परिवर्तन किया है। अब इसे 40 फ़ीसदी अधिक निर्माण की दिशा में आगे बढ़ा दिया है। वर्तमान में प्रदेश में 40 फ़ीसदी ग्रोथ रेट के हिसाब से पर्यटन क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। आने वाले भविष्य में पर्यटन के क्षेत्र में कई गुना बढ़कर प्रदेश की मुख्य धारा में शामिल होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी ने विशेष बातचीत के दौरान यह बात शनिवार को कहीं। वह लुहन्ना चौराहे के पास स्थित होटल क्लार्क इन के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि पहले काशी में चार से पांच हजार लोग पहुंचते थे वहीं अब प्रतिदिन 2 लाख लोग वहां पहुंच रहे हैं जबकि अयोध्या में भी वह कलेक्टर के तौर पर काम कर चुके हैं जहां पर्यटकों की संख्या काफी कम हुआ करती थी लेकिन वर्तमान में धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में अयोध्या ने भी 2 लाख से अधिक प्रतिदिन लोगों का रिकॉर्ड तोड़ा है। प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में नए होटल, रोजगार सृजन आदि को बढ़ावा दिया जा रहा है। इटावा भी पर्यटन के क्षेत्र में प्रमुख जिला है लिहाजा यहां भी पचनद प्रोजेक्ट पर सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज दिल्ली में कार्यक्रम में शामिल होना था इसकी जानकारी उन्होंने मुख्यमंत्री को दी थी। उन्होंने इटावा जाने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि वह एक होटल के उद्घाटन समारोह में जा रहे हैं जिसपर मुख्यमंत्री ने खुशी जाहिर करते हुए जाने की अनुमति प्रदान की। कार्यक्रम में शामिल पूर्व कैबिनेट मंत्री रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि प्रदेश में कपड़े के बाद पर्यटन सबसे अधिक ग्रोथ करने वाला सेक्टर है। भारत धार्मिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक व अन्य क्षेत्र के पर्यटन में सबसे आगे है। प्रदेश में पर्यटन को उद्योग का दर्जा मिलने से इसकी गति में वृद्धि हुई है। 36 लाख करोड़ के एमओयू पर्यटन के क्षेत्र में अब तक साइन हुए हैं। ऐसे में इटावा में इको व विलेज पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही हॉस्पिटैलिटी पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। आगरा के होटल से टाईअप करके भी यहां पर्यटकों को लाने में आसानी होगी क्योंकि यहां लायन सफारी के साथ ही चंबल सेंचुरी क्षेत्र में कई वन्य जीवों को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। कार्यक्रम में होटल स्वामी पूर्व डीजीसी व वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम शंकर शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, शिवांश शर्मा, शिवम शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

### इटावा की रुकी हुयीं परियोजनाओं कों शुरू करने की मांग

**इटावा।** होटल क्लार्क इन के उद्घाटन समारोह में पूर्व सांसद व केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर राम शंकर कठेरिया ने मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी से आगरा के पर्यटकों को इटावा ले जाने व इसको लेकर एक प्लान तैयार किए जाने का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा उन्होंने इटावा को पर्यटन के मानचित्र पर दर्ज किए जाने की भी मांग रखी। उन्होंने अटल एक्सप्रेसवे के रुके हुए काम को फिर से शुरू कराया जाने का प्रस्ताव रखा। साथ ही उन्होंने पंचनद परियोजना के लिए भी जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही उनके विशेष सलाहकार अवनीश अवस्थी उत्तर प्रदेश की बागडोर को संभाल रहे हैं ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि इटावा को भी पर्यटन के क्षेत्र में चमकने का मौका मिलेगा।

# टी 20 से सन्यास के बाद अब एक्शन में कब लौटेंगे रोहित शर्मा और विराट कोहली? सामने आई ये बड़ी जानकारी

संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में भारत के विजयी टी20 विश्व कप 2024 अभियान के बाद भारतीय दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपने टी20ई संन्यास की घोषणा की। मेन इन ब्लू ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर जीत के साथ अपने 11 साल लंबे आईसीसी ट्रॉफी सूखे को समाप्त किया और दूसरी बार टी20 चैंपियन बना। विराट और रोहित ने रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर इसे अपने अंतरराष्ट्रीय 20 ओवर के करियर के शिखर पर पहुंचने का समय बताया। शुभमन गिल के नेतृत्व में एक नए रूप वाली भारतीय टीम भविष्य के लिए एक टीम बनाने के लिए पांच मैचों की टी20ई श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे में है।



अब कई प्रशंसक क्रिकेट के मैदान पर रोहित, विराट और जडेजा को वापस एक्शन में देखने के लिए उत्सुक होंगे। लेकिन उनके दोबारा 22 गज लेने की संभावना कब है? इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। भारत को 6 जुलाई से 14 जुलाई तक जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी 20 श्रृंखला खेलनी है। इस श्रृंखला के बाद, मेन इन ब्लू सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका की यात्रा करेगा। मेन इन ब्लू 27 जुलाई से तीन टी20 और इतने ही वनडे मैचों में लंकाई लायंस से भिड़ेगा। श्रृंखला 27 जुलाई, 28 जुलाई और 30 जुलाई को तीन टी20 मैचों के साथ शुरू होगी, इसके बाद 2 अगस्त, 4 अगस्त और 7 अगस्त को एकदिवसीय मैच होंगे। चूंकि तीन खिलाड़ियों ने टी20 को बाय कह दिया है, इसलिए उनके 2 अगस्त से वनडे सीरीज में खेलने की संभावना है। रोहित शर्मा अब जिन दो प्रारूपों में खेल रहे हैं उनमें उनकी कप्तानी को कोई खतरा नहीं है क्योंकि बीसीसीआई सचिव जय शाह ने घोषणा की है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए भी कप्तान होंगे।

जय शाह ने बीसीसीआई के एक वीडियो में कहा कि 23 नवंबर को 10 मैच जीतकर हमने दिल तो जीत लिया, लेकिन कप नहीं जीत पाए। मैंने राजकोट में कहा था कि 29 जून को हम दिल जीतेंगे, कप जीतेंगे और बारबाडोस में झंडा फहराएंगे। और हमारे कप्तान ने इसे वहां फहराया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस जीत के बाद, आगामी आईसीसी इवेंट - डब्ल्यूटीसी फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी, मुझे पूरा विश्वास है कि रोहित शर्मा की कप्तानी में हमारी टीम चैंपियन बनेगी।

## भारत के खिलाफ श्रृंखला से पूर्व जयसूर्या श्रीलंका के अंतरिम कोच नियुक्त

श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या को इस महीने के अंत में भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला से पहले टीम का अंतरिम मुख्य कोच नामित किया गया है। भारतीय टीम 27 जुलाई से शुरू होने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। आक्रामक बल्लेबाजी के साथ स्पिन गेंदबाजी करने वाले 55 साल के वामहस्त खिलाड़ी जयसूर्या इंग्लैंड के क्रिस सिल्वरवुड की जगह लेंगे। सिल्वरवुड ने टी20 विश्व कप में टीम टीम के खराब प्रदर्शन के बाद इस्तीफा दे दिया था। वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले गये इस विश्व कप में टीम लीग चरण से आगे नहीं बढ़ पायी थी। 'डेली मिरर' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार जयसूर्या श्रीलंका के इंग्लैंड टेस्ट दौरे की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। जयसूर्या इससे पहले टीम के मुख्य चयनकर्ता भी रह चुके हैं। अपने समय के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में से एक जयसूर्या टी20 विश्व कप के दौरान टीम के सलाहकार थे।

# 125 करोड़ में से खिलाड़ियों में किस तरह बांटी जाएगी रकम? कोच और सेलेक्शन समिति को भी मिलेगी राशि

रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने 13 साल का लंबा इंतजार खत्म कर टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम किया था। इस दौरान बीसीसीआई की तरफ से टीम इंडिया को 125 करोड़ की प्राइज मनी का ऐलान किया गया। ये राशि सिर्फ खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ में ही नहीं बल्कि टीम सेलेक्टर्स को भी दी जाएगी। यहां जानें किसे कितनी रकम मिलेगी?




टी20 वर्ल्ड कप के लिए 42 सदस्य दल गया था। बीसीसीआई ने 15 खिलाड़ियों की टीम चुनी थी। टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों को 5-5 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इस दौरान जिन खिलाड़ियों को खेलने का मौका नहीं मिला, उनमें संजू सैमसन, युजवेंद्र चहल, यशस्वी जायसवाल को भी 5 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। टीम के साथ बतौर रिजर्व खिलाड़ी शुबमन गिल, रिंकू सिंह, आवेश खान और खलील अहमद को 1-1 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। साथ ही कोचिंग स्टाफ में हेड कोच राहुल द्रविड़ को पांच करोड़ रुपये दिए जाएंगे। जबकि बैटिंग कोच विक्रम राठौड़, फील्डिंग कोच टी दिलीप और गेंदबाजी कोच पारस म्हांब्रे को 2.5-2.5 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। वहीं बैकरूम स्टाफ में मौजूद तीन फिजियो थेरेपिस्ट, तीन थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट, दो मसाज करने वाले और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंक कोच को 2-2 करोड़ रुपये मिलेंगे। सेलेक्शन कमिटि के सभी सदस्यों को 1-1 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। वहीं लॉजिस्टिक मैनेजर और मीडिया ऑफिसर को भी इनाम मिलेगा। हालांकि, ये पहली बार है जब टीम इंडिया को वर्ल्ड कप जीतने पर इनाम राशि दी गई हो। इससे पहले 1983 में भारत ने जब वर्ल्ड कप जीता था तब उन्हें कोई इनामी राशि नहीं दी गई थी। बोर्ड के पास उतना पैसा नहीं था। इसके बाद बोर्ड के कहने पर गायिका लता मंगेशकर ने कॉन्सर्ट करके टीम के लिए पैसा जमा किया था। साल 2007 में जीतने वाली टीम को 12 करोड़ दिए गए थे। साल 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के सभी खिलाड़ियों को 2-2 करोड़ दिए गए थे।

# पनामा को 5-0 से रौंदकर कोलंबिया कोपा अमेरिका के सेमीफाइनल में



ग्लेनडेल। कोलंबिया ने दबदबा बनाते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में शनिवार को यहां पनामा को 5-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथकोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 27 मैच तक पहुंचा दिया। जॉन कोरडोवा ने आठवें मिनट में जेम्स रोड्रिग्ज की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल दागकर कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। रोड्रिग्ज ने 10 मिनट के भीतर पेनल्टी किक पर एक और गोल दागकर अपनी टीम को 2-0 से आगे किया। लुई डियाज ने रोड्रिग्ज के पास पर गोल दागकर कोलंबिया की बढ़त 3-0 की।

मध्यांतर तक कोलंबिया की टीम 3-0 से आगे थी। दूसरे हाफ में 70वें मिनट में रिचर्ड रायोस और फिर मिगुएल बोर्जा ने इंजरी टाइम में पेनल्टी किक पर गोल करके कोलंबिया की 5-0 से जीत सुनिश्चित की। कोलंबिया बुधवार को सेमीफइनल में उरूग्वे से भिड़ेगा जिसने ब्राजील को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हराया।

# अभय ने एशियाई डबल्स स्क्वाश चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते



प्रतिभाशाली स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने रविवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई डबल्स स्क्वाश चैम्पियनशिप में दोहरे खिताब हासिल किये। एशियाई खेलों में टीम चैम्पियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता अभय ने वेलावन सेंथिल कुमार के साथ मिलकर पुरुष युगल खिताब जीता। इसके बाद अभय ने अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल फाइनल में फतह हासिल की। अभय और वेलावन की शीर्ष वरीय जोड़ी ने पुरुष युगल फाइनल में मलेशिया के ओंग साई हुंग और सियाफिक कमाल की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 11-4, 11-5 से शिकस्त दी।

इसके बाद अभय और जोशना की तीसरी वरीय जोड़ी ने टोंग सेज विंग और टांग मिंग होंग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को मिश्रित युगल फाइनल में 11-8, 10-11, 11-5 से हराया। वेलावन ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''मैं अभय के लिए बहुत खुश हूं जिन्होंने इस हफ्ते इतना शानदार प्रदर्शन किया। हमें पूरा भरोसा था और हम बेहतर होते रहे। '' इस साल पद्म श्री पुरस्कार पाने वाली जोशना ने कहा, ''भारत के लिए फिर से खेलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि मैं घुटने की सर्जरी के कारण पिछले पांच महीनों से खेल से दूर थी। युगल से वापसी करना अच्छा मौका था ताकि मैं पीएसए टूर पर वापसी कर सकूं।

# अविनाश साबले ने अपना राष्ट्रीय स्टीपलचेस रिकॉर्ड तोड़ा, जेना आठवें स्थान पर रहे

अविनाश साबले ने रविवार को पेरिस में डायमंड लीग प्रतियोगिता में आठ मिनट 9.91 सेकेंड का समय निकालकर छठे स्थान पर रहकर 3000 मीटर स्टीपलचेस में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर दिखाया कि वह पेरिस ओलंपिक से पहले से पहली सही समय पर लय में आ रहे हैं। 29 वर्षीय साबले ने 8़11.20 सेकेंड का अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया जो उन्होंने 2022 में बनाया था। इस तरह उन्होंने डेढ़ सेकेंड से बेहतर समय निकाला।




इथियोपिया के अब्राहम सिमे 8़02.36 के समय से कीनिया के अमोस सेरेम ((8़02.36) से 'फोटो फिनिश' में पहले स्थान रहे। कीनिया के अब्राहम किबिवोट 8़06.70 के समय से तीसरे स्थान पर रहे। साबले ने दो साल पहले बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था और वह इसे तोड़ने में सफल रहे। यह उनका 10वां राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाला प्रदर्शन रहा। वहीं पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में ओलंपिक दल के सदस्य किशोर जेना का संघर्ष जारी रहा और वह 78.10 मीटर के प्रयास से आठवें स्थान पर रहे।

उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 87.54 मीटर है और सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 80.84 मीटर है। पिछले साल एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाले जेना का इस सत्र में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने दोहा डायमंड लीग में 76.31 मीटर और फेडरेशन कप में 75.49 मीटर का थ्रो लगाया था। मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा में जांघ की समस्या के कारण इस प्रतियोगिता में नहीं खेलने का फैसला किया था।

# प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म सबसे तेजी से कमाए 500 करोड़, शाहरुख खान का रिकॉर्ड टूटा

केवल फाइटर, शैतान और मुंज्या ही बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से अधिक की कमाई करने में सफल रहीं और अपने कलाकारों और निर्माताओं के लिए दिन बचा पाई। हालांकि, कई फ्लॉप फिल्मों के बीच नाग अश्विन की कल्कि 2898॰ष्ठ रिलीज हुई और कई रिकॉर्ड टूट गए। फिल्म को बंपर ओपनिंग डे मिला और वीकडे पर 90 करोड़ से अधिक की कमाई हुई। प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन स्टारर यह फिल्म सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई और अब इस फिल्म ने भारत में 500 करोड़ रुपये कमा लिए हैं, वह भी सिर्फ 11 दिनों में। इसके साथ ही कल्कि सबसे तेजी से 500 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली फिल्म बन गई है। इसके बाद शाहरुख खान की जवान है, जिसे 13 दिन लगे और रणबीर कपूर की एनिमल है, जिसे 500 करोड़ क्लब में शामिल होने में 16 दिन लगे।



कल्कि 2898॰ष्ठ अपने बनने के समय से ही चर्चा में रही है। चार साल बाद 27 जून को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों और आलोचकों से खूब प्यार मिला। पौराणिक कथाओं और वीएफएक्स का जादू ऐसा है कि कल्कि बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। पहले वीकेंड तक फिल्म का कारोबार 300 करोड़ के करीब पहुंच गया। कल्कि 2898॰ष्ठ इस साल सबसे तेज कमाई करने वाली पहली फिल्म बन गई है।

सकनिल्क के मुताबिक दीपिका पादुकोण की इस फिल्म ने अपने 10वें दिन (रिलीज से दूसरे शनिवार) 34. 45 करोड़ का कारोबार किया है। वहीं दूसरे रविवार यानी रविवार को फिल्म ने 41.3 का कारोबार किया। इसके साथ ही भारत में कल्कि 2898॰ष्ठ का कुल कलेक्शन 507 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा प्रभास की फिल्म विदेशों में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने दुनियाभर में 759.6 करोड़ की कमाई की है। 650 करोड़ के बजट में बनी कल्कि 2898॰ष्ठ ने आसानी से अपनी कमाई वसूल कर ली है।

नाग अश्विन की साइंस-फिक्शन फिल्म कल्कि में प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी अहम भूमिका में हैं। वहीं, एसएस राजामौली, विजय देवरकोंडा, राम गोपाल वर्मा, मृणाल ठाकुर और दुलकर सलमान जैसे कलाकारों ने कैमियो किया है। अब लोग इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो मेकर्स के मुताबिक तीन साल बाद रिलीज होगा।

# चंकी पांडे बने नाना, अनन्या पांडे की कजिन अनन्या पांडे ने बेटे को दिया जन्म, बच्चे की झलक वाला वीडियो वायरल

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अलाना पांडे, जो बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे की चचेरी बहन हैं, ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने पति इवर मैक्रे के साथ अपने नवजात शिशु के आगमन की खबर साझा की। उनकी शादी ने दर्शकों का खूब ध्यान खींचा था। अब, जोड़े ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने बच्चे का चेहरा दिखाने के लिए एक प्यारा सा वीडियो साझा किया है।




युगल द्वारा इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में इवर को प्रवेश करते और बिस्तर पर बैठे हुए दिखाया गया है। वह अलाना को बुलाता है और वह एक बच्चे के साथ कमरे में आती है जो उसकी बाहों में आराम कर रहा है। पहले, युगल अपने बच्चे को देखते हैं और फिर एक-दूसरे को देखते हैं, और बाद में एक-दूसरे को चूमते हैं। इवोर और अलाना ने मैचिंग कपड़े पहने थे, उन्होंने चमकदार रंग की शॉर्ट स्कर्ट पहनी थी, जबकि इवोर ने डेनिम के साथ पाउडर ब्लू टी-शर्ट पहनी थी। वे दोनों अपने नवजात शिशु को प्यार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। अलाना ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, हमारी नन्ही परी यहाँ है।

वीडियो को उनके परिवार और दोस्तों से बहुत प्यार मिला। उनकी चचेरी बहन अनन्या पांडे ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर वीडियो को अपनी स्टोरी पर रीपोस्ट किया और लिखा, मेरा खूबसूरत बच्चा भतीजा यहाँ है। अभिनेता जिबरान खान, जिन्होंने फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की, ने पोस्ट पर टिप्पणी की, ओह माय गॉड!! आप दोनों को बधाई। अनुराग कश्यप की बेटी और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आलिया कश्यप ने भी वीडियो पर प्रतिक्रिया दी, ओह माय गॉड!!!! आप दोनों को बधाई।

जोड़ी अलाना पांडे और इवोर मैक्रे ने मार्च 2023 में मुंबई में एक-दूसरे से शादी की। वे लगातार विभिन्न पोस्ट शेयर करके अपने माता-पिता बनने की यात्रा को प्रदर्शित कर रहे हैं। जब अलाना और उनके पति इवोर ने एक वीडियो के माध्यम से गर्भावस्था की खबर की घोषणा की, तो इसे उनके प्रशंसकों, परिवार और दोस्तों से अपार प्यार और समर्थन मिला। अलाना पांडे, एक प्रसिद्ध सोशल मीडिया चेहरा हैं जिनके 1.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं और वे अपने पति इवोर, जो एक यूएस-आधारित फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर हैं, के साथ अपने जीवन के पलों को साझा करती रहती हैं।

# तमिल अभिनेता जगन ने कमल हसन की फिल्म इण्डियन 2 के निर्माताओं लगाया आरोप मेरा नाम क्रडिट से बाहर रखा गया

पिछले कुछ सालों में अपनी कई भूमिकाओं के लिए मशहूर तमिल अभिनेता जगन ने हाल ही में कमल हासन अभिनीत इंडियन 2 के निर्माताओं की आलोचना की है। बिहाइंडवुड्स के साथ एक साक्षात्कार में जगन ने फिल्म में क्रेडिट न दिए जाने पर अपनी निराशा व्यक्त की।




अभिनेता ने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा, उलागनायकन कमल हासन, सिद्धार्थ, रकुल प्रीत, प्रिया भवानी शंकर और विवेक लेकिन मेरा नाम बिल्कुल भी नहीं लिया गया। मुझे लगा कि मैं एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हूँ, लेकिन मुझे उनके प्रचार में भी शामिल नहीं किया गया।

इस मुद्दे पर गहराई से विचार करते हुए जगन ने सवाल किया कि कमल हासन ने प्रचार में उन्हें शामिल करने के लिए मुख्य भूमिका के रूप में अपने प्रभाव का उपयोग क्यों नहीं किया। इसके अलावा, जगन ने खुलासा किया कि फिल्म निर्माताओं ने शुरू में उनकी भूमिका के लिए दो अभिनेताओं को ध्यान में रखा था, लेकिन दिवंगत केवी आनंद द्वारा निर्देशक शंकर के सामने उनके नाम की वकालत करने के बाद आखिरकार उन्हें चुना गया।

जगन ने बताया कि निर्देशक केवी आनंद ने उनकी ओर से शंकर से करीब 30 मिनट तक बात की, जिसके बाद उन्हें 'इंडियन 2' की टीम से कॉल आया। दिलचस्प बात यह है कि केवी आनंद ने जगन को कभी नहीं बताया कि उन्होंने उनके लिए अच्छी बात कही है। अभिनेता ने 'अयान' में अपनी सहायक भूमिका के लिए अपनी लंबे समय से चली आ रही पहचान पर भी विचार किया। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि 2009 की इस फिल्म में सूर्या ने जगन की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और यह केवी आनंद की दूसरी निर्देशित फिल्म थी।

'अयान' देवा की कहानी है, जो एक तस्कर है जो अपने सबसे अच्छे दोस्त की मौत के लिए जिम्मेदार अंडरवर्ल्ड डॉन से बदला लेना चाहता है। इस ब्लॉकबस्टर हिट में प्रभु, तमन्ना भाटिया और आकाशदीप सहगल जैसे कलाकारों ने काम किया था। कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली 'इंडियन 2', एस शंकर द्वारा निर्देशित 1996 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'इंडियन' का बहुप्रतीक्षित सीक्वल है। मूल फिल्म सेनापति की कहानी पर आधारित है, जो एक अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी है जो भ्रष्टाचार को खत्म करने वाला एक सतर्क व्यक्ति बन जाता है। 12 जुलाई, 2024 को रिलीज के लिए निर्धारित, 'इंडियन 2' में सिद्धार्थ, एसजे सूर्या, रकुल प्रीत सिंह, बॉबी सिम्हा, विवेक, प्रिया भवानी शंकर और कई अन्य प्रमुख भूमिकाओं सहित प्रभावशाली कलाकार हैं।

# शंकर और कमल हासन ने सेंसर बोर्ड द्वारा इण्डियन 2 में 5 बदलाव करने पर आपत्ति जताई

पिछले सप्ताह इंडियन 2 को सेंसर बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) से यू/ए सर्टिफिकेट मिला था। कमल हासन की सबसे मशहूर भूमिकाओं में से एक इस फिल्म में भी बोर्ड ने पांच बदलाव किए थे। अब एक कार्यक्रम में निर्देशक शंकर और तमिल सुपरस्टार ने सेंसर बोर्ड की फिल्म और संशोधनों पर प्रतिक्रिया के बारे में बात की।

चेन्नई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी फिल्म का प्रचार करते हुए निर्देशक ने बोर्ड द्वारा फिल्म में पांच बदलाव करने के फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि बोर्ड को पारिवारिक दर्शकों के बीच फिल्म की पहुंच के बारे में चिंता थी और इसलिए उन्होंने बदलाव करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा, सेंसर बोर्ड ने कुछ बदलाव करने के लिए कहा क्योंकि उन्हें लगा कि यह एक ऐसी फिल्म है जिसका आनंद सभी आयु वर्ग और परिवारों के दर्शक उठाएंगे।




शंकर ने कहा कि बोर्ड को फिल्म पसंद आई। उन्होंने मीडिया को बताया कि उन्होंने निर्माताओं से सीबीएफसी टीम के साथ उनकी बातचीत के बारे में भी बात की और प्रतिक्रिया सकारात्मक थी। उन्होंने कहा, स्क्रीनिंग के तुरंत बाद, मैंने उनसे उनके द्वारा किए गए बदलावों के बारे में बात की। हालांकि, बाद में, ऐसा लगता है कि निर्माताओं ने उनसे बात की। तब उन्होंने फिल्म के बारे में अपनी राय साझा की। उन्होंने कहा कि फिल्म अच्छी बनी है। इंडियन 2 में, कमल हासन ने वीरसेकरन सेनापति की भूमिका निभाई है, जो एक स्वतंत्रता सेनानी से एक निगरानीकर्ता बन गया है, जिसका उद्देश्य भारत में भ्रष्टाचार को समाप्त करना है। अभिनेता ने उसी प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को संबोधित किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि सेंसर बोर्ड के सदस्य आमतौर पर फिल्म की टीम के साथ अपनी प्रतिक्रिया साझा नहीं करते हैं, लेकिन उन्होंने इस मामले में एक अपवाद बनाया।

उन्होंने बताया, उन्होंने (शंकर) मुझे एक संदेश भेजा था जिसमें कहा गया था कि सेंसर बोर्ड पर फिल्म देखने वाले सभी लोगों को यह पसंद आई। वे (सीबीएफसी) आमतौर पर किसी भी फिल्म के बारे में अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं करते हैं। वे प्रतिक्रिया के बारे में काफी सतर्क रहते हैं और आमतौर पर औपचारिक अभिवादन तक ही सीमित रहते हैं। हालांकि, उन्होंने इस बार एक अपवाद बनाया। उन्होंने जो सोचा, उसे साझा किया। मुझे इस फिल्म के लिए ऐसे और भी पलों की उम्मीद है।

इससे पहले सोशल मीडिया पर इंडियन 2 की सेंसर कॉपी प्रसारित की गई थी, जिसमें बोर्ड द्वारा किए गए बदलावों को दिखाया गया था। इसमें सभी अपशब्दों को म्यूट करना, रिश्वत बाजार शब्द और क्लीवेज शॉट को हटाना और डर्टी इंडियन से डर्टी शब्द को हटाना शामिल है। फिल्म की अवधि तीन घंटे चार सेकंड है। रकुल प्रीत सिंह, सिद्धार्थ, एसजे सूर्या, नेदुमुदी वेणु, प्रिया भवानी शंकर और बॉबी सिम्हा जैसे कलाकारों के साथ यह फिल्म 12 जुलाई को रिलीज होने वाली है।

# कोलकाता के दो शीर्ष पुलिस अधिकारियों पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुरु की कार्रवाई

**सरकार**

**राज्यपाल बोस ने यह रिपोर्ट जून के अंतिम सप्ताह में केंद्रीय गृह मंत्री को सौंपी थी और चार जुलाई को इसकी एक प्रति राज्य सरकार को**



**कोलकाता(हि.स.)** । केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कोलकाता के दो शीर्ष पुलिस अधिकारियों, कमिश्नर विनीत गोयल और डिप्टी कमिश्नर (सेंट्रल) इंदिरा मुखर्जी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट के आधार पर की जा रही है। रिपोर्ट में इन अधिकारियों पर राज्यपाल के पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। राज्यपाल बोस ने अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि विनीत गोयल और इंदिरा मुखर्जी ने राज्यपाल के खिलाफ अफवाहें फैलाईं और उन्हें बढ़ावा दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि जो काम उन्होंने किया, वह एक सरकारी कर्मचारी से अपेक्षित नहीं है। विनीत गोयल और इंदिरा मुखर्जी दोनों ने इसपर कहा कि उन्हें इस कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है। विनीत गोयल ने कहा, मुझे इस बारे में कुछ नहीं पता। यदि कुछ आया होगा तो वह राज्य सरकार के पास आया होगा। इंदिरा मुखर्जी ने भी यही बात कही।राज्यपाल बोस ने यह रिपोर्ट जून के अंतिम सप्ताह में केंद्रीय गृह मंत्री को सौंपी थी और चार जुलाई को इसकी एक प्रति राज्य सरकार को भेजी थी। रिपोर्ट में राज्यपाल ने आरोप लगाया कि चुनाव पश्चात हिंसा के मामले में राज्यपाल से मिलने आए पीड़ितों को इन अधिकारियों ने मिलने नहीं दिया।

इसके अलावा, उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अप्रैल-मई 2024 में राजभवन की एक अस्थायी महिला कर्मचारी की मनगढ़ंत शिकायत को भी इन अधिकारियों ने बढ़ावा दिया था।

राज्यपाल बोस ने अपनी रिपोर्ट में यह भी लिखा कि इन घटनाओं ने राज्यपाल के पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई है, जिसके चलते उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्रालय से इन अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की थी।

## मुंबई विश्वविद्यालय ने भारी बारिश की वजह से सभी परीक्षाएं स्थगित कीं,परीक्षाएं अब 13 जुलाई को आयोजित की जाएंगी

**मुंबई(हि. स.)।** मुंबई विश्वविद्यालय ने भारी बारिश के मद्देनजर, दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा केंद्रों पर सोमवार को होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार, परीक्षाएं अब 13 जुलाई को आयोजित की जाएंगी। यह जानकारी मुंबई विश्व विद्यालय ने दी। मुंबई विश्वविद्यालय ने भारी बारिश की वजह से छात्रों को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए आज होने वाली परीक्षाओं को स्थगित करने का निर्णय लिया है। विश्व विद्यालय ने कहा है कि दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा केंद्रों पर आज होने वाली सभी परीक्षाएं 13 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी गई हैं। परीक्षाएं पहले से तय किए गए केंद्रों पर 13 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का स्थान वही रहेगा।

## कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए रामनिवास रावत बने कैबिनेट मंत्री

**भोपाल (हि.स.।** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया है। कांग्रेस से भाजपा में आए रामनिवास रावत को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। राजभवन में सोमवार सुबह एक संक्षिप्त कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उन्हें कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके बाद अब डॉ. मोहन यादव सरकार में मुख्यमंत्री समेत 31 मंत्री हो गए हैं। मंत्रिमंडल में अधिकतम 34 मंत्री हो सकते हैं।

रावत ने 68 दिन पहले ही लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे। उन्हें मोहन यादव सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। सोमवार को राजभवन में उन्होंने मंत्री पद की शपथ ली। रावत को सुबह करीब 9.05 बजे बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ लेनी थी, लेकिन राज्यमंत्री पद की शपथ ले ली। दरअसल, कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेते समय उनकी जुबान फिसल गई। उन्होंने राज्य के मंत्री की जगह वे राज्य मंत्री पढ गए। उन्होंने कि मैं मध्य प्रदेश के राज्यमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक और शुद्ध अंतःकरण से निर्वहन करूंगा।÷इससे गफलत हुई कि वह राज्यमंत्री बनाए गए हैं। हालांकि, बाद में स्पष्ट हुआ कि वे कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। इसीलिए उन्हें 9.20 बजे दोबारा कैबिनेट मंत्री की



शपथ लेनी पड़ी। समारोहह्यह्य में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत कई मंत्री मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रामनिवास रावत को कैबिनेट मंत्री बनाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल में एक नए सदस्य का आगमन हुआ है। कैबिनेट मंत्री के नाते रामनिवास रावत के अनुभव का लाभ मिलेगा। उनके अनुभव का सरकार और क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। पिछड़े और विकास की संभावनाओं वाले क्षेत्र से प्रतिनिधित्व मिल रहा है।पिछले साल हुए विधाधानसभा चुनाव के परिणाम 3 दिसंबर 2023 को आए थे। इसके 8 दिन बाद 11 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद पर डॉ. मोहन यादव और दो उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, जगदीश देवड़ा का चयन किया गया। इसके दो दिन बाद 13 दिसंबर को सीएम और दोनों डिप्टी सीएम ने शपथ ली थी। फिर 12 दिन बाद 25 दिसंबर को पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। इसमें 28 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई थी। इसमें 18 कैबिनेट और 10 राज्यमंत्री शामिल हैं। अब रामनिवास रावत को मिलाकर मंत्रिमंडल में राज्यमंत्रियों की संख्या 11 हो गई है।

## शिंदे समूह के विधायक की कार पर पथराव,मामला दर्ज



**मुंबई(हि. स.)।** छत्रपति संभाजीनगर जिले के महावीर चौक पर स्थित बाबा पेट्रोल पंप के पास बीती रात शिंदे समूह के विधायक संजय शिरसाट की कार पर अज्ञात लोगों पथराव किया और फरार हो गए। संभाजी नगर पुलिस पथराव करने वालों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार रविवार को शिंदे गुट के विधायक संजय शिरसाट अपने परिवार के साथ कार से काम के सिलसिले में संभाजी नगर जिले में गए थे। वहां से लौटते समय रविवार देर रात उनकी कार शहर के बाबा पेट्रोल पंप के पास पहुंची। उसी समय बाबा पेट्रोल पंप के पास कुछ लोगों ने मारपीट शुरू कर दी । इस झगड़े को सुलझाने के लिए विधायक संजय शिरसाट मौके पर गए। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने विधायक की गाड़ी पर पथराव किया और अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। इस घटना की जानकारी संभाजीनगर जिले में फैल गई, जिससे घटना के बाद शहर के शिवसैनिक बाबा पेट्रोल पंप पर पहुंच गये। जिससे इलाके मेंतनावग्रस्त माहौल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही संभाजी नगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और भीड़ को तितर-बितर किया और शिवसैनिकों से घर जाने की अपील की। संभाजी नगर पुलिस ने इस घटना के बाद अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज किया है पथराव करने वालों को सरगर्मी से तलाश रही है।

## राष्ट्रपति ने जगन्नाथ पुरी के समुद्र तट पर महसूस की गहन शांति

**नई दिल्ली(हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा में भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा में शामिल होने के बाद समुद्र तट पर पहुंचीं। उन्होंने कुछ देर वहां बिताए भी। उन्होंने जगन्नाथपुरी के ह्यह्यह्यसमुद्र तट पर गहन शांति महसूस की। राष्ट्रपति भवन ने उनकी यात्रा के कुछ चित्र और उनके विचार एक्स हैंडल पर साझा किए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है, ऐसे स्थान हैं जो हमें जीवन के सार के करीब लाते हैं और हमें याद दिलाते हैं कि हम प्रकृति का हिस्सा हैं। पहाड़, जंगल, नदियां और समुद्र तट हमारे भीतर की किसी गहरी चीज को आकर्षित करते हैं। जैसे ही मैं आज समुद्र के किनारे चल रही थी, मुझे आसपास के वातावरण के साथ एक जुड़ाव महसूस हुआ- हल्की हवा, लहरों की गड़गड़ाहट और पानी का विशाल विस्तार। यह एक ध्यानपूर्ण अनुभव था। उन्होंने कहा, इससे मुझे गहन आंतरिक शांति मिली, जो मुझे तब भी महसूस हुई जब मैंने कल महाप्रभु श्री जगन्नाथजी के दर्शन किए। और ऐसा अनुभव पाने वाली मैं अकेली नहीं हूं। हम सभी इस तरह महसूस कर सकते हैं जब हमारा सामना किसी ऐसी चीज से होता है जो हमसे कहीं बड़ी है,



जो हमें सहारा देती है और जो हमारे जीवन को सार्थक बनाती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिखा है, दैनिक कामकाज की आपाधापी में हम प्रकृति के साथ इस संबंध को खो देते हैं। मानव जाति ने प्रकृति पर कब्जा कर लिया है और अपने अल्पकालिक लाभों के लिए इसका दोहन कर रही है। नतीजा सबके सामने है। इस गर्मी में भारत के कई हिस्सों को लू की भयानक शृंखला का सामना करना पड़ा। हाल के वर्षों में दुनिया भर में मौसम में बदलाव हुआ है। आने वाले दशकों में स्थिति और भी बदतर होने का अनुमान है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा है, पृथ्वी की सतह का सत्तर प्रतिशत से अधिक भाग महासागरों से बना है और ग्लोबल वार्मिंग के कारण वैश्विक समुद्र स्तर में वृद्धि हो रही है, जिससे तटीय क्षेत्रों के जलमग्न होने का खतरा है। विभिन्न प्रकार के प्रदूषण के कारण महासागरों और वहां पाई जाने वाली वनस्पतियों और जीवों की समृद्ध विविधता को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा है, सौभाग्य से प्रकृति की गोद में रहने वाले लोगों ने ऐसी परंपराएं कायम रखी हैं जो हमें रास्ता दिखा सकती हैं। उदाहरण के लिए, तटीय क्षेत्रों के निवासी हवाओं और समुद्र की लहरों की भाषा जानते हैं। अपने पूर्वजों का अनुसरण करते हुए, वे समुद्र को भगवान के रूप में पूजते हैं। मेरा मानना ??है कि पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण की चुनौती से निपटने के दो तरीके हैं। पहला- सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को व्यापक कदम उठाने चाहिए। दूसरा स्थानीय स्तर पर नागरिक भी इसमें सहयोग करें। आइए बेहतर कल के लिए व्यक्तिगत रूप से स्थानीय स्तर पर जो कुछ भी हम कर सकते हैं, उसे करने का संकल्प लें।

## गिरिराज सिंह ने तेजस्वी को 90 के दशक को याद करने की दी सलाह





**बिहार(हि.स.)।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में अपराध को लेकर तेजस्वी यादव के बयान का जवाब दिया है। सोमवार को दिल्ली के लिए रवाना होने से पूर्व पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने तेजस्वी यादव को अपने पिता के शासन काल को याद करने की सलाह दी। गिरिराज सिंह ने कहा तेजस्वी यादव 90 की दशक याद कर लें और चोर चोरी के खिलाफ बोले तो अच्छा नहीं लगता है।उन्होंने तेजस्वी को 90 के दशक की याद दिलाई है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि अगर चोर चोरी के बारे में बात करें तो अच्छा नहीं लगता है। बिहार में अपराध को लेकर बिहार सरकार की ओर से कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। तेजस्वी यादव इन दिनों बिहार सरकार पर हमलावर हैं। तेजस्वी महंगाई, अपराध और लगातार ध्वस्त हो रहे पुल मामले को लेकर लगातार तेजस्वी यादव पर हमला बोल रहे हैं। तेजस्वी आए दिन बिहार में हो रहे अपराध का क्राइम बुलेटिन भी जारी करते हैं। तेजस्वी यादव ने बीते दिन बढ़ते अपराध पर ट्विट कर कहा था कि प्रदेश में सत्ता संपोषित अपराधी बेख़ौफ़ बेलगाम है। बिहार में कानून व्यवस्था की क्या स्थिति है यह बताने के लिए आपको कोई विशेषण ध्यान में आए तो बता दीजिएगा।

## यूक्रेन ने ड्रोन से किया रूसी शस्त्रागार पर बड़ा हमला, जवाबी हमले में रूस ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**कीव(हि. स.)।** यूक्रेन ने रूस के लगभग 9,000 वर्ग मीटर में फैले सैन्य शस्त्रागार वोरोनिश पर ड्रोन से हमला बोला है। यहां पर रूस ने सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, टैंक और गोलाबारूद आदि रखे हुए हैं। यह यूक्रेन नियंत्रित क्षेत्र से लगभग 85 मील दूर है। वहीं, रूस ने भी अपनी बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया गया । रक्षा मंत्रालय का कहना है कि सेना ने बैलिस्टिक मिसाइल से यूक्रेन पर हमला बोला। इसमें यूक्रेन का सतह से हवा में मार करने वाले मिसाइल सिस्टम पैट्रियट के दो लांचर नष्ट हो गए हैं। यह हमला पोर्ट ऑफ यूज्हेन में किया गया। इस हमले में एक रडार स्टेशन भी नष्ट कर दिया गया। हालांकि, यह नहीं बताया गया है

## रूस ने हाइपरसोनिक मिसाइलों से कीव पर किया अटैक, हमले में 20 लोगों की मौत; 50 घायल

**कीव।** यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूसी सेना ने सोमवार को यूक्रेनी ठिकानों पर कई बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलें दागीं, राजधानी कीव में विस्फोटों को महसूस किया गया और सुना गया। शहर के विभिन्न हिस्सों से धुआं उठता देखा गया। यूक्रेन के आंतरिक मंत्रालय ने इस हमले की जानकारी देते हुए बताया कि इस रूसी हमले में 20 लोगों की मौत हो गई है और लगभग 50 लोग घायल हैं। वायुसेना ने बताया कि दिन के उजाले में किए गए इस हमले में किंजल हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया, जो कि रूस के सबसे उन्नत हथियारों में से एक है। किंजल ध्वनि की गति से 10 गुना अधिक गति से उड़ता है, जिससे इसे रोकना मुश्किल हो जाता है। न्यूज एजेंसी एपी की रिपोर्ट के अनुसार, रूसी मिसाइल हमले ने कीव के बच्चों के अस्पताल को निशाना बनाया है और अधिकारियों का कहना है कि वे क्षति का आकलन कर रहे




हैं। कीव शहर प्रशासन ने बताया कि कीव के सोलोमिंस्की, दि्नप्रोव्स्की और होलोसिव्स्की जिलों में संभवतः मिसाइलों के गिरने से मलबा गिर गया, जिससे आग लग गई। कीव के कई इलाकों से धुआं उठ रहा था। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि एंबुलेंस सोलोमिंस्की जिले की ओर जा रही हैं। यूक्रेन के मध्य दि्नप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र में भी स्थानीय अधिकारियों ने विस्फोटों की सूचना दी है।

### फ्रांस चुनाव में मैक्रों की पार्टी को लगा झटका; नतीजों के बाद कई राज्यों में भारी हिंसा और आगजनी

**पेरिस।** फ्रांस के आम चुनावों में फेरबदल देखने को मिल रहा है। इस बार चुनाव में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट एनएफपी चुनाव के बाद नेशनल असेंबली में प्रमुख ताकत के रूप में उभरा। नतीजे सामने आने के बाद से फ्रांस में हिंसा बढ़ गई है। इस चुनाव में धुर दक्षिणपंथी पार्टी के बहुमत हासिल करने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर पर कानूनी शिकंजा

**इस्लामाबाद(हि.स.)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के मुख्यमंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता अली अमीन गंडापुर पर कानूनी शिकंजा कस गया है। आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) के जज ताहिर अब्बास सिप्रा ने आज गंडापुर को संघीय राजधानी के आई-9 पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले में दोषी ठहराने का फैसला किया है। गंडापुर अपने वकील के साथ एटीसी के सामने पेश हुए। एआरवाई न्यूज चैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि अदालत में हुई आज की सुनवाई में खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री और अन्य संदिग्धों को चालान की प्रतियां सौंपी गईं। संदिग्धों को 29 जुलाई को अगली सुनवाई में उपस्थिति रहने का निर्देश दिया गया है। अली अमीन गंडापुर ने अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करते हुए बताया कि वह आधिकारिक व्यस्तता के कारण पहले पेश होने में असमर्थ रहे। इसके



बाद अदालत ने हिंसक विरोध प्रदर्शन और धारा 144 के उल्लंघन से संबंधित एक मामले में गंडापुर के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया। पिछले साल इस्लामाबाद हाई कोर्ट परिसर में पीटीआई संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री को विभिन्न आरोपों के तहत कई मामलों का सामना करना पड़ रहा है।

### बाइडन को अपनों ने ही घेरा, पांच डेमोक्रेटिक सांसदों ने कह दी चुभने वाली बात

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पांच डेमोक्रेटिक सांसदों ने रविवार को कहा कि जो बाइडन को नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से हट जाना चाहिए। इनमें जेरी नाडलर, मार्क ताकानो, जो मोरेल, टेड लियू और एडम स्मिथ शामिल हैं। उन्होंने प्रेसिडेंशियल डिबेट में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बाइडन के निराशाजनक प्रदर्शन पर चर्चा के लिए आयोजित वर्चुअल बैठक में यह विचार व्यक्त किए। हाउस माइनारिटी लीडर हकीम जेफरीज ने डिबेट के बाद उभरते राजनीतिक परिदृश्यों पर चर्चा के लिए प्रतिनिधि सभा में अपने पार्टी सहयोगियों की एक वर्चुअल बैठक बुलाई थी। बैठक को बाइडन की उम्मीदवारी की व्यवहार्यता के बारे में सदस्यों से जानकारी पाने के लिए आयोजित किया गया था। कई शीर्ष डेमोक्रेट दृढ़ता से महसूस करते हैं कि बाइडन को रेस से हटना होगा। इस घटनाक्रम ने बाइडन के समर्थन की दीवार में बड़ी दरार कर दी है। सार्वजनिक या निजी तौर पर यह कहने वाले डेमोक्रेट्स की संख्या अब लगभग 10 हो गई कि उन्हें हट जाना चाहिए। इनमें न्यायपालिका, सशस्त्र सेवाओं और खुफिया समितियों के शीर्ष डेमोक्रेट शामिल हैं।

## श्रीलंका में जल्द होगा राष्ट्रपति चुनाव की तारीखों का एलान! सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्शन स्थगित करने की मांग की खारिज



**कोलंबो।** इस वर्ष के अंत में श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले है। चुनाव आयोग ने संकेत दिया है कि चुनाव 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर के बीच होंगे। श्रीलंका के चुनाव आयोग ने रविवार को कहा कि वह इस महीने के अंत से पहले अगले राष्ट्रपति चुनाव की तारीख की घोषणा करेगा। इस साल के अंत में होने वाले चुनाव को स्थगित करने की मांग वाली एक याचिका श्रीलंका सर्वोच्च न्यायालय में दायर की गई है। हालांकि, श्रीलंका स्ट ने राष्ट्रपति के कार्यकाल पर स्पष्टीकरण नहीं मिलने तक इस याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया है। पांच सदस्यीय पीठ ने अटॉर्नी जनरल की दलीलों के आधार पर आगे बढ़ने की अनुमति दिए बिना ही याचिका को जुर्माने के साथ खारिज कर दिया। बता दें कि पिछले सप्ताह, एक व्यक्ति ने मौलिक अधिकारों के लिए याचिका दायर की थी, जिसमें न्यायालय से आग्रह किया गया था कि संविधान में अनुच्छेद 30(2) और 82 के संबंध में राष्ट्रपति पद के लिए अस्पष्टता पर स्पष्टीकरण दिए जाने तक चुनाव को रोक दिया जाए। आर्टिकल 30(2) ने 2015 में अपनाए गए 19वें संशोधन के अनुसार राष्ट्रपति के कार्यकाल को छह से पांच साल तक सीमित कर दिया था, अनुच्छेद 82 को बदलने के लिए कोई जनमत संग्रह नहीं कराया गया था, जिसमें कहा गया है कि जनमत संग्रह के माध्यम से राष्ट्रपति के कार्यकाल को छह साल तक बढ़ाया जा सकता है। इसी को देखते हुए याचिकाकर्ता ने कार्यकाल पर स्पष्टता मांगी। अटॉर्नी जनरल ने आज सुबह तर्क दिया कि राष्ट्रपति के कार्यकाल पर कोई अस्पष्टता नहीं है जो कि पांच साल है।चुनाव आयोग के अध्यक्ष आर.एम.ए.एल. रत्नायके ने कहा कि चुनाव आयोग को 17 जुलाई के बाद चुनाव की तारीख घोषित करने का कानूनी अधिकार होगा। रत्नायके ने कहा कि आयोग वर्तमान में 2024 के चुनावी रजिस्टर को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है, जो चुनाव का आधार होगा। अधिकारियों ने कहा कि संशोधित सूची के अनुसार 17 मिलियन से अधिक मतदाता चुनाव में मतदान करने के पात्र होंगे।

विपक्ष ने मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे पर चुनाव स्थगित करने और हारने के डर से अपना राष्ट्रपति पद जारी रखने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। विक्रमसिंघे ने पिछले सप्ताह पुष्टि की थी कि चुनाव योजना के अनुसार ही होंगे।

### अमेरिकी शख्स ने दो बेटियों के साथ अपनी प्रेग्नेंट बीवी की कर दी थी हत्या

**नई दिल्ली।**संयुक्त राज्य अमेरिका के कोलोराडो से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। कोलोराडो के एक शख्स ने 2018 में अपनी गर्भवती पत्नी और दो बेटियों की हत्या कर दी थी। शख्स का नाम क्रिस वॉट्स बताया जा रहा है, अपराध में दोषी पाए जाने के बाद उसे जेल में डाल दिया गया था। अब न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, शख्स हमेशा जेल में डर से जीता है। रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिस वॉट्स को हमेशा लोगों की तरफ से हमला किए जाने या मारे जाने का डर लगा रहता है। बता दें कि क्रिस वॉट्स ने शुरुआत में यह मानने से मना कर दिया था कि उन्होंने ही अपने परिवार को मारा है, लेकिन बाद में उन्होंने अपराध कबूल कर लिया। जेल के एक पूर्व कैदी ने क्रिस वॉट्स के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा, उन्होंने अपनी दो छोटी लड़कियों को मार डाला जिन्होंने कुछ भी नहीं किया था।

## इजराइल में नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों ने राजमार्गों को अवरुद्ध किया

**तेल अवीव (हि. स.)।** गाजा में युद्ध शुरू होने के नौ महीने पूरे होने पर इजराइल के प्रदर्शनकारियों ने रविवार को देशभर में राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से पद छोड़ने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने संघर्ष विराम का आह्वान किया, ताकि हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सके। ये प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहे हैं, जब अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों ने समझौते के लिए नए सिरे से प्रयास शुरू कर दिए हैं। मिस्र और हमास के अधिकारियों ने 'एसोसिएटेड प्रेस' से कहा कि हमास ने युद्ध समाप्त करने के लिए इजराइल की प्रतिबद्धता की प्रमुख मांग छोड़ दी है। इससे नवम्बर के बाद पहली बार लड़ाई रुक सकती है तथा आगे की



वार्ता के लिए मंच तैयार हो सकता है। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य सड़कों को अवरुद्ध कर दिया और इजराइल की संसद के सदस्यों के घरों के बाहर प्रदर्शन किया। इस बीच, गाजा में लड़ाई जारी रही, रातभर और रविवार तड़के तक इजराइली हमलों में नौ फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल के अनुसार, मध्य गाजा के जवैदा कस्बे में एक घर पर हमला होने से छह फलस्तीनी मारे गए। गाजा पट्टी के हमास से जुड़े नागरिक सुरक्षा संगठन ने बताया कि रविवार को तड़के एक और इजराइली हवाई हमला गाजा शहर के पश्चिम में एक घर पर हुआ, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक स्कूल में इजराइली हवाई हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए और कम से कम 50 अन्य घायल हो गये। इजराइली सेना ने कहा कि वह हमास आतंकवादियों को निशाना बना रही है और नागरिकों की सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए हैं। लेबनान के आतंकवादी समूह हिजबुल्ला ने रविवार की सुबह कहा कि उसने उत्तरी इजराइल की ओर कई प्रक्षेपास्त्र दागे, जिनका लक्ष्य सीमा से 30 किलोमीटर (20 मील) से अधिक दूर के क्षेत्र थे।

# डिजिटल उपस्थिति के विरुद्ध शिक्षकों ने दिखाई एकजुटता

**पहले दिन जनपद से डिजिटल उपस्थिति रही शून्य**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** बेसिक शिक्षा परिषद विभाग द्वारा 08 जुलाई से शिक्षकों के डिजिटल उपस्थिति का आदेश था जिसके लिए विभाग ने बहुत जोर-जोर से तैयारी की लेकिन जनपद जौनपुर में यह तैयारी धरी की धरी रह गई यहां उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में जनपद के समस्त परिषद शिक्षकों ने डिजिटल उपस्थिति के प्रथम दिन पूर्ण रूपेण बहिष्कार किया, परिणाम यह रहा कि पहले दिन जनपद से शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति के रूप में शून्य संख्या गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा तानाशाही फरमान के तहत 08 जुलाई 2024 से डिजिटल उपस्थिति (डिजिटल अटेंडेंस) आदेश का उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर प्रांतीय नेतृत्व के आंदोलन के आह्वान के क्रम में पूरी मजबूती के साथ डिजिटल उपस्थिति का पूर्ण बहिष्कार कर रहा है। उक्त आंदोलन के क्रम में समस्त ब्लाक अध्यक्ष/मंत्री के नेतृत्व में सभी ब्लाकों के शिक्षकों ने अभूतपूर्व एकजुटता दिखाते हुए आज दिनांक 08 जुलाई 2024 को अपने-अपने विद्यालय में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते हुए पठन पाठन का कार्य किया, एंव अपनी उपस्थिति पंजिका पर ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जनपद से सरकार एवं विभाग को एक स्पष्ट संदेश दिया गया है कि डिजिटल उपस्थित तब तक स्वीकार नहीं है जब तक की शिक्षकों की मूलभूत समस्याओं जैसे, शिक्षक/शिक्षिकाओं को 30 ईएल, हाफ सीएल, सप्ताह के दूसरे शनिवार को अवकाश सहित व्यवस्था लागू किये जाने व प्रदेश के शिक्षक/शिक्षिकाओं की पूर्व से लम्बित/बाधित समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान किया जाए व परिषदीय शिक्षक/शिक्षिकाओं का वेतन विसंगति, स्वास्थ बीमा, पुरानी पेंशन बहाली सहित आवश्यक मुद्दों को दूर नहीं किया जाता है तबतक विरोध जारी रहेगा। उपरोक्त आंदोलन के इस क्रम में हम काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जारी रखते हुए आगामी 11 जुलाई को इस आदेश के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा।

# रेलकर्मियों को दी फायर फाइटिंग की जानकारियां



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** सोमवार को विद्युत लॉबी प्रयागराज के लोको पायलट क्लास-रूम में फायर एंड सेफ्टी ट्रेनिंग फॉर कुंभ मेला- 2025 से संबंधित संरक्षा ट्रेनिंग एवं फायर फाइटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें रेलवे के विभिन्न विभागों के 40 कर्मचारियों ने भाग लिया।

संरक्षा- ट्रेनिंग के बाद सभी कर्मचारियों को फायर फाइटिंग भी कराई गई। संरक्षा ट्रेनिंग से सम्बंधित कई विषयों पर चर्चा की गई जिसमें आग क्या है तथा कितने प्रकार की होती है, इसके लगने का क्या कारण होता है। आग एक रासायनिक प्रतिक्रिया है जो ऑक्सीजन, हीट और ईधन के मिलने एवं उसमें होने वाली लागातार प्रतिक्रिया से उत्पन्न हो जाती है। बताया गया कि आग बुझाने के लिये किसी एक सप्लाई को कट कर देते हैं, जिससे आग बुझ जाती है। जैसे ऑक्सीजन को रोकना स्मूथिंग मैथड कहते हैं। ईधन को हटाकर या कम करके आग बुझाते हैं उसे स्टारवेशन मैथड कहते हैं। इसी तरह आग पर पानी डालकर बुझाते हैं उसे कूलिंग मैथड कहते हैं। बताया कि आग के प्रकार जैसे ठोस, गैस, तरल, धात्विक पदार्थो एवं बिजली से लगने वाली आग को बुझाने के लिये अलग-अलग अग्निशामक यन्त्रों का प्रयोग करना। अग्निशामक यन्त्र कितने तरह के होते हैं तथा उसका प्रयोग कैसे करते हैं।

# पहली मोहर्रम-बिछ गई फर्श-ए-अज़ा

**हो रहा ज़िक्र ए शोहदा ए करबोबला**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** माहे मोहर्रम की पहली को नवासा ए रसूल हज़रत इमाम हुसैन व अन्य 71 शहीदों की अज़ीम शहादत के चौदह सौ साल गुज़रने के बाद भी आज उस ज़िन्दा ओ जावेद को याद किया जा रहा है। जिसने अपने नाना के दीन की अज़मत और बक़ा की खातिर हज को उमरे से बदल कर काबा जैसी पवित्र जगहा को खूंरेजी से महफ़ूज़ कर करबला का रुख किया और अपने पूरे खानवादे और दोस्त अहबाब को राहें हक़ में क़ुरबान कर दिया। उसी अज़ीम क़ुर्बानी की याद मनाते हुए बख्शी बाज़ार इमामबाड़ा नाज़िर हुसैन में मजलिस को मौलाना आमिरुर रिज़वी ने खिताब करते हुए शहादत का ज़िक्र किया। सिलसिलेवार मजलिस की कड़ी में अबरार हुसैन ज़व्वार हुसैन ,खुरशैद साहब का हाथा, मतलूब हुसैन, ताहिरा हाऊस में मुख्तलिफ ज़ाकिरों ने मजलिस को खिताब किया। चक ज़ीरो रोड स्थित इमामबाड़ा डिप्टी ज़ाहिद हुसैन में दस दिवसीय अशरे की पहली मजलिस को मौलाना रज़ी हैदर रिज़वी ने खिताब किया। वहीं दरियाबाद के पार्षद फसाहत हुसैन के अज़ाखाने पर हुई माहे मोहर्रम की पहली मजलिस को शहीर रालवी ने खिताब किया तो हैदर ज़ैदी बिट्टू ने मर्सिया पढ़ी। पेशख्वानी के फराएज़ बाबर ज़हीर व अलमदार दरियाबादी ने अन्जाम दिए। नजीब इलाहाबादी ने संचालन किया तो अन्जुमन हुसैनिया क़दीम के नौहाख्वान शाह बहादुर व अन्य नौहाख्वानों ने पुरदर्द नौहा पढ़ा।बाद मजलिस मन्नती दुलदुल भी निकाला गया जिस पर अक़ीदतमंदों ने अक़ीदत के फूल चढ़ाए तथा मन्नत व मुरादें मांगी। शहर भर कि विभिन्न मजलिसों में ताहिर मलिक ,हसन नक़वी ,शौज़फ़ मलिक, अकबर अली, मोहम्मद अहमद गुड्डू, नय्यर आब्दी, जुलक़रनैन आब्दी, अहसन भाई ,ज़फ़र रज़ा, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, अलमास हसन, ज़ामिन हसन अरशद नक़वी, सफी नक़वी आदि शामिल रहे।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अ. अनुरक्षण खण्ड नं.-3, (सिविल) लो.नि.वि., लखनऊ।

पत्रांक :- 1240/टेन्डर/2024 दिनॉक :- 02.07.2024

**निविदा सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3,(सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो का प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्यो के लिये लोक निर्माण विभाग श्रेणी-ए0,बी0,सी0 एवं डी0 में भवन कार्य के पंजीकृत निविदा दाता ही निविदा डालने के योग्य होगें।

| क्र. स. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभि. का पता | मुख्य अभि. का पता | जिला अधिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | कैसरबाग कालोनी के विभिन्न आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-ए। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 2 | लखनऊ | कैसरबाग कालोनी के विभिन्न आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-बी। | 2.00 | 0.20 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 3 | लखनऊ | कैसरबाग कालोनी के विभिन्न आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-ए। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 4 | लखनऊ | कैसरबाग कालोनी के विभिन्न आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-बी। | 2.00 | 0.20 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 5 | लखनऊ | लालबाग आफीसर्स कालोनी स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-ए। | 3.50 | 0.35 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 6 | लखनऊ | लालबाग आफीसर्स कालोनी स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-बी। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 7 | लखनऊ | लालबाग आफीसर्स कालोनी के विभिन्न आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 8 | लखनऊ | डी0एम0 कम्पाउन्ड कालोनी स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 1.50 | 0.15 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 9 | लखनऊ | डी0एम0 कम्पाउन्ड कालोनी स्थित आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 1.50 | 0.15 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 10 | लखनऊ | एल0डी0ए0 ऐशबाग कालोनी स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 11 | लखनऊ | एल0डी0ए0 ऐशबाग कालोनी स्थित आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 1.50 | 0.15 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 12 | लखनऊ | तालकटोरा ई0डी0 कालोनी के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य (ग्रुप-ए)। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 13 | लखनऊ | तालकटोरा ई0डी0 कालोनी के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य (ग्रुप-बी)। | 2.00 | 0.20 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 14 | लखनऊ | तालकटोरा ई0डी0 कालोनी के विभिन्न आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 1.50 | 0.15 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 15 | लखनऊ | तालकटोरा मल्टी स्टोरी कालोनी के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य (ग्रुप-ए)। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 16 | लखनऊ | तालकटोरा मल्टी स्टोरी कालोनी के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य (ग्रुप-बी)। | 2.00 | 0.20 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 17 | लखनऊ | तालकटोरा मल्टी स्टोरी कालोनी के विभिन्न आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 2.00 | 0.20 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 18 | लखनऊ | कैसरबाग आफीसर्स कालोनी स्थित आवास सं0 4/11, 2/16, 1/1 एवं 4/1 में विभिन्न सिविल सम्बन्धी अनुरक्षण का कार्य। | 4.00 | 0.40 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 19 | लखनऊ | ऐशबाग कालोनी स्थित आवास सं0 एल0आई0जी0-53, 51 एवं 32 में क्षतिग्रस्त प्लास्टर की मरम्मत का कार्य, फर्श की मरम्मत का कार्य,क्षतिग्रस्त बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत का कार्य, पानी की टंकी बदलने का कार्य, अन्य विभिन्न सिविल अनुरक्षण का कार्य। | 2.32 | 0.24 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 20 | लखनऊ | नैपियर रोड कालोनी स्थित स्थित श्रेणी-2 के आवास सं0 11/3 एवं आवास सं0 8/4 में बाथरूम के जीर्णोद्वार एवं अन्य विभिन्न मरम्मती कार्य। | 0.89 | 0.06 | 650.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 21 | लखनऊ | नैपियर रोड कालोनी स्थित टाईप-1 के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 22 | लखनऊ | नैपियर रोड कालोनी स्थित टाईप-2 के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 2.00 | 0.20 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 23 | लखनऊ | नैपियर रोड कालोनी स्थित टाईप-1 एवं टाईप-2 के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 2.00 | 0.20 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 24 | लखनऊ | लालबाग आफीसर्स कालोनी स्थित आवास संख्या-बी-602 में दोनो बाथरूम व किचेन के जीर्णोद्धार का कार्य। | 1.44 | 0.15 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 25 | लखनऊ | विधायक निवास-5(मीराबाई मार्ग) लखनऊ स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-ए। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 26 | लखनऊ | विधायक निवास-5(मीराबाई मार्ग) लखनऊ स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-बी। | 2.00 | 0.20 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 27 | लखनऊ | विधायक निवास-5(मीराबाई मार्ग) लखनऊ स्थित आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 28 | लखनऊ | विधायक निवास-5 मीराबाई मार्ग स्थित आवास संख्या-01-02 एवं सर्वेन्ट क्वॉटर के आवास संख्या-306 में सिविल सम्बन्धी विभिन्न कार्य। | 3.38 | 0.34 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 29 | लखनऊ | मा0 कांशीराम जी ईको गार्डेन एवं जनसुविधा परिसर के अन्तर्गत निर्मित स्टाफ क्वॉटर (डारमेट्री कक्ष) में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 1.10 | 0.11 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 30 | लखनऊ | बौद्ध विहार शान्ति उपवन आवासीय परिसर में स्थित आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई एवं विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.20 | 0.32 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 31 | लखनऊ | सेक्टर-एल कानपुर रोड लखनऊ स्थित आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई एवं विभिन्न मरम्मती कार्य। | 0.70 | 0.07 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 32 | लखनऊ | सेक्टर-डी जानकीपुरम् कालोनी स्थित आवास संख्या-डी-45, टाईप-2 में क्षतिग्रस्त प्लास्टर की मरम्मत का कार्य, किचेन में पत्थर व टाइल्स लगाने का कार्य, बाथरूम में टाइल्स लगाने का कार्य, दरवाजे बदलने का कार्य एवं अन्य विभिन्न मरम्मती कार्य। | 0.54 | 0.06 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 33 | लखनऊ | सेक्टर-डी जानकीपुरम् कालोनी स्थित आवास संख्या-1/5, टाईप-4 में किचेन टाप एवं टाइल्स लगाने का कार्य, बाथरूम में टाइल्स लगाने का कार्य, पानी की टंकी लगाने का कार्य एवं अन्य विभिन्न मरम्मती कार्य। | 1.03 | 0.11 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 34 | लखनऊ | सेक्टर-डी जानकीपुरम् कालोनी स्थित टाईप-4 के आवास संख्या-2/1 में जाली बदलने का कार्य, दरवाजे लगाने का कार्य व अन्य विभिन्न मरम्मती कार्य। | 0.51 | 0.06 | 650.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 35 | लखनऊ | सेक्टर-डी जानकीपुरम् कालोनी स्थित आवास संख्या-3/2, टाईप-4 में बाथरूम में फ्लोर टाइल्स लगाने का कार्य, वाल टाइल्स लगाने का कार्य, बाथरूम की फिटिंग्स बदलने का कार्य एवं विभिन्न मरम्मती कार्य। | 1.44 | 0.15 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 36 | लखनऊ | सेक्टर-डी जानकीपुरम् कालोनी स्थित टाईप-2 के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 37 | लखनऊ | सेक्टर-डी जानकीपुरम् कालोनी स्थित टाईप-2 के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 38 | लखनऊ | सेक्टर-डी जानकीपुरम् कालोनी स्थित टाईप-3 के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 39 | लखनऊ | सेक्टर-डी जानकीपुरम् कालोनी स्थित टाईप-4 के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 40 | लखनऊ | सेक्टर-डी जानकीपुरम् कालोनी स्थित टाईप-4 के आवास संख्या-7/1 में फर्श की मरम्मत का कार्य, दरवाजे बदलने का कार्य, मच्छर जाली लगाने का कार्य, एवं अन्य विभिन्न मरम्मती कार्य। | 0.70 | 0.07 | 650.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 41 | लखनऊ | सेक्टर-डी जानकीपुरम् कालोनी स्थित टाईप-3 के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |

2. निविदा प्रपत्र सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता एवं जिनका विवरण तालिका के कॉलम 8, 9, में है, के कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक दिनांक-18.07.2024 से 23.07.2024 तक नगद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो, अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ को देय होगा, से क्रय की जा सकती है। इच्छुक निविदाकर्ता अधिक जानकारी सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये अतिरिक्त धनराशि रू0 500/- देकर प्राप्त की जा सकती है तथा इसके लिये दिनांक-23.07.2024 सायं 4 बजे तक अनुरोध स्वीकार किया जायेगा। निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी डाक में देरी के लिये जिम्मेदार नहीं होगें। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट www.uppwd.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है और इसकी लागत रू0 500/- के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ के पक्ष में देय होगा, आवश्यक रूप से निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जायेगी। निविदा प्रपत्र जैसाकि उक्त तालिका में उल्लेख किया गया है कि कार्यालय में दिनांक-24.07.2024 के अपरान्ह को 12:30 बजे तक जमा की जा सकती है। जिनको उसी कार्य दिवस में दिनांक-24.07.2024 को 2:00 बजे जिला अधिकारी लखनऊ के कार्यालय में जैसा कि स्तम्भ 11 में वर्णित हैं, इच्छुक निविदाकर्ता की उपस्थिति में खोली जायेगी।

3. निविदा के नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न रहेगी।

UPID-217048 Dated-04-07-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

**अधिशासी अभियन्ता**
**अ.अनुरक्षण खण्ड-3(सिविल)**
**लो.नि.वि., लखनऊ।**


## संक्षिप्त समाचार

### मेडबंदी को लेकर हुए मारपीट में महिला घायल

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में खेत मे मेड़बंदी को लेकर पड़ोसी ने मारपीट कर एक महिला को घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। उक्त गांव निवासी सीमा देवी पत्नी विनय कुमार ने थाने में लिखित तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि अपने खेत की मेड़बन्दी करते समय पड़ोसी से कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते उक्त गांव निवासी अनीता देवी, सरिता देवी,स्नेहा, आस्था, अंकिता , ज्योति, अंकुश मौर्य, सृष्टि , संगीता देवी, रेखा देवी लाठी डंडे से हमे मारना पीटना शुरू कर दिया। जिसमे हमे गंभीर चोटे आई। सीमा देवी से मिली तहरीर के आधार पर उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उचित कार्यवाही की जा रही है।

### शिक्षकों ने ऑनलाइन अटेंडेंस का किया विरोध



**जौनपुर (खुटहन)** स्थानीय प्राथमिक विद्यालय मनिहर पटैला में एआरपी राजीव सिन्हा के नेतृत्व में सोमवार को विद्यालय प्रांगण में शिक्षक व शिक्षिका ने काली पट्टी बांधकर ऑनलाइन अटेंडेंस का विरोध किया और एआरपी राजीव सिन्हा ने कहा कि यह विरोध तब तक चलेगा जब तक सरकार ऑनलाइन अटेंडेंस उपस्थिति को वापस नहीं लेगी इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय मनिहर के प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार यादव, सहायक अध्यापक विजय यादव, कृपाशंकर यादव, रविन्द्र यादव, शिक्षामित्र कुसुम यादव, एवं शारदा मौर्या आदि लोग उपस्थित रहे।

### पशुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो: अभय



**जौनपुर (रामपुर)** विकासखंड रामपुर के ग्राम सभा पचरुखी स्थित गौशाला में आने वाले बारिश के मौसम को देखते हुए साफ सफाई का कार्य कराया गया, तथा गायों के व्यवस्थित चारा पानी एवं स्थित टूटे हुए टीन सेट की भी मरम्मत कराई गई, बारिश के मौसम को देखते हुए सचिव अभय सरोज ने गायों के समुचित व्यवस्था का हाल जाना, तथा किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसलिए समय-समय पर सफाई व्यवस्था व देखरेख सुनिश्चित बनी रहे एवं सभी केयरटेकरों को निर्देश दिया गया की कहीं भी गंदा पानी एकत्रित न होने पाए तथा पानी की निकासी समय-समय करें एवं भूसा और चारे का उपयोग करें पशुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो सके तथा सभी केयरटेकर सरकार के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश का पालन करें।

### दबंगों ने पीड़ित को दौड़ाया, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद



**आजमगढ़।** जिले के अतरौलिया थानाक्षेत्र के शेरवां गांव निवासी शत्रुघ्न वर्मा पुत्र स्वर्गीय नरसिंह वर्मा ने आरोप लगाया है कि दो बाइक सवार बदमाशों द्वारा उनके ऊपर जानलेवा हमला किया गया। थाने पर दिए गए प्रार्थना पत्र के मुताबिक शत्रुघ्न वर्मा अतरौलिया थाने में चौकीदार के पद पर कार्यरत हैं और वह नंदना बाजार में फौजी डिजिटल लाइब्रेरी की देखभाल करते हैं। रविवार को शाम लगभग पांच बजे वह फौजी डिजिटल लाइब्रेरी पर मौजूद थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिल पर छह की संख्या में अज्ञात बदमाश आए और कट्टा, लाठी और डंडा से उनके ऊपर जानलेवा हमला कर दिए। पीड़ित का कहना है कि वह घायल हो गया और जोर से चिल्लाया तभी आसपास के लोग इकट्ठा हुए और बीच बचाव किया। पीड़ित के मुताबिक आरोपी कट्टा लहराते हुए भाग गए। वहीं पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। अतरौलिया थानाक्षेत्र की स्थानीय थाने की पुलिस तहरीर में जुटी है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# काली पट्टी बांध कर शिक्षकों के आनलाइन उपस्थित का किया गया विरोध

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर पर विकास खंड मुगराबादशाहपुर के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं द्वारा हाथ पर काली पट्टी बाँध कर आन लाइन उपस्थिति का पुरजोर विरोध किया गया। सभी शिक्षकों द्वारा नाराजगी जताते हुए तब तक विरोध जारी रहने की बात कही गई जब तक इस तुगलकी फरमान को सरकार द्वारा वापस नहीं लिया जाता है। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजीव रत्नम तिवारी एवं मंत्री अजीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमण्डल खंड शिक्षा अधिकारी डाक्टर अविनाश सिंह से मिला और प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर संजय कुमार मिश्र, हंस राज सिंह, राहुल सिंह, संजय सिंह, अनुज सिंह, पृथ्वी पाल, बाबू राम यादव, विजय प्रताप, विजय कनौजिया, धर्मेन्द्र मिश्रा,पारुल शर्मा, सीमा मौर्या, सुमन जायसवाल, सुनीता पटेल, धनन्जय प्रताप सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसी क्रम में शक्तिपीठ दौलतिया हनुमान मंदिर पर यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई मुंगरा बादशाहपुर के तत्वाधान में डिजिटल उपस्थिति को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर चिंता देवी प्रियंका त्रिपाठी, राम शुक्ला, शिवानी, संजय, गरिमा, विष्णु, शिवलाल, शिवपूजन, सुनील, अजय सिंह, प्रियंका सिंह, रत्नाकर, रोहित, बृजेश, पवन, प्रदीप, चंद्रप्रकाश, उर्मिला व राजीव आदि लोग मौजूद रहे।

## अथर्व लूथरा को मिला मानस मेमोरियल अवार्ड



**प्रयागराज।** सेंट जोसेफ कॉलेज प्रयागराज के सभागार में आज वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अन्य पुरस्कारों के साथ मानस मेमोरियल अवार्ड- 2023-24 कक्षा पाँच में सर्वाधिक अंक पाने वाले अथर्व लूथरा को दिया गया। यह अवार्ड कक्षा 5 में सर्वोच्च अंक पाने वाले मेधावी छात्र को प्रति वर्ष दिया जाता है।इस कार्यक्रम में सेन्ट जोसेफ़ कॉलेज के प्राचार्य फ़ादर वाल्टर डी'सिल्वा, हेडमास्टर फ़ादर मैल्विन पॉयस और मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हुए नाज़रेथ हॉस्पिटल में निदेशक फ़ादर विपिन डिसूज़ा ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया। सेन्ट जोसेफ कॉलेज के ही हिंदी प्रवक्ता डॉक्टर मनोज कुमार सिंह तथा उनकी पत्नी श्रीमती संगीता सिंह जो कि जूनियर हाई स्कूल आदमपुर में अंग्रेजी अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। इन्हें सन् 2021 में राज्य अध्यापक पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। वर्तमान में वे महिला शिक्षक संघ प्रयागराज में महामंत्री के पद पर आसीन है। इन दोनों के द्वारा उनके इकलौते सुपुत्र स्वर्गीय मानस सिंह जो सेंट जोसफ कॉलेज के ही कक्षा 5 के प्रतिभाशाली छात्र थे, उन्हीं की स्मृति में यह अवार्ड दिया जाता है। इस पुरस्कार के तहत एक ट्राफी, प्रशस्ति पत्र और 10,000 का फिक्स्ड डिपॉजिट दिया जाता है।

# वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हो सपा प्रदेश अध्यक्ष ने लगाए पेड़

**बोले सपा के पीडीए पौधरोपण अभियान के तहत अब तक प्रदेश भर में लगे लाखों पेड़**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन एक जुलाई से शुरू पीडीए पौध रोपण अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल आज जिले के विभिन्न स्थानों पर अपने करकमलों से पेड़ लगा पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा चलाये जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव डॉ राम मनोहर लोहिया की नीतियों पर चलकर हमेशा से ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर सचेत रहे हैं। पिछली सरकार में उनके नेतृत्व में चलाये गए वृक्षारोपण अभियान का विश्व रिकार्ड बनाया गया था।उन्होंने दावा किया कि पीडीए पौध रोपड़ अभियान के दौरान अभी तक पूरे प्रदेश भर में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा लाखों की संख्या में पीपल, बरगद,नीम सहित अन्य प्रकार के पौधों को रोपित किया जा चुका है।

सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल आज जिले के शेर डीह, सोंनौटी, हेतापट्टी, सकरा, देवली, महजूदवा, मैलाहन, बजती, सराय मम्मरेज, बगई खुर्द, मेहंदीपुर बालाजी आदि गाँवों में धार्मिक स्थलों, स्कूल कालेजों, सार्वजनिक स्थानों, अस्पताल आदि में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होकर अपने करकमलों से दर्जनों पेड़ लगा वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की। सपा प्रदेश अध्यक्ष कई कार्यकर्ताओं के परिजनों की मृत्यु पर उनके घर शोक संवेदना देने पहुंचे जहाँ मृतक की याद में भी पौधे लगाए।

इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, विधायक श्रीमती विजमा यादव, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, उपाध्यक्ष डॉ राजेश यादव, राम सुमेर पाल, पूर्व प्रमुख सुषमा पासी, राम प्रताप, नन्हे विश्वकर्मा, डॉ रामराज पाल, धर्म पाल सिंह, मुलायम यादव, योगेश पाल, हरिश्चन्द्र, क़न्हाई पासी, जगदीश, भोला, सुधीर भारतीय, सुरेश यादव, मानसिंह, अनिल भदौरिया, सुरेन्द्र यादव, सुजीत यादव, बबलू बजती, राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

# अटेवा चलाएगा 15 जुलाई से सदस्यता अभियान

अवधनामा संवाददाता

**पुरानी पेंशन लड़ाई लड़ रहे संगठन अटेवा की मासिक समीक्षा बैठक**



**आजमगढ़।** जनपद के घोरठ में आयोजित निजी शिक्षण संस्थान में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुभाष चन्द यादव ने एवं संचालन संगठन मंत्री घनश्याम यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुभाष यादव ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा द्वारा आगामी पेंशन आंदोलन की रूपरेखा बताया जिसके अनुसार पंद्रह जुलाई से अटेवा का व्यापक सदस्यता अभियान शुरू होगा। अगस्त के पहले सप्ताह मे दिल्ली मे पेंशन बहाली के लिए राष्ट्रीय अधिवेशन होगा। 1 अगस्त से 9 अगस्त तक सभी ब्लाकों मे एनपीएस निजीकरण देश के लिए घातक नाम से गोष्ठी का आयोजन होगा। अक्टूबर के पहले सप्ताह मे देश के सभी जिला मुख्यालयों पर पेंशन मार्च किया जाएगा,दिसम्बर मे राजधानी लखनऊ मे प्रदेश स्तरीय ऐतिहासिक पेंशन हुंकार कार्यक्रम किया जायेगा,साथ ही देश के सभी सांसदों से समर्थन पत्र जारी कराने हेतु घेराव किया जायेगा।

महामंत्री राम जी वर्मा ने उपस्थित समस्त विभाग के पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया और कहा कि आप लोग इसी तरह से अटेवा का साथ देते रहेंगे तो वह दिन दूर नहीं जिस दिन पुरानी पेंशन आप सभी लोगों की झोली में होगी।

जिला संगठन मंत्री ओंकार सिंह ने बताया कि रास्ते का पत्थर चकनाचूर होना चाहिए वार एक ही हो मगर भरपूर होना चाहिए। ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सीपी यादव ने बताया कि अटेवा के आगामी सभी कार्यक्रमों में जिले के सभी सफाई कर्मचारी पूरे शिद्दत से भाग लेंगे। जिला मंत्री राकेश कुमार यादव ने बताया कि 15 जुलाई से 15 सितंबर तक सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जोड़ें । जिला मीडिया प्रभारी गुलाब चौरसिया ने बताया कि अपनी मांग लगातार सरकार से सोशल मीडिया के माध्यम से मांगते रहिए वह दूर नहीं जिस दिन पुरानी पेंशन हमारी होगी। बैठक में अधीनस्थ कृषि सेवा संघ के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष तेजू सिंह यादव तथा उनकी पूरी टीम का स्वागत किया गया साथ ही साथ मातृशक्ति प्रकोष्ठ की सभी पदाधिकारी मीडिया सेल के प्रभाव अधिकारियों को सम्मानित किया गया। संगठन के विस्तार के क्रम में जिला कार्यकारी के सदस्य मनोज मौर्य जी को अटेवा आजमगढ़ का जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला महामंत्री ओंकार नाथ ने बताया है कि एक-एक साथी सहभागी क्या करेंगे तभी जाकर हमारी मांगे मानी जाएगी। सभी विभागों का सहयोग प्राप्त हुआ और सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एक जिला, एक फसल पहल के प्रोत्साहन के लिए 25 लाख करोड़ तक कृषि लोन

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार आगामी बजट में किसानों को बड़ा तोहफा दे सकती है। कृषि के क्षेत्र को आगे ले जाने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण किसानों पर मेहरबान हो सकती हैं। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार कृषि लोन की राशि बढ़ाया जा सकता है। पिछले वित्त वर्ष में कृषि लोन के लिए 20 लाख करोड़ का आवंटन किया गया था।

चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार कृषि लोन की राशि बढ़ा सकती है। सूत्रों के मुताबिक एक जिला, एक फसल पहल व कृषि संबंधी आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार चालू वित्त वर्ष में कृषि लोन के मद में 25 लाख करोड़ का आवंटन कर सकती है।

**अंतिम फैसला आना बाकी**

पिछले वित्त वर्ष में कृषि लोन



के मध्य में 20 लाख करोड़ का आवंटन किया गया था, लेकिन कृषि लोन के तहत 24 लाख करोड़ से अधिक का आवंटन करना पड़ा। नाबार्ड कृषि क्षेत्र के लोन का अनुमान लगाने का काम करता है और उस आधार पर लोन के मद में राशि का आवंटन होता है।

नाबार्ड की तरफ से वित्त मंत्रालय को इस संबंध में रिपोर्ट सौंप दी गई है और अब अंतिम फैसला वित्त मंत्रालय को लेना है। सरकार किसानों को नकदी फसल व अपने-अपने क्षेत्र की विशेष फसल के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करना चाहती है।

**क्या है इसकी बुनियाद**

इसलिए मैन्यूफैक्चरिंग में एक जिला, एक उत्पाद के तर्ज पर कृषि क्षेत्र में एक जिला, एक फसल पहल की गई है। कृषि क्षेत्र में पारंपरिक तरीकों को छोड़ अन्य आधुनिक विकल्पों को अपनाने के लिए कह रही है ताकि वे अपनी फसल को निर्यात के लायक बना सके।

**कब आ रहा बजट?**

इसी महीने 23 जुलाई को मोदी सरकार केंद्रीय बजट पेश करने वाली है। आगामी बजट से किसानों को काफी उम्मीदें है। ऐसे में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण किसानों पर मेहरबान हो सकती हैं।

## उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने अपनी एक नई शाखा उत्तर प्रदेश के मेरठ में खोली



**मेरठ।** उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) ने आज उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में अपनी नई शाखा की शुरूआत की। यह शाखा विकास प्लाजा, प्लाट नं-04 श्रीराम पैलेस, नवीन मंडी, मेरठ दिल्ली जीएसटी रोड मेरठ, 250002 में खोली गई है। इस नई शाखा की शुरूआत के साथ ही, मेरठ में कुल शाखाओं की संख्या तीन और उत्तर प्रदेश में 195 शाखाएं और देश भर के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल संख्या 914 तक पहुंच गई है।

इस नई शाखा के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, ÷हमें इस बात की खुशी है कि हमारा बैंकिंग नेटवर्क उत्तर प्रदेश में विस्तार ले रहा है। इस नई शाखा के साथ ही हमारी पहुंच उत्तर प्रदेश में बढ़ी है। मेरठ अपनी ऐतिहासिकता और शानदार आर्थिक शहर के रूप में मशहूर है और यहां विकास के सभी अवसर उपलब्ध हैं। इस नई शाखा के कारण स्थानीय लोगों को हमारी बैंकिंग सेवाओं का पूरा सहयोग मिलेगा, साथ ही आर्थिक विकास में मजबूती आएगी जिसका लाभ जिले के आसपास के सभी वर्गों को मिलेगा।

बैंक के द्वारा अपने ग्राहकों को तमाम तरह के वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान कराई जाती हैं जिनमें सेविंग और करेंट अकाउंट्स, फिक्स्ड डिपाजिट और रेकरिंग डिपाजिट जैसी सेवाएं शामिल हैं। ग्राहकों की आर्थिक महत्वकांक्षाओं की पूर्ति के लिए, बैंक कई तरह के लोन जैसे हाउसिंग लोन, बिजनेस लोन और संपत्ति के एवज में लोन उपलब्ध कराती है।

बैंक के पास बहुत ही अच्छा बैंकिंग आउटलेट इंफ्रास्ट्रक्चर है, डिजिटल बैंकिंग की सुविधाएं और एटीएम का नेटवर्क है जिससे बैंक अपने ग्राहकों को हर तरह की सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम है। इसके अलावा बैंक दूसरे तरह की सुविधाएं जैसे इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) भी उपलब्ध कराती है।

उत्कर्ष एसएफबीएल का उद्देश्य उन लोगों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना है जिन लोगों तक बैंकिंग सेवाएं नहीं पहुंच सकी हैं।


## पेंशन योजना में सुधार करेगी सरकार!

**नई दिल्ली।** एसबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक दशक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने जनधन दिवालिया कानून और जीएसटी जैसे ऐतिहासिक सुधार किए हैं। अब पीएम मोदी को अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान पेंशन योजना में सुधार कार्बन उत्सर्जन को कम करने एनबीएफसी से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करने नैतिक एआई सहित दूसरे प्रणालीगत मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने बजट 2024 से पहले एक रिपोर्ट तैयार की है। इसमें सरकार के पिछले एक दशक की नीतिगत योजनाओं की तारीफ करने के साथ यह भी बताया गया है कि अब उसे किन चीजों पर ध्यान देना चाहिए।

एसबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक दशक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने जनधन, दिवालिया कानून और जीएसटी जैसे ऐतिहासिक सुधार किए हैं।

# उत्तरप्रदेश में टेक्नोलॉजी को लेकर उत्साही लोगों को मसाई स्कूल के पीएपी मॉडल से मिली सफलता



**नई दिल्ली।** मसाई स्कूल एक प्लेटफॉर्म है, जो कौशल से अवसरों को जोड़ने के लिए एक पुल बनाता है। मसाई स्कूल ने भारत में 5000 से अधिक छात्रों का सपना साकार किया है। नतीजे देने वाले कॅरियर इंस्टिट्यूट में अब तक स्टूडेंट्स के 100 बैच से अधिक को ट्रेनिंग दी गई है। मसाई स्कूल ने साल दर साल विकास किया है। इस समय मसाई स्कूल में 6,000 छात्र पढ़ रहे हैं। इस महीने स्थापना के पांच साल पूरा करने वाले संगठन ने भारत में नतीजे प्रदान करने वाली शिक्षा व्यवस्था का सूत्रपात किया है। इसके साथ ही मसाई स्कूल भारत में मानवीय क्षमता को सामने लाने के इकलौते लक्ष्य को हासिल करना की कोशिश कर रहा है।

उत्तर प्रदेश के कानपुर के रहने वाले अमन कश्यप ने पहले स्विगी के लिए डिलिवरी एसोसिएट के रूप में काम किया था। एक बड़ी उपलब्धि के रूप में उन्होंने मसाई स्कूल का विकल्प चुना। मसाई के साथ अपने सफर के बारे में बताते हुए अमन ने कहा, ÷मैंने मसाई को अपने दोस्त के माध्यम से खोजा। शुरू-शुरू में मुझे इस पर शक था, पर बाद में मैंने चांस लेने का फैसला किया। मैं उनके प्लेसमेंट के बाद पेमेंट के मॉडल से काफी आकर्षित हुआ। टेक्निकल बैकग्राउंड से न होने के कारण मुझे चुनौतियां भी झेलनी पड़ीं और कई सेमेस्टर रिपीट भी करने पड़े। इसके बावजूद अपने संरक्षक और लगातार प्रयासों से मैंने अपनी टेक्निकल और सॉफ्ट स्किल्स बढ़ाई। अलग-अलग बैंकग्राउंड से होने के बावजूद अमन के समर्पण और निरंतर बेहतरीन परफॉर्मेंस के कारण उन्हें स्विगी में सॉफ्टवेयर डिवेलपर की नौकरी मिल गई। स्विगी में ही उन्होंने पहले डिलीवरी बॉय के रूप में काम किया था।

उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर में रहने वाले हर्षित त्रिपाठी को जॉब मार्केट में काफी प्रतियोगिता होने के कारण कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इसलिए उन्हें अपनी पसंद की नौकरी नहीं मिल पाई। अपने भाई के मार्गदर्शन से उन्होंने मसाई स्कूल ज्वॉइन किया। अपने सफर के बारे में उन्होंने कहा, ÷मैंने कुछ व्यावहरिक स्किल्स सीखने के लिए अंडरग्रेजुएशन में बीसीए कोर्स किया। हालांकि, इसके लिए माहौल न होने और बाजार में नौकरी के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा ने मेरी आगे बढ़ने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। बदलाव की ओर कदम बढ़ाते हुए मैंने मसाई स्कूल में एडमिशन लिया। इस कड़ी ट्रेनिंग ने मुझे कोडिंग में एक्सपर्ट बनाने के साथ टीम में काम करने की स्किल्स सिखाई। इससे तकनीकी कॉन्सेप्ट्स में मेरा आत्मविश्वास बढ़ा, जिससे मुझे एयरटेल पेमेंट बैंक में एसडीई-1 की नौकरी मिली। अब हर्षित एयरटेल पेमेंट पेमेंट बैंक में अच्छी तरह से नौकरी कर रहे हैं। हर्षित ने कॅरियर के लिए तैयार होने और तकनीक के क्षेत्र में व्यक्तिगत विकास पर मसाई के प्रभाव की अद्भुत मिसाल पेश की।

उत्तर प्रदेश में लखनऊ के रहने वाले शशांक दुबे ने पहले बीएससी का डिग्री कोर्स किया। उन्होंने जल्दी ही पहचान लिया कि यह कोर्स उनके लिए आदर्श नहीं है। इसके बाद उन्होंने एक डिप्लोमा प्रोग्राम में दाखिला किया। इसी के साथ उन्होंने आर्थिक मदद के लिए कई पार्ट टाइम जॉब्स भी की। अपने सफर पर प्रकाश डालते हुए शशांक ने कहा, ÷आर्थिक तंगी के कारण एक फील्ड को छोड़कर दूसरे क्षेत्र में प्रवेश करना मेरे लिए आसान नहीं है, पर प्लेसमेंट के बाद पेमेंट के तरीके ने मुझे मसाई के साथ नया सफर शुरू करने की उम्मीद दी। उनके गहन स्टैक डिवेलपमेंट प्रोग्राम ने मुझे नई प्रोग्रमिंग स्किल्स से लैस किया, मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया, भाषा की सीमाओं और रुकावटों को दूर करने में मेरी मदद की और मुझे तकनीकी स्किल्स में प्रवीण बनाया।

## सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड ने दिल्ली में सोलर-पावर्ड ईवी चार्जिंग स्टेशन के साथ ग्रीन पुश का नेतृत्व किया

**नई दिल्ली।** भारत के सर्वोच्च सोलर आर्गेनाइजेशन, नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से, ईवी चार्जर और सोलर सॉल्यूशंस के लीडिंग मैन्युफैक्चरर, सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड ने दिल्ली के पहले ग्रिड-कनेक्टेड सोलर-पावर्ड ईवी चार्जिंग कारपोर्ट का उद्घाटन किया है। हौज़ खास विलेज पार्किंग स्टेशन पर एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में स्थापित यह सोलर-पावर्ड ईवी चार्जिंग कारपोर्ट, सस्टेनेबल एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल इंफ्रास्ट्रक्चर में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। सर्वोटेक ने कारपोर्ट स्थापित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सोलर पैनल्स और ईवी चार्जर्स को मैन्युफैक्चर, डिज़ाइन और कमिशन्ड किया है। इसके अतिरिक्त, सर्वोटेक कारपोर्ट के लिए सारे इंफ्रास्ट्रक्चर को डिज़ाइन और कार्यान्वित करने के लिए जिम्मेदार रहा है।




भारत और भूटान में जर्मन राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, उन्होंने श्री रमन भाटिया (फाउंडर और एमडी, सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड) श्री अमरजीत सिंह (सीईओ, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड) श्री चिंतन शाह, (प्रधान सलाहकार, एनएसईएफआई) और सुब्रमण्यम पुलिपका, (सीईओ, एनएसईएफआई) की उपस्थिति में सोलर-पावर्ड ईवी चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। यह पहल बीएसईएस और दिल्ली नगर निगम के द्वारा नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया और बुंडेसवरबैंड सोलरवार्टशाफ्ट ई.वी. के बीच एक कोलैबोरेशन है। सोलर-पावर्ड ईवी चार्जिंग कारपोर्ट की स्थापना केवीपी प्रोजेक्ट फ्रेमवर्क के तहत की गई थी। केवीपी प्रोजेक्ट को जर्मन फेडरल मिनिस्ट्री फॉर इकनॉमिक कॉर्पोरेशन एंड डेवलपमेंट की बिज़नेस मेंबरशिप ऑर्गेनाइजेशन पार्टनरशिप के हिस्से के रूप में जर्मन नॉन-प्रॉफिट कंपनी सेक्वा जीएमबीएच द्वारा समर्थित किया गया है।

# वर्ल्ड स्किन हेल्थ डे : बादाम की खूबियों के साथ अपनी त्वचा को दें अंदर से पोषण

**नई दिल्ली।** अपनी त्वचा को सेहमतंद बनाये रखने के लिये सिर्फ बाहरी देखभाल ही काफी नहीं है, बल्कि उन्हें अंदर से पोषण देना भी जरूरी है। हम जो भी खाते हैं, उसका सीधा असर हमारी स्किन और सम्पूर्ण



सेहत पर पड़ता है। इसलिये हर दिन स्वच्छ एवं संतुलित आहार लेना आवश्यक है, जिसमें बादाम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ भी मौजूद होने चाहिये। 15 जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर बादाम हमारी त्वचा पर जादुई असर दिखाता है। रोजाना बादाम खाने से त्वचा की संरचना एवं टोन बेहतर होती जाती है। रोजाना सिर्फ मुट्ठी भर बादाम को अपनी डेली रूटीन में शामिल करने से कई फायदे मिल सकते हैं, जिनमें हमारी त्वचा में निखार आना और उनमें सेहतमंद सुधार होना शामिल है। हर साल 8 जुलाई को वर्ल्ड स्किन हेल्थ डे मनाया जाता है। इस बार इस महत्वपूर्ण अवसर पर आईये त्वचा की बाहरी देखभान से आगे बढ़कर स्किन हेल्थ को अंदर से पोषित करने पर ध्यान केन्द्रित करें। अपनी डाइट में बादाम को शामिल करने से त्वचा की झुर्रियां काफी कम हो जाती हैं। बादाम में हेल्दी फैट्स और विटामिन ई (अल्फा-टोकोफेरोल) भरपूर मात्रा में होते हैं, जो एंटी-एजिंग प्रॉपर्टीज के रूप में जाने जाते हैं, जिससे त्वचा सेहतमंद बनती है। बादाम के नियमित सेवन से त्वचा में पराबैगनी किरणों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। धूप में इन पराबैगनी किरणों से ही त्वचा को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है। साथ ही त्वचा की बनावट और रंगत भी बेहतर होती है। इसके अलावा बादाम को आयुर्वेद, सिद्ध, और यूनानी जैसी कई पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में भी त्वचा के लिए फायदेमंद माना गया है। बादाम त्वचा की निखार और चमक बढ़ाने में मदद करता है। ये गुणकारी मेवे बहुत बहुपयोगी भी होते हैं, इन्हें कई रूपों में खाया जा सकता है, जो किसी भी डाइट को पोषणयुक्त बना देता है।

स्किन एक्सपर्ट और कॉस्मेटोलॉजिस्ट गीतिका मित्तल गुप्ता ने कहा, ''वर्ल्ड स्किन हेल्थ डे पर, आईये हमारे शरीर के प्राथमिक सुरक्षा कवच के रूप में त्वचा की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मान दें। पर्याप्त नींद लेना, सेहतमंद आहार, सनब्लॉक का इस्तेमाल और ऐक्टिव बने रहने जैसी सामान्य आदतों को अपनायें और त्वचा की सेहत सुधारें। मेरा मानना है कि प्रोटीन, हेल्दी फैट्स और विटामिन से भरपूर एक बैलेंस्ड डाइट को अपनाना बेहद जरूरी है, ताकि त्वचा की सेहत को बरकरार रखा जा सके। अपने दैनिक आहार में बादाम को शामिल करें, क्योंकि इनमें प्रोटीन, विटामिन ई, जिंक और कॉपर जैसे पोषक तत्व पाये जाते हैं, स्किन अच्छी सेहत के लिये जरूरी हैं। वास्तव में, बादाम का नियमित सेवन त्वचा को ड्डक्किरणों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाने और त्वचा की बनावट में सुधार करने में भी मदद कर सकता है।'' बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान कहती हैं, ''ऐक्टर होने के नाते, त्वचा को सेहतमंद बनाये रखना मेरे लिए महत्वपूर्ण है। इसके लिये, मैं एक बैलेंस्ड और क्लीन डाइट फॉलो करने की कोशिश करती हूं और बाहर खाने से जितना हो सके बचने का प्रयास करती हूं। मैं नाश्ते के सेहतमंद विकल्पों को तवज्जो देती हूं। घर से बाहर निकलते समय मैं बादाम से भरा एक लंचबॉक्स साथ में लेकर चलती हूं। बादाम खाने से मेरा पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है और अनहेल्दी, रेडी-टु-ईट फूड खाने से बचने में मदद मिलती है, जिनका सीधा असर त्वचा और सम्पूर्ण सेहत दोनों पर पड़ता है।''

## CMF बाय नथिंग ने लॉन्च किए CMF फोन 1, CMF बड्स प्रो 2 और CMF वॉच प्रो 2



**नई दिल्ली।** लंदन की टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग के उप-ब्रांड CMF ने आज तीन नए प्रोडक्ट - CMF फोन 1, CMF वॉच प्रो 2 और CMF बड्स प्रो 2 को पेश कर दिया है। CMF फ़ोन 1 दो मॉडल में उपलब्ध होगा 6GB + 128 GB वैरिएंट की कीमत 15,999 है और 8G + 128 GB वैरिएंट की कीमत 17,999 है। डे 1 सेल के मौके पर सीमित अवधि के लिए, ग्राहक खास बैंक ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। जिससे वे 6GB+ 128GB वैरिएंट को 14,999 और 8GB+ 128GB वैरिएंट को 16,999 में खरीद सकते हैं। CMF फ़ोन 1 के लिए एक्सेसरीज़ में 1499 का केस 799 का स्टैंड, 799 का लैनयार्ड और 799 का कार्ड केस शामिल है। CMF वॉच प्रो 2 के डार्क ग्रे और ऐश ग्रे विकल्पों की कीमत 4,999 है, और वेगन लेदर में ब्लू और ऑरेंज की कीमत 5,499 है, इसका बेज़ल और स्ट्रैप सेट 749 में उपलब्ध है।

CMF बड्स प्रो 2 की कीमत 4,299 है, और इसके अलावा, Flipkart पर CMF फोन 1 खरीदने वाले ग्राहक CMF वॉच प्रो 2 और CMF बड्स प्रो 2 पर 1000 की छूट का लाभ उठा सकते हैं। ये प्रोडक्ट cmf.tech और रिटेल पार्टनर्स के पास उपलब्ध होंगे। इनकी ओपन सेल्स 12 जुलाई को दोपहर 12 बजे से शुरू होगी।

## हाई-टेक पाइप्स लिमिटेड को उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जिले में हाईएस्ट टैक्स पेअर के रूप में सम्मानित किया गया

**नई दिल्ली।** हाई-टेक पाइप्स लिमिटेड , भारत की लीडिंग स्टील पाइप्स कंपनियों में से एक, यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रही है कि इसे डिपार्टमेंट ऑफ कमर्शियल टैक्सेस उत्तर प्रदेश द्वारा डिस्ट्रिक्ट बुलन्दशहर में फाइनेंशियल ईयर 2023-24 के लिए हाईएस्ट टैक्स पेअर भामा शाह अवॉर्ड के रूप में मान्यता दी गई है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार टैक्सेस करों के समय पर और ट्रांसपेरेंट पेमेंट के द्वारा देश की अर्थव्यवस्था में हाई-टेक पाइप्स के योगदान को स्वीकार करता है। अनुपालन और एथिकल बिज़नेस प्रैक्टिसेस के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता ने यह विशिष्ट मान्यता अर्जित की है।

हाई-टेक पाइप्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्ट श्री अजय कुमार बंसल ने कहा कि, ÷हम इस पुरस्कार को प्राप्त करते हुए सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जो जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति हमारे समर्पण और हमारे राष्ट्र के विकास का समर्थन करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम डिपार्टमेंट ऑफ कमर्शियल टैक्सेस यूपी द्वारा मान्यता की सराहना करते हैं और अनुपालन और पारदर्शिता के हाईएस्ट स्टैंडर्ड को बनाए रखना जारी रखेंगे।÷ इससे पहले, कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अपनी आय की रिपोर्ट दी थी, और कहा था कि स्टील की कीमतों में भारी कमी के कारण चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद, तिमाही के दौरान कंपनी ने 1.07 लाख टन और वार्षिक 3.91 लाख टन की उच्चतम मात्रा प्राप्त की है। यह कंपनी की लीडरशिप और ब्रांडिंग पोजीशन को और स्थापित करता है। कंपनी धीरे-धीरे वन मिलियन टन के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। अब कंपनी की इन्स्टॉल्ड कपैसिटी 5,80,000 मीट्रिक टन से बढ़कर 7,50,000 मीट्रिक टन हो गई है, जो साणंद यूनिट - 2 में अपने ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट के कमर्शियल प्रोडक्शन की शुरुआत से 1,70,000 मीट्रिक टन की इन्स्टॉल्ड कपैसिटी और 15 एनबी से 400 एनबी आकार सीमा के साथ है। 150,000 मिलियन टन की इन्स्टॉल्ड कपैसिटी के साथ सिकंदराबाद यूनिट - 3 में आगे की कंस्ट्रक्शन एक्टिविटीज़ पूरे जोरों पर हैं और इस फाइनेंशियल ईयर के अंदर शुरू की जाएंगी। क्षमता उपयोग बढ़ाने के लिए कंपनी अपनी सेल्स और मार्केटिंग टीम को और मज़बूत कर रही है और वॉल पेंटिंग, रिटेलर्स बोर्ड, सोशल मीडिया, रिटेलर और फैब्रिकेटर मीटिंग्स आदि सहित कई ब्रांडिंग एक्टिविटीज़ चला रही है।

## मर्सिडीज-बेंज ने भारत में 'पहली छमाही' और 'दूसरी तिमाही' की अब तक की सबसे अच्छी सेल दर्ज की: 2024 की दूसरी छमाही में 6 नए लॉन्च की योजना

**पुणे।** भारत के सबसे डिज़ायरेबल लक्ज़री कार निर्माता, मर्सिडीज-बेंज ने आज भारत में अपने ग्लोबल पोर्टफोलियो से दो आकर्षक बीईवी




(बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन) पेश किए। मर्सिडीज-बेंज ने पाँच-सीटर कॉन्फ़िगरेशन में अपने बहुप्रतीक्षित EQA 250+ बीईवी और EQB 350 बीईवी पेश किए हैं। ये दोनों लग्जरी बीईवी मर्सिडीज-बेंज के बीईवी पोर्टफोलियो को मजबूत करेंगे। इनमें ग्राहकों को ज्यादा रेंज, दैनिक उपयोग की व्यवहारिकता, ड्राइविंग का डायनामिक अनुभव, बेहतरीन कॉस्ट ऑफ़ ओनरशिप और शानदार बाय-बैक मूल्य प्राप्त होगा। ये लक्ज़री बीईवी युवाओं और गतिशील परिवारों पर केंद्रित हैं, जो जल्दी ई-मोबिलिटी अपनाने वाले, ट्रेंडसेटर और पर्यावरण के प्रति अत्यधिक जागरूक होते हैं। मर्सिडीज-बेंज द्वारा इन दो वाहनों के लॉन्च से भारत में इलेक्ट्रिक वाहन के लिए कंपनी का महत्वाकांक्षी रोडमैप प्रदर्शित होता है। कंपनी इस साल 6 विश्व स्तरीय उत्पादों के साथ एक मजबूत बीईवी पोर्टफोलियो पेश करने वाली है। मर्सिडीज-बेंज का उद्देश्य 2024 के अंत तक हर सेगमेंट में एक बीईवी वाहन उतारना है, जिसकी शुरुआत EQA 250+ से हुई है और हर ग्राहक की जरूरत पूरी करने के लिए यह सफर श्क्तत्र मेबैक एसयूवी तक जारी रहेगा। मर्सिडीज-बेंज इंडिया द्वारा अपने फ़्रेंचाइज़ी पार्टनर नेटवर्क में लगातार मजबूत चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित किया जा रहा है, जिसमें डीसी फास्ट और अल्ट्रा-फास्ट चार्जर शामिल हैं। इसके अलावा हर बीईवी के साथ ग्राहकों को एक कॉम्प्लिमेंटरी ्ष्ट वॉल बॉक्स चार्जर भी दिया जा रहा है।

**2024 की पहली छमाही की सेल** 2024 में मर्सिडीज-बेंज की सेल के लिए भारत में अब तक की सबसे अच्छी पहली छमाही और सबसे अच्छी दूसरी तिमाही दर्ज हुई है। कंपनी की सेल मज़बूत बनी रही, और भारतीय लक्ज़री कार बाजार का नेतृत्व करते हुए कंपनी ने पहली छमाही में अपने इतिहास की अब तक की सबसे अधिक सेल दर्ज की। जनवरी-जून 2024 की अवधि में 9त्न साल-दर-साल वृद्धि के साथ मर्सिडीज-बेंज की रिकॉर्ड 9262 यूनिट्स बिकीं। इस छमाही में सबसे ज़्यादा सेल का कारण नए व मौजूदा उत्पाद, सबसे अधिक बिकने वाले मॉडलों की उपलब्धता और रिटेल स्तर पर ग्राहकों को मिलने वाला बेहतर अनुभव था। एंट्री, कोर और टॉप-एंड सेगमेंट में मर्सिडीज-बेंज वाहनों की मांग निरंतर बनी रही।

## टाटा पावर ने उत्तर प्रदेश में घर घर सोलर पहल का शुभारंभ किया, वाराणसी शहर से शुरूआत की रूफटॉप सोलर की

**नई दिल्ली।** स्थायी ऊर्जा समाधानों में अग्रणी टाटा पावर सोलर सिस्टम्स लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश (यूपी) के हर घर को स्वच्छ ऊर्जा से उज्वल करने के उद्देश्य से अपनी परिवर्तनकारी रूफटॉप सोलर पहल शुरू की है।

घर-घर सोलर, टाटा पावर के संग इस महत्वाकांक्षी पहल की शुरूआत वाराणसी से की गयी है। इसमें आधुनिकतम रूफटॉप सोलर समाधानों (आरटीएस) के माध्यम से निवासियों की अच्छी वित्तीय बचत होगी और पर्यावरणीय लाभ भी मिलेंगे।

राज्य में उपभोक्ता रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन पर अधिकतम 1,08,000 रुपये तक की सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं। इसमें 3 किलोवाट तक के लिए केंद्र सरकार की 78,000 रुपये की सब्सिडी और राज्य सरकार की ओर से 3 किलोवाट तक के लिए अधिकतम 30,000 रुपये (15,000 रुपये प्रति किलोवाट) की सब्सिडी शामिल होगी, जो केंद्र सरकार की सब्सिडी के अतिरिक्त होगी।

गुणवत्ता और नवाचार के प्रति टाटा पावर सोलर की प्रतिबद्धता की वजह से यह पहल क्षेत्र में ऊर्जा उपलब्धता और स्थिरता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देगी। अपने मज़बूत चैनल पार्टनर नेटवर्क के साथ टाटा पावर वाराणसी और उत्तर प्रदेश के निवासियों को तेज़ी से रूफटॉप सोलर कनेक्शन प्रदान करने के लिए सक्षम है।

वाराणसी में शुभारंभ समारोह में, टाटा पावर के सीईओ और एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने कहा, स्थायी ऊर्जा भविष्य को आगे बढ़ाना टाटा पावर सोलर में हमारा मिशन है। उत्तर प्रदेश में हमारे रूफटॉप सोलर समाधानों की शुरूआत करके, हम निवासियों को उनके ऊर्जा बिलों को भारी मात्रा में कम करने और हरित वातावरण के निर्माण में योगदान करने का सर्वोत्तम उपलब्ध अवसर प्रदान करते हैं। हमारी तीन दशकों की विशेषज्ञता, बाइफेसियल मॉड्यूल जैसी उन्नत तकनीक, आसान फाइनेंसिंग, प्रशिक्षित कार्यबल और मजबूत चैनल पार्टनर नेटवर्क सौर ऊर्जा को बिना किसी परेशानी के अपनाए जाने की गारंटी देते हैं।

टाटा पावर के सोलर पैनल आधुनिकतम और भारत में निर्मित हैं, जो बेहतर प्रदर्शन करते हुए लंबे समय तक काम करते हैं। उनके बाइफेसियल पैनल प्रकाश दोनों तरफ अब्सॉर्ब करते हैं, जिससे कम जगह में उच्च दक्षता की गारंटी मिलती है। कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए और सौर ऊर्जा को सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए लचीले फाइनेंसिंग विकल्प भी प्रस्तुत किए हैं। कुशल टेक्निशियन्स की टीम इंस्टालेशन प्रक्रिया बहुत ही सहजता से करती है और रखरखाव सहायता भी सुनिश्चित करती है।

## डीलशेयर लाया नया कैंपेन 'हर दिन लूट'

**नई दिल्ली।** अपनी शानदार डील्स और सबसे कम कीमतों के लिए विख्यात डीलशेयर हर दिन लूट कैंपेन लेकर आया है, जिसके तहत ग्रॉसरी, एफएमसीजी और होम एण्ड किचन पर ढेरों ऑफर्स पेश किए गए हैं। इस कैंपेन के तहत डीलशेयर संदेश दे रहा है कि अब सबसे कम कीमत की गारंटी महीने के कुछ दिनों या चुनिंदा मौकों तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए, जैसा कि उद्योग जगत के अन्य प्लेयर्स लाते रहे हैं।'

संक्षेप में कहें तो डीलशेयर का कहना है कि पहले ग्राहक को लूटा जाता था लेकिन अब डीलशेयर उन्हें खुद लूटने का मौका दे रहा है। अविश्वसनीय कीमतों के साथ डीलशेयर शानदार डील्स लेकर आया है जैसे चाय रु 99 में, बिस्कुट रु 99 में, नमकीन रु 99 में, घी रु 419 प्रति लीटर में, कई बड़े ब्राण्ड्स जैसे एरियल, ब्रिटानिया, पारले पर बाय 1 गैट 1, कोलगेट, डव जैसे ब्राण्ड्स पर बाय 2 गैट 1 आदि। इस तरह की अविश्वसनीय कीमतें मार्केट के अन्य प्लेयर्स को भी आकर्षक डील्स लाने के लिए मजबूर कर देंगी। डीलशेयर के सीईओ श्री कमलदीप सिंह ने कहा, ''हम हर घर में बदलाव लाना चाहते हैं और सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ग्राहकों की उम्मीदें पूरी हों। डीलशेयर को इनकी ईमानदार और असली कीमतों के लिए जाना जाता है, और हम यही अपने ग्राहकों के लिए लेकर आते हैं। हर महीने 10 लाख से अधिक ग्राहक हमारे ऐप से खरीददारी करते हैं, जिनके लिए हम शानदार ऑफर्स पेश करते हैं जैसे बिस्कुट रु 99 प्रति किलो और बड़े ब्राण्ड्स पर बाय 1 गैट 1 फ्री, तो ग्राहक हर दिन इस लूट का लाभ उठा सकते हैं।

## पीड़ित परिवार से मिलकर दी आर्थिक सहायता



**रुद्रपुर देवरिया अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार सुल्तानपुर के सांसद व पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद सोमवार को विधान सभा रुद्रपुर के ग्राम सभा बिठलपुर निवासी मृतक दीपू निषाद के माता रामावती देवी को एवं जोत बनकट दुध नाथ निवासी मृतक राजबंसी की पत्नी सर्मी देवी दोनो परिजनों को राहत संवेदना में एक एक लाख रुपया दिया गया।साथ में जिलाध्यक्ष व्यास यादव पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ दिलीप यादव जिला महासचिव मंजुर हसन प्रदेश सचिव वीरेन्द्र शर्मा जी विधान सभा अध्यक्ष संतोष यादव, डॉ शशांक शेखर गुप्ता, बसिस्ट यादव जी बृजेश पासवान, सिकन्दर यादव, राजु निषाद उधौ नाराएंन सिंह राम सेवक यादव मदनपुर चेयर मैन अली आजम शेख , लल्लन गुप्ता जिला सचिव मुन्ना यादव, प्रवीण निषाद के साथ पहुंच कर दोनों पीड़ित परिवारजनों को आर्थिक मदद के तौर पर दिया गया।

## मतदाता अभिनंदन समारोह सम्मेलन को लेकर बैठक



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** सलेमपुर विधानसभा मतदाता अभिनंदन समारोह सम्मेलन की तैयारी बैठक सलेमपुर स्थित डाकबंगले पर किया गया। जिसमे यह तय हुआ कि इस सम्मेलन का आयोजन श्रीरैनाथ ब्रह्मदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय सलेमपुर में 10 जुलाई को सुबह 11 बजे होना तय है। जिसमे मुख्य अतिथि जिला प्रभारी सन्तराज यादव एवम राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम होगी। कार्यक्रम प्रभारी अजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि इस अभिनंदन समारोह में बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक/प्रभारी,पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, पूर्व मण्डल अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, पूर्व ब्लाक प्रमुख के अलावा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि एवम पूर्व जनप्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे। उक्त कार्यक्रम में जिला महामंत्री रविन्द्र किशोर कौशल, प्रमोद शाही, जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल, अशोक पाण्डेय, हाकिम सिंह, दुर्गेश पाण्डेय, मोहित मद्देशिया, अजय वत्स, राजेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत डीएम ने लगाया पौधा

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा सोमवार को बुद्ध



महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में स्वस्थ पृथ्वी और स्वस्थ मानव जाति के उदघोष के साथ ऐतिहासिक और पौराणिक मान्यता रखने वाली पारिजात वृक्ष व साल का पौधरोपण किया गया। उन्होंने कहा की सभी के कल्याण के लिए पर्यावरण संरक्षण महत्वपूर्ण है। पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग जैसे हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए तथा पर्यावरण को संरक्षित करने में पेड़ पौधे बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। इसलिए हम सभी को शुभ कार्यक्रमों में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। प्रकृति एवं पर्यावरण को स्वच्छ, स्वस्थ्य एवं रमणीय बनाने हेतु वृक्षारोपण अति आवश्यक है। पौधे पर्यावरण को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। हमारे आसपास जितना अधिक पेड़ पौधे होंगे, हमारा पर्ययावरण उतना ही अधिक स्वच्छ और सुंदर होगा। पारिजात वृक्ष (किन्तूर) भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के बाराबंकी ज़िले के अंतर्गत किन्तूर ग्राम में स्थित एक गोरखचिंच का वृक्ष है। भारत सरकार द्वारा संरक्षित यह वृक्ष सांस्कृतिक और पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसका ऐतिहासिक और पौराणिक भी है। यह अफ्रीका के कुछ विशेष भागों में भी पाया जाता है। इसके पुष्प की खास विशेषता है।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 11 को

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** जनपद के शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 11 जुलाई 2024 को राजन बाबू शांति देवी महाविद्यालय,पश्चिम शरीरा के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। यह जानकारी जिला सेवा योजन अधिकारी गौतम घोष ने देते हुए बताया कि निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों के माध्यम से आईटीआई/ नॉन आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट पर अपना पंजीयन करते हुए अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति /रिज्यूम के साथ प्रातः 10.30 बजे प्रतिभाग कर सकते हैं।

## सहेली के घर से वापस लौट रही युवती के साथ रेप

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** जिले में सहेली के घर से वापस लौट रही युवती के साथ रेप की घटना हुई। युवती दूसरे दिन बेहोशी की हालत में खेत में मिली, ग्रामीणों और खोजते हुए परिजन पहुंचे तो हड़कंप मच गया। परिजनों ने गंभीर हालत में युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है और पुलिस से शिकायत की है। घटना सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक गांव की है जहा पिपरी थाना क्षेत्र की एक युवती अपनी सहेली के घर गई थी, जो दूसरे दिन सुबह खेत में बेहोशी की हालत में मिली है। युवती के परिजनों ने अपनी बेटी से रेप होने की बात डॉक्टर व पुलिस को बताई है। डॉक्टर ने मेडिकल कालेज में भर्ती कर पीड़िता का इलाज शुरू कर दिया है। पिपरी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती बीए की छात्रा है। वह रविवार को अपने घर वालों से सहेली के घर जाने की बात कहकर सराय अकिल थाना क्षेत्र में आई थी। इसके बाद वह अपने घर वापस नहीं गई। परिजन उसे खोजते हुए सहेली के घर पहुंचे। जहां से उन्हें बताया गया कि युवती अपने घर के लिए शाम को ही निकल गई थी। परिजन युवती की खोज करते हुए सराय अकिल क्षेत्र से गुजर रहे थे कि कुछ ग्रामीणों ने खेत में एक युवती के बेहोश हालत में मिलने की जानकारी होने पर रुक गए। परिवार के मौके पर पहुंचने पर युवती की पहचान बेटी के रूप में की है। पीड़ित परिवार की सूचना पर पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए मेडिकल कॉलेज मंझनपुर में भर्ती कराया।

### सभी ईओ को अभियान चलाकर प्रवर्तन तथा अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही करने के डीएम ने दिए निर्देश

# अवैध रूप से पेड़ो की कटाई करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें

अवधनामा संवाददाता



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार

> लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के दिए निर्देश बड़े बकायेदारों से आरसी वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश

राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए वाणिज्यकर, आबकारी,परिवहन, विद्युत, मंडी, खनन, वन विभाग, नगर निकाय तथा स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को अवैध शराब के विरूद्ध नियमित कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को अवैध रूप से पेड़ो की कटाई करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में मंडी सचिव के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, आबकारी, परिवहन, विद्युत, मंडी, खनन, वन विभाग, नगर निकाय तथा स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों से जून माह में किए गए प्रवर्तन की कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि और अधिक प्रवर्तन कार्य किया जाय। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों द्वारा प्रवर्तन तथा अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही न किए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए सभी अधिशासी अधिकारियों को अभियान चलाकर प्रवर्तन तथा अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को आर0सी0 वसूली में प्रगति लाने तथा बड़े बकायेदारों से आर0सी0 वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारां को मानक के अनुसार राजस्व वादों का निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि 05 वर्ष से अधिक पुराने राजस्व वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाये। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर सरकारी भूमि-तालाब आदि पर हुए अवैध अतिक्रमण/ कब्जों को हटवाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं प्रबुद्ध सिंह, सभी उप जिलाधिकारीगण एवं तहसीलदार उपस्थित रहें।

## मंझनपुर मुख्यालय की सरकारी जमीनों पर कब्जे को लेकर नगर पालिका से लेकर तहसील प्रशासन बना उदासीन

**कौशाम्बी।** सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा रोकने के लिए लगातार योगी सरकार से लेकर उच्च न्यायालय उच्चतम न्यायालय निर्देश दे रहा है लेकिन कौशांबी जनपद में सरकारी जमीनों पर कब्जे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं गांव के साथ नगर पंचायत क्षेत्र के साथ-साथ जनपद मुख्यालय मंझनपुर नगर पालिका की सरकारी जमीनों पर हो रहे अवैध तरीके से कब्जे पर प्रशासनिक कार्रवाई पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी सरकारी जमीन के अवैध कब्जे को रोकने का प्रयास नहीं कर रहे हैं जिन सरकारी जमीनों पर कब्जे हो चुके हैं उन पर बुलडोजर चलाकर उन्हें खाली नहीं कराया जा रहा है जिससे सरकारी नुमाइनों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। मंझनपुर कस्बे के अंदर तहसील रोड पर श्री राम गेस्ट हाउस वाटिका जाने वाले सड़क के किनारे सरकारी जमीन पर 10 महीने पहले कब्जा शुरू हुआ शिकायतें हुई कुछ दिन के लिए कब्जा रुक गया फिर धीरे-धीरे कब्जा शुरू हुआ उसमें लोहे की गोमती रख दी गई फिर शिकायत हुई लेकिन गोमती नहीं हटाई गई मौके से लोग गायब हो गए धीरे-धीरे उस जमीन पर टीन सेट का निर्माण कर दिया गया और सरकारी जमीन पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया गया लेखपाल की भूमिका पर बड़े सवाल खड़े हो गए तहसील प्रशासन ईमानदारी की दुहाई देता रह गया और सरकारी जमीन कब्जा हो गयी इतना ही नही मंझनपुर कोतवाली के सामने सरकारी जमीन पर 14 वर्षों पहले कब्जा शुरू हुआ लुका छुपी का खेल 12 वर्षों तक चलता रहा अधिकारियों ने कई बार सरकारी जमीन की नाप कराई सरकारी जमीन प्रमाणित भी हुई लेकिन सरकारी जमीन को जिले के जिम्मेदार अफसर नहीं बचा सके और कब्जा करने वाले लोगों ने इमारत खड़ी कर दिया इस मामले में अभिलेखों में भी हेरा फेरी की गई है जिसकी जानकारी तहसील प्रशासन को बखूबी है लेकिन उसके बाद सरकारी जमीन कब्जे पर ठोस कार्यवाही प्रशासन नहीं कर सका कब्जा करने वाले लोगों के इमारत पर बुलडोजर नहीं चलाया गया जिससे नगर पालिका से लेकर तहसील प्रशासन के कार्यों पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## बिना अनुमति बन रहे ताजिया को प्रशासन ने रोका, धरने पर बैठे ताजियादार

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के पिपरा बुजुर्ग गांव में बन रहे बड़ा ताजिया को सीओ व इंस्पेक्टर ने मौके से जाकर रोक लगा दी। जिससे नाराज ताजियादार ने पुलिस पर ताजिया तोड़ने व बदसलूकी का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन की तैयारी में थे, कि मामले की जानकारी होते ही नायब तहसीलदार पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर लोगो को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। वहीं ताजिया नही बनने से गांव तनाव की स्थिति बनी हुई है। नेबुआ नौरंगिया थाना के पिपरा बुजुर्ग गांव निवासी मिट्ठू प्रसाद मन्नत के अनुसार गांव के सरकारी स्कूल प्रांगण में 80 फूट का ताजिया का निर्माण एक वर्ष से करा रहे थे, जिस कारिगरों द्वारा अंतिम रूप देने की तैयारी मे थे, उसी दौरान इसकी जानकारी जब पुलिस को हुई तो रविवार शाम को खडडा सीओ उमेशचंद भट्ट व प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह तमाम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर ताजिया निर्माण कार्य को रोकवा दिया और कहा गया नया ताजिया नही बनेगा कानून का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। जिससे नाराज ताजियादार व स्थानीय कुछ अल्पसंख्यक लोग नो बताया कि हाईकोर्ट से अनुमति मिली है उसके बावजूद पुलिस द्वारा ताजिया तोड़ा व बदसलूकी किया गया है। उक्त आरोप लगाते हुए सोमवार को कुछ लोगो के उकसाने पर धरना प्रदर्शन करने की तैयारी मे थे। जिसकी जानकारी जब सदर नायब तहसीलदार विशाल दत्त त्रिपाठी ने प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह व तमाम पुलिस के साथ मौके पर सभी लोगो के समझाते हुए बताया कि उनका न्यायालय का आदेश 27/5/2024 को निरस्त हो चुका है। नया ताजिया नही बनाया जाएगा। शांति व्यवस्था का सभी लोग परिचय दें। यदि कोई भी व्यक्ति कानून का उल्लंघन करते पकड़ा गया तो उसके विरूद्ध कार्रवाई होगी।

## धारा 144 पूरे जनपद में दो माह के लिए रहेगा प्रभावी

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने वर्तमान समय में आगामी मोहर्रम का पर्व, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं विभिन्न संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन किये जाने के दृष्टिगत दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए पूर्व पारित आदेश दिनांक 07 मई 2024 विखण्डित करते हुए तत्काल प्रभाव से 06 सितंबर 2024 तक (दो माह) के लिए धारा-144 के अर्न्तगत आदेश जारी किया है,जो पूरे जनपद में प्रभावी रहेगा।

एडीएम प्रशासन ने निर्देशित किया है जिन स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र यथा लाउडस्पीकर आदि का प्रयोग किया जाना हो, उसकी आवाज धीमी एवं निर्धारित डेसिबल मानक के अनुसार रखी जायेगी, ताकि इससे अन्य किसी को कोई परेशानी न हो। जनपद में किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी धार्मिक स्थल को न तो क्षति पहुंचायेगा और न ही ऐसा करने के लिए किसी को प्रेरित करेगा। जनपद में किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी धर्म विशेष की भावनाओं को उद्वेलित करने अथवा साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने का कार्य नहीं करेगा। जनपद में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के धार्मिक उन्माद पैदा करने वाला कैसेट न तो बजायेगा और न ही ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रसारित करेगा। जनपद में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के धार्मिक उन्माद पैदा करने वाले पोस्टर न चिपकायेगा, न किसी दीवार पर कोई धार्मिक उन्माद पैदा करने वाली बातें लिखेगा और न ही किसी अन्य को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा। जनपद में कोई

> आदेशों का उल्लंघन होगा दण्डनीय अपराध: एडीएम प्रशासन

भी व्यक्ति किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लेकर नहीं चलेगा और न ही किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ अपने पास रखेगा। विशेष परिस्थितियों में जिला मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति लेने के बाद ही कोई व्यक्ति लाइसेन्सी अस्त्र-शस्त्र लेकर चल सकेगा। यह प्रतिबन्ध सिख समुदाय के व्यक्तियों को कृपाण धारण करने, वृद्ध, दिव्यांग, बीमार अथवा अंधे व्यक्तियों के लाठी का प्रयोग करने पर लागू नहीं होगा। परीक्षा केन्द्र पर तैनात सुरक्षा कर्मियों के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार के शस्त्रादि लेकर परीक्षा स्थल पर जाने की अनुमति न दी जाय तथा इसका उल्लंघन करने वाले व्यक्ति को भा0द0वि0 की धारा-188 के अंतर्गत दण्डित करने की कार्रवाई की जाएगी। जनपद में कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा किसी अन्य के घर की छत पर ईट-पत्थर आदि एकत्र नहीं करेगा। जनपद में कोई भी व्यक्ति न तो किसी प्रकार की अफवाह सोशल मीडिया के माध्यम से या अन्य किसी भी माध्यम से न तो प्रसारित करेगा और न ही किसी अन्य को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा। जनपद में कोई भी व्यक्ति धार्मिक उन्माद पैदा करने वाले किसी प्रकार का एस0एम0एस0/एम0एम0एस0/वॉट्सएप्प मैसेज/ट्वीट न तो प्रसारित करेगा, न ही किसी अन्य को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा। जनपद में कोई भी व्यक्ति न तो किसी प्रकार की पंचायत/महापंचायत बुलायेगा और न ही इस प्रकार के किसी पंचायत में भाग लेगा। जनपद में कोई भी व्यक्ति किसी धार्मिक स्थल/पूजा स्थल के आस-पास किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित जानवर के साथ संचरण नहीं करेगा और न ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा।जनपद में कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई कार्य नहीं करेगा जिससे कानून एवं शान्ति व्यवस्था बिगड़ने की सम्भावना हो।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान में समन्वय जरूरी : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने सोमवार को सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जल भराव रोकने तथा शुद्ध पेयजल उपलब्धता पर जोर देते हुए सम्बन्धित विभागीय व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जन-सामान्य तक सभी जानकारियों की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग पर सफलतापूर्वक नियंत्रण पाने के लिए इस विषय पर एक सम्पूर्ण सोच के साथ सम्बन्धित विभागों के मध्य उचित समन्वय का होना आवश्यक है। आशा कार्यकर्ता द्वारा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान हेतु क्षेत्र में सम्पादित की जा रही समस्त गतिविधियों एवं गृह भ्रमण में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा कार्यकत्री के साथ रहते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगी। उन्होंने निर्देशित किया कि संचारी रोगों के पोस्टर को स्कूल में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित किया जाये। जिले में फागिंग, एण्टीलार्वा का छिड़काव का कार्य भी युद्ध स्तर पर पूरा किया जाये। बैठक में सीएमओ डॉ राजेश झा, सीएमएस डॉ एचके मिश्रा, एसीएमओ डॉ संजय गुप्ता, एसीएमओ आरसीएच डॉ सुरेंद्र कुमार चौधरी, डीपीओ कृष्णकांत राय, डीएमओ चंद्र प्रकाश मिश्रा, डीपीएम पूनम, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, पाथ, यूनिसेफ़ डब्ल्यूएचओ संस्था के प्रतिनिधियों के सहित ग्राम्य विकास व पंचायती राज, शिक्षा, नगर निगम व शहरी विकास, कृषि, पशुपालन दिव्यांग कल्याण स्वच्छ भारत मिशन, सूचना, चिकित्सा शिक्षा, जल निगम और खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने कार्यालय उपकृषि निदेशक एवं मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को ताला में स्थित कार्यालय उप कृषि निदेशक एवं जनपद स्तरीय मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि प्रकोष्ठ कक्ष के निरीक्षण के दौरान उप कृषि निदेशक अमेठी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 303923 कृषक पंजीकृत हैं जिसमें से 224154 किसानों का भूलेख अंकन ईकेवाईसी एवं आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण कराया गया है अवशेष किसानों के प्रकरण में लम्बित कार्यों (भूलेख अंकन ईकेवाईसी एवं आधार सीडिंग) को पूर्ण कराये जाने का कार्य क्रमिक है पीएम किसान प्रकोष्ठ में उपलब्ध शिकायती पंजिका का अवलोकन करते हुये जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अपात्रता की स्थिति में संबंधित किसान की अपात्रता की स्थिति का अंकन अवश्य किया जाय तथा ओपेन सोर्स के माध्यम से लम्बित 1842 आवेदन को नियमानुसार तीन दिवस में निस्तारित किया जाय। जिला द्वारा उप कृषि निदेशक कार्यालय के सभागार से लगे हुये भण्डार कक्ष के निरीक्षण के समय भण्डार कक्ष में साफ सफाई कराये जाने एवं सामग्रियों को व्यवस्थित रूप से रखने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय के स्थापना कक्ष में उपस्थित लिपिक से जनपद में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर लेखा कक्ष में उपस्थित पटल प्रभारी से ऑनलाइन भुगतान प्रणाली एनएफएसएम एवं तिलहन योजना आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी। जिस पर उप कृषि निदेशक द्वारा कृषि यन्त्रों पर मिलने वाले अनुदान की प्रकिया (ई लॉटरी) के सम्बन्ध में अवगत कराया। तत्पश्चात् जिलाधिकारी द्वारा जनपदीय मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण किया गया। प्रयोगशाला में उपस्थित अध्यक्ष मृदा परीक्षण प्रयोगशाला से पीएच मान नाइट्रोजन फास्फोरस विद्युत चालकता जैविक कार्बन एवं पोटाश आदि के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुये जांच विधि के सम्बन्ध में प्रयोगशाला में पोस्टर चस्पा कराये जाने हेतु निर्देशित करते हुये अनुपस्थित संविदाकर्मी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु उप कृषि निदेशक अमेठी को निर्देशित किया।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में उमड़ा शिक्षकों का सैलाब

अवधनामा संवाददाता



**कौशांबी।** सोमवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में उप्र बेसिक शिक्षा परिषद के परिषदीय विद्यालयों में पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन/ ऑनलाइन उपस्थिति आदेश मुख्य समस्याओं के समाधान उपरांत ही लागू किए जाने की मांग की गई है। जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी ने बताया कि आज से पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन/ ऑनलाइन उपस्थिति (फेस रिकग्निशन) लागू किए जाने से पूर्व उक्त डिजिटाइजेशन व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का समाधान किये जाने की मांग करता है जिसमे अन्य विभागों की भांति आकस्मिक अवकाश की श्रेणी में बेसिक शिक्षा के शिक्षकों को भी हाफ डे लीव अवकाश का विकल्प प्रदान किया जाये। जिससे आकस्मिता की स्थिति में शिक्षक हाफ डे लीव अवकाश का उपभोग कर सकें। बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति 30 ईएल प्रदान किया जाये यदि ईश एलश प्रदान करने में कोई विधिक समस्या है तो महाविद्यालयों के शिक्षकों की भांति बेसिक शिक्षा विभाग में भी प्रिविलेज अवकाश प्रदान किया जाये। अन्य विभागों की भांति बेसिक शिक्षा विभाग में भी अवकाश के दिनों में कार्य करने पर देय प्रतिकर अवकाश का विकल्प मानव सम्पदा पोर्टल पर प्रदान किया जाये। प्राकृतिक आपदा/स्थानीय स्तर पर मौसम की प्रतिकूलता तथा जनपद स्तरीय विभागीय कार्यक्रमों में प्रतिभागिता की स्थिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ऑनलाइन उपस्थिति में शिथिलता प्रदान करने विकल्प प्रदान किया जाये। पंजिकाओ का डिजिटाइजेशन सर्वर की उपलब्धता के अधीन है, एक ही समय मे अधिक लोड से सर्वर क्रैश होने पर वैकल्पिक व्यवस्था का स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किया जाए। डिजिटाइजेशन की वर्तमान ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था भेदभाव पूर्ण,असुरक्षा की भावना व शोषणकारी होने से शिक्षक की सृजनात्मक क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा

## किराना दुकान से बेची जा रही है शराब ठेका की देशी शराब

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के रसूलपुर ब्यूर गांव में एक किराना की दुकान से सरकारी शराब ठेका की देसी शराब खुले आम बेची जा रही है इस किराना की दुकान में पूरे दिन शराब पीने वाले लोगों का जमघट लगा रहता है शराब पीने के बाद शराबी गांव में उत्पात मचाते हैं महिलाओं बालिकाओं से अभद्रता करते हैं जिससे गांव में अशांति का वातावरण बना हुआ है आखिर किराने की दुकान से शराब बिक्री पर चौकी पुलिस अनजान बनने का क्यों ढोंग कर रही है जबकि गस्त के नाम पर पुलिस गांव जाती है आखिर पुलिस के मुखबिर तंत्र क्या कर रहे हैं तमाम मामलों में मुखबिर के दम पर पुलिस मामले का खुलासा कर देती है लेकिन किराना की दुकान से लंबे समय से शराब बिक्री के मामले में पुलिस का मुखबिर तंत्र कहां फेल हो गया है लोधौर चौकी पुलिस से लोगों ने मामले की शिकायत भी की लेकिन चौकी पुलिस ने किराने की दुकान से शराब बेचने वाले पर कार्यवाही नहीं की है जिससे शराब की बिक्री किराने की दुकान से बेखौफ तरीके से हो रही है।

# 434 बोरी दाल के साथ तीन गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**मुंशीगंज (अमेठी)।** अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में 07 जुलाई को चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक संजय सिंह थाना मुंशीगंज मय हमराह मुंशीगंज चौराहे से परतोष के मध्य कर्बला जाने वाले मार्ग के सामने मौजूद थे तभी सर्विलांस टीम के हे0का0 पवनेश यादव मय हमराह मौके पर आ गये एवं एक मुकदमा से संबन्धित घटना के अनावरण के संबन्ध में बातचीत करने लगे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि मटर दाल चोरी से संबन्धित डीसीएम ट्रक मुंशीगंज से सुल्तानपुर की ओर आ रही है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा सतर्कतापूर्वक चेकिंग की जाने लगी तभी कुछ समय बाद मुंशीगंज की ओर से डीसीएम ट्रक आता हुया दिखायी दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया । डीसीएम चालक द्वारा सड़क के किनारे डीसीएम रोक दी गई एवं चालक व डीसीएम में बैठा अन्य एक व्यक्ति उतरकर भागने लगा । पुलिस टीम द्वारा हिकमतअमली से दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया एवं नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम मुस्तकीम पुत्र स्व रहीम व दूसरे ने अपना नाम अरमान पुत्र मुस्तकीम निवासीगण ग्राम काले का पुरवा मजरे तेन्दुआ थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी बताया।पुलिस ने बताया है की जामातलाशी से अरमान के कब्जे से 500/- रुपये व मुस्तकीम के कब्जे से 2,000/- रुपये बरामद हुये।डीसीएम ट्रक के संबन्ध में पूछताछ कर कागज मांगने पर दोनों व्यक्तियों ने बताया कि हमदोनों बाप बेटे हैं साथ में ही ट्रक चलाते हैं। दिनांक 01जुलाई 2024 को कानपुर के रामादेवी पल्सेस पनकी साइट नं0 3 जे 36 कम्पनी से 434 बोरी मटर दाल शिवनायक कुशवाहा ट्रांसपोर्ट के माध्यम से सुलतानपुर के शंकर कैलाशी एण्ड कंपनी के यहां ले जाने का किराया मिला था। जिसके बाद हमलोग माल लेकर अपने घर के पास फुरसतगंज बाजार में योजना बनाये कि उक्त माल को कम दाम पर बेंच देगे और मालिक को बता देंगे कि माल को किसी ने लूट लिया है। हमलोग अपने डीसीएम में लदे कुल 434 बोरी मटर दाल में से 238 बोरी मटर दाल को कस्बा नसीराबाद जनपद रायबरेली के अनस की दुकान पर बेंच दिये हैं एवं कुछ बोरी मटर दाल को ग्राम पूरे पंडित थाना मोहनगंज जनपद अमेठी में एक किराये की दुकान लेकर उसमें रख दिया था । आज हमलोग डीसीएम में 40 बोरी मटर दाल को सुलतानपुर बेचने हेतु ले जा रहे थे। पकड़े जाने के डर से हमलोगों ने डीसीएम की नंबर प्लेट पर काला टेप लगा दिया है एवं साइड व सामने के शीशे पर लिखी चीजों को भी पेंट कर दिया है । हमलोगों ने कुछ माल रास्ते मे आने जाने वाले व्यक्तियों को कम रुपये में बेच दिया हमारे पास से बरामद रुपये उसी मटर दाल बिक्री के हैं।अभियुक्तों की निशानदेही पर शाहमऊ बाजार थानाक्षेत्र मोहनगंज में ग्राम पूरे पंडित में दुकान से कुल 125 बोरी मटर दाल की बरामद हुयी व नसीराबाद बाजार जनपद रायबरेली से अनस की दुकान से कुल 238 बोरी मटर दाल बरामद हुयी। चोरी की मटर दाल खरीदने वाले व्यक्ति का नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मो0 अनस पुत्र रियाज अहमद निवासी वार्ड नं0 06 शिवनगर तिराहा कस्बा व थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली उम्र करीब 21 वर्ष बताया एवं बताया गया कि मै रुपयों के लालच में चोरी के माल को सस्ते में खरीद लेता हूं ताकि यह माल बेचने से मुझे ज्यादा मुनाफा हो सके।

# भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण व नगदी सहित चार पुलिस ने पकड़े

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए सुक्खा गैंग के चार अभियुक्तों को भारी मात्रा में सोने चाँदी के आभूषण कीमत करीब 07 लाख व नगदी कुल 15,000 रूपये सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त सचिन के विरुद्ध जनपद में आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा चौकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना उत्तर पर पंजीकृत मु.अ.सं. 433/2024 धारा 306/317(2)/61 बी.एन.एस. से सम्बन्धित चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 04 अभियुक्तगण सचिन पुत्र छोटेलाल निवसी जैन नगर थाना उत्तर, अर्नब पुत्र धर्मनारायण निवासी हीरनगांव थाना टुण्डला, राजकुमार पुत्र सोहनस्वरुप निवासी न्यूरामगढ़, सूजल पुत्र महेश निवासी जैन नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को रहना क्षेत्र मे पड़ने वाले खाली ग्राउंड के पास एक प्लाट से समय करीब 00.09 बजे गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण के कब्जे से एक अदद कालर पीली धातु डिजाइनदार, एक अदद अंगूठी जनानी डिजाइनदार पीली धातु, दो अदद झुमके डिजाइनदार पीली धातु, एक अदद अंगूठी छतरी वाली पीली धातु डुप्लीकेट, दो अदद झुमकी पीली धातु डुप्लीकेट, दो अदद अंगूठी पीली धातु डुप्लीकेट, 4 अदद खाली डिब्बा नेकलेस, 3 अदद खाली चेन के डिब्बे, 5 अदद अंगूठी के खाली डिब्बे, एक अदद आई फोन आसमानी रंग व नगदी 15,000 रुपये बरामद किए गये हैं। उपरोक्त अभियुक्तगण सुक्खा गैंग के नाम से गैंग चलाते हैं। अभियुक्तों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम सम्मिलित रहे थानाध्यक्ष वैभव कुमार सिंह, व.उ.नि. महावीर सिंह, उ.नि. अर्जुन राठी चौ.प्र. आगरा गेट, उ.नि.प्र स्वप्निल, है.का. 200 अशोक कुमार, है.का. 722 अजीत सिंह, का. 150 रवि कुमार, है.का. 807 नीलेश कुमार, है.का. 295 सत्यदेव, का. 743 सत्यवीर सिंह, का. 1480 अजय राना थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

# नगर आयुक्त व मेयर साहिबा पूरी तरह बने हुए हैं गान्धारी

**बारिश होने के बाद भी नहीं करायी स्मार्ट नालों की सफाई**

**अवधनामा संवाददाता**




**फिरोजाबाद।** बारिष से होने वाले नुकसानात एवं आमजन को होने वाली दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए प्रदेष के मुख्यमंत्री निरन्तर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देष दे रहे हैं लेकिन फिरोजाबाद नगर निगम के आयुक्त सिर्फ मुख्यमंत्री के दिषा-निर्देषों की धज्जियां ही नहीं उड़ा रहे बल्कि पूरी तरह से गान्धारी बनते हुए नगर निगम क्षेत्र में समस्याओं का अम्बार लगा रहे हैं। जिसके कारण शहर में बारिष होते ही ठप्प की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। और तो क्या कहें षहर एवं निगम की नाक का सवाल बने स्मार्ट रोड के नाले एक वर्ष बीतने के बाद भी सफाई को तरस रहे हैं। जबकि सर्वविदित है कि निर्माण के दौरान स्मार्ट नालों में कई-कई फुट मिट्टी-गिट्टी आदि मलवे भरे एवं जमे रह गए थे। जिसके बारे में बताया गया था कि इनको बनाने के बाद में पूरी सफाई करायी जाएगी। लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद भी नालों की सफाई नहीं करायी गयी। कई बार चर्चा की गयी थी तो बताया गया कि बारिष से पहले मषीनों के माध्यम से इनकी सफाई करायी जाएगी। लेकिन बारिष अपने तय समय के अनुरूप षुरू भी हो गयी। परन्तु निगम को स्मार्ट रोड के नालों की सफाई कराने की सुध नहीं आयी इतना ही नहीं नगर निगम क्षेत्र में तमाम जगह सड़कों पर मैन हॉल खुले पड़े हैं। जिनमें गिरकर सिर्फ कोई भी घायल हो सकता है बल्कि जान भी जा सकती है। इसके बावजूद भी निगम के आयुक्त व मेयर साहिबा पूरी तरह से गान्धारी बने हुए हैं।

## इच्छुक आवेदक आवेदन करें

**फिरोजाबाद।** उ0 प्र0 मत्स्य विभाग द्वारा जनपद फिरोजाबाद में निषादराज बोट सब्सिडी योजना का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। इस योजना में जनपद फिरोजाबाद के ऐसे व्यक्ति जो नौका संचालन अथवा मत्स्य पालन से जुड़े है उन्हें अनुदानित नाव उपलब्ध करायी जा रही है। नाव के साथ सैफ्टी जैकेट, जाल, आइस बॉक्स आदि भी होगा। मत्स्य विभाग इकाई लागत पर 40 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध करायेगा। इस हेतु मछुआरा समुदाय के व्यक्तियों ओर मत्स्य पालकों को विभागीय पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करना होगा। इस हेतु विभागीय पोर्टल िजजचरू// पीमतपमे.नच.हवअ.पद को 01.07.2024 से खोल दिया गया है। पोर्टल 21.07.2024 तक खुला रहेगा जिस पर परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख का विवरण देखा जा सकता है। अतः इच्छुक व्यक्ति समय से आनलाइन आवेदन करें तथा योजना का लाभ उठायें। विस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य,कमरा नं0 108 प्रथम तल विकास भवन धबरई से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### दबंग फिर पहुँचा हॉस्टल, रूम छोड़ने को मजबूर हुए डरे सहमे छात्र, हॉस्टल संचालक ने बढ़ाई अपनी सुरक्षा

**सुल्तानपुर।** नगर के कस्बा,पांचों पीरन स्थित हॉस्टल संचालक और वहाँ रह रहे छात्रों पर हमला करने के बाद मुकदमें में नामजद दबंग अपनी रौ में आ गया है। उसकी दहशत से लोग डरे सहमे हैं।दबंगई की पराकाष्ठा को पार करते हुए वह फिर हॉस्टल के चक्कर लगा रहा है मानो वह अपने वर्चस्व का परिचय दे रहा है।इस दबंगो के गैंग में कई ऐसे हैं जिनपर कई मुकदमा दर्ज है।और वह जमानत पर हैं।आज दिन की वीडियो सीसीटीवी में कैद हुई है।वह बाइक लेकर अकेले हॉस्टल जा पहुँचा,उसी स्थान पर जहां वह कल घटना कारित करके सिविल सर्विस की तैयारी करने वालों पर हमला कर जान से मार डालने की धमकी दे रहा था। गौरतलब है कि कल नगर कोतवाली क्षेत्र के पांचोपीरन के निकट एक हॉस्टल में घुसकर दबंगों ने उत्पात मचाया था। नगर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज हुआ लेकिन आज फिर दिन दहाड़े दबंग हॉस्टल के सामने जा पहुंचा और बाइक को कई राउंड मारते हुए वह एक बार फिर से अपनी दबंगई का परिचय दे रहा है।

### अखिलेश यादव के जन्मदिन पर किया पौधारोपण



**सुल्तानपुर।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव प्रबेश अग्रहरि ने पी डी ए के जननायक माननीय श्री अखिलेश यादव जी के आवहवन पर सुलतानपुर के 189 सदर जयसिंहपुर के बौरा किया।उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के जन्मदिन पर जगदीशपुर में पौधरोपण किया। वहाँ पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर श्री रमेश चन्द्र अग्रहरि, जय प्रकाश, अबिनाश , भोलू अग्रहरि, अरबिंद कमार,बिपिन, राजेश पांडे, समर जीत, राजेश अग्रहरि सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन उपस्थिति का शिक्षकों ने जताया विरोध

**ललितपुर।** परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति के चलते शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। शिक्षकों ने कहा कि आनलाइन उपस्थिति कतई मंजूर नहीं है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद ललितपुर (सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) के जिलाध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री विनोद निरंजन एवं जिलामंत्री शकुंतला कुशवाहा के आह्वान पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पूर्ण समर्थन करते हुए 11 जुलाई को बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होकर मुख्यमंत्री को डिजिटलाइजेशन के विरोध में ज्ञापन सौंपा जायेगा। जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन ने बताया कि संगठन के आह्वान पर जनपद में आनलाइन उपस्थिति का 100 प्रतिशत विरोध रहा। जब तक मुख्य मांग पुरानी पेंशन सहित अन्य मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक डिजिटलाइनेशन का विरोध जारी रहेगा। बताते चलें जनपद के ब्लॉक जखौरा अध्यक्ष सत्येंद्र जैन, बिरधा अध्यक्ष विनय ताम्रकार, महरौनी अध्यक्ष रामसेवक निरंजन, मडावरा अध्यक्ष राजीव गुप्ता, तालबेहट अध्यक्ष राममिलन, ब्लॉक बार अध्यक्ष ब्रजेश चौरसिया ने सामूहिक रूप से ब्लॉकों के समस्त अध्यापकों से आह्वान किया कि ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध सम्मिलित रूप से किया जाए।

# वन महोत्सव सप्ताह के अन्तर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित

**वृक्ष हमारे जीवन की महत्वपूर्ण इकाई है - भावना गोस्वामी**

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** वीणा वादिनी बालिका इण्टर कालेज तेरईफाटक में वन महोत्सव सप्ताह के अन्तर्गत आज वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय में सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन बजरंग सेवा मण्डल बिजरौठा के कलाकारों द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी भावना गोस्वामी व विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्रबंधक इंजीनियर हाकिम सिंह रहे। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, अभिभावक, विद्यालय के छात्र व छात्राओं को मुख्य अतिथि भावना गोस्वामी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का महत्वपूर्ण इकाई है, हमें जीवन में कुछ पौधे अवश्य लगाने चाहिए। विशिष्ट अतिथि इंजीनियर हाकिम सिंह ने कहा कि वृक्षों से हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है बिना ऑक्सीजन के हमारा जीवन नहीं चल सकता। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्र के समान शास्त्रों में बताया है इसलिए हमें वृक्ष के महत्व को समझना चाहिए। प्रत्येक अभिभावक आज से ही वृक्ष की सुरक्षा करने का संकल्प लें। इस अवसर पर महेंद्र सिंह परिहार, रमा तिवारी, रामजीवन विश्वकर्मा, श्रेया तिवारी, ओमप्रकाश राजपूत, सुरेन्द्र सिंह चन्देल, सुभद्रा परिहार, महेश पटैरिया, बृजेन्द्र सिंह परमार, मनोज झा, दीपेंद्र झा, शकुन्तला देवी, रजत राजपूत, गंगा राम कुशवाहा, नरेश राजपूत, आशाराम शिवहरे,बृजेन्द्र राजपूत, आरती सेन, आदि उपस्थित रहे।

## बुंदेलखंड के प्रथम गणाचार्य 108 श्री विराग सागर के समाधि मरण पर विनयांजलि

**ललितपुर।** श्री देवोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र देवगढज़ी मे बुंदेलखंड के प्रथम गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज की सल्लेखना पूर्वक हुये समाधिमरण पर उनके श्रीचरणों मे विनयांजलि समर्पित की गई। अपनी विनयांजलि समर्पित करते हुये क्षेत्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश सराफ ने बताया कि पुज्य गणाचार्यश्री विराग सागरजी महाराज जब देवगढ़ की वंदना करने पधारे, तब उन्होंने यहां सात दिन का अल्प प्रवास किया था और उन्होंने क्षेत्र के दर्शन कर कहा था कि आध्यात्मिक ज्ञान बढ़ाने और ध्यान लगाने के लिए देवगढ़ से अच्छा क्षेत्र कही नही देखा। उनके द्वारा भगवान महावीर स्वामी के पद चिन्हों पर चलते हुये सत्य, अहिंसा, जिनधर्म की प्रभावना करते रहे। उनके द्वारा 350 से अधिक जैनेश्वरी दीक्षा देकर बुंदेलखंड के प्रथम गणाचार्य होने की उपलब्धि प्राप्त की। क्षेत्र के महामहिम संजीव सीए ने अपनी विनयांजलि समर्पित करते हुये कहा कि 4 माह के अंदर दिगंबर जैन परंपरा के दो देदीप्यमान सूर्यो का यू असमय जाना अपूर्णीय क्षति है। आचार्य भगवन अपने तप एवं चर्या से निश्चित ही सिद्धशिला पर विराजमान हुये है।

# डिजिटलाइजेशन को लेकर अधिकारी व शिक्षक आमने-सामने

**अवधनामा संवाददाता**



**डिजिटलाइजेसन के विरोध में जनपद के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य**

**सुल्तानपुर।** उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ) के आवाह्न पर पूरे जिले के परिषदीय शिक्षकों ने आन लाइन हाजिरी के विरोध में काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य किया।सभी शिक्षकों ने टैबलेट से आन लाइन उपस्थिति का बहिष्कार किया ।जैसा कि ज्ञात है कि विभाग की महानिदेशक स्कूली शिक्षा द्वारा सभी बी एस ए को पत्र लिखकर आदेशित किया गया था कि 8जुलाई से सभी शिक्षक टैबलेट के माध्यम से आन लाइन उपस्थिति दर्ज करेंगे।जिसका सभी शिक्षक संगठनों ने विरोध करते हुए कहा कि जब तक शिक्षकों को हाफ डे सीएल कैश लेश चिकित्सा सुविधा पुरानी पेंशन का लाभ आदि मांगो को विभाग नही पूरा करता तब तक शिक्षक आन लाइन उपस्थिति का बहिष्कार करेंगे ।संगठन के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पांडेय ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के तानाशाही रवैए के खिलाफ संघर्ष करेंगे ।जिला मंत्री दिनेश उपाध्याय ने शिक्षकों से अपील की कि यह शिक्षकों की अस्मिता की लड़ाई है और हमको आपको इस लड़ाई को जीतना होगा इसके लिए हमे लम्बे संघर्ष के लिए तैयार रहना है ।मीडिया प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि परिषदीय विद्यालय सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित है जहां कि बरसात में पहुंचना ही मुश्किल है ऐसी परिस्थिति में परिषदीय विद्यालयों में आन लाइन उपस्थिति का कॉन्सेप्ट ही गलत है इसे विभाग को तुरंत वापस लेकर शिक्षकों की मांगो को पूरा करना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने बताया कि सरकार ने शिक्षकों की वेतन विसंगति अन्य कर्मचारियों की तरह 30 ईएल 6वर्ष से लंबित पदोन्नती अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण आदि मांगो को ठंडे बस्ते में रख दिया है और पढ़ाने के अतिरिक्त अन्य कार्यों में उलझाकर नौनिहालो के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। संगठन ने शिक्षकों का आवाह्न किया है कि यदि जल्द ही आन लाइन उपस्थिति एवम डिजिटल व्यवस्था को वापस नहीं लिया गया तो बड़े संघर्ष का एलान होगा ।अभी डिजिटलाइजेसन के विरोध में शिक्षक 11जुलाई को जिले पर एकत्रित होकर माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगे जिसमे हजारों शिक्षकों के शामिल होने की उम्मीद है।

# गुरु के प्रति समर्पण ही जीवन में कल्याणकारी: मुनिश्री

**मुनि संघ की हुई नगर में प्रभावनापूर्ण अगुवाई, जैन समाज ने किया चातुर्मास हेतु निवेदन**

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** गुरु के प्रति समर्पण ही जीवन में कल्याणकारी बताते हुए वात्सल्य मूर्ति श्रमण मुनि सौम्य सागर महाराज ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि धर्म से जुडकर हम जीवन की उपयोगिता को समझ सकते है। उन्होंने ललितपुरवासियों को सौभाग्यशाली बताया जहां आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज की दो वाचनाएं और निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज के चातुर्मास में धर्मलाभ लेने का अवसर मिला। उन्होंने कहा नवीन मंदिरों का निर्माण मुनि श्री के आर्शीवाद से जो समाज करा रही है वह भविष्य में जिनधर्म की पताका लहराएगी। उक्त विचार मुनि सौम्यसागर महाराज ने पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटामंदिर में धर्मसभा में व्यक्त किए। इसके पूर्व में मुनि निरापद सागर महाराज एवं मुनि निश्चल सागर महाराज ने धर्मसभा में श्रावकों को धर्मोपदेश दिया। धर्मसभा का शुभारम्भ ब्र.मनोज भैया ने मंगलाचरण कर किया। प्रारम्भ में संत शिरोमणि आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के चित्र के सम्मुख श्रेष्ठीजनों ने दीपप्रज्जवलन किया। इसके उपरान्त आचार्यश्री की संगीतमय पूजन में भक्तिपूर्वक अर्घ समर्पित किए गए। दिगम्बर जैन पंचायत समिति के पदाधिकारियों ने श्रेष्ठीजनों के साथ मुनि संघ को श्रीफल अर्पित कर ललितपुर में चातुर्मास के लिए निवेदन किया। दयोदय पशु संरक्षण केन्द्र गौशाला से पद विहार कर मुनि सौम्य सागर महाराज, मुनि निश्चल सागर महाराज, मुनि निरापद सागर महाराज का पदार्पण ज्ञानोदय तीर्थ पर हुआ जहां श्री जी के अभिषेक के उपरान्त मुनि श्री के मुखारविन्द से शान्तिधारा हुई। इसके उपरान्त मुनि संघ के अगुवानी हुई जिसमें श्रद्धालु भक्तिपूर्वक चल रहे थे।

# कार्य मुक्त होने के बावजूद भी कार्यालय में जमे है रोडवेज कर्मी

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** रोडवेज सुलतानपुर डिपो में इस समय मनमाना राज चल रहा है। शासन एवं विभागीय शीर्ष अधिकारियो का आदेश भी मनमाने कर्मचारियों के आगे बौने साबित हो रहे है। अभी हाल में ही शासन द्वारा चलाई गई तबादला एक्सप्रेस के तहत रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक ने सुलतानपुर डिपो के चार कर्मचारियो तीन बी. सी. तथा एक व0 लिपिक का तबादला किया था। यहां तक कि डिपो के एआरएम ने चारों कर्मचारियों को यहा से रिलीव भी कर दिया है। जिसमें दो कर्मचारी धीरेन्द्र कुमार सिंह व वी.के.सिंह यादव ने अपने कार्यालय जाकर डियूटी ज्वाईन भी कर ली लेकिन इन्हीं के साथ रिलीव हुए दो कर्मचारी अरुण प्रकाश सिंह व जय प्रकाश सिंह रिलीव होने के वावजूद भी सुलतानपुर डिपो का मोह नही छोड़ रहे है। बाकायदा कार्यालय में बैठकर विभागीय कार्य देख रहे है। जो विभागीय अधिकारियो के आदेशों के लिए एक चुनौती साबित हो रहा है। विभाग में ये दोनो कर्मचारी कमाऊ पूत की तरह कार्य कर रहे है। लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ देखते हुए भी मौन है। सूत्र बताते है कि इन कर्मचारियों की पकड़ विभाग के उच्चाधिकारियों तक है जिससे कही भी तबादला हो इनके लिए विभाग का नियम कोई मायने नही रखता। विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी इन दोनो कर्मचारी की मनमानी के आगे नतमस्तक हो गये है।फिलहाल विभागीय तबादला होने के बाद भी इन दोनो कर्मचारियों को कहाँ से शरण मिल रही यह बताना मुश्किल है। लेकिन सुलतानपुर डिपो में दोनो कर्मचारियों की शासनादेश के किए गए उल्लंघन की चर्चा जोरो पर चल रही है।

# ऑनलाइन हाजिरी का आदेश नहीं लिया वापस, तो होगा बड़ा आंदोलन: विद्याविलास पाठक

**आज एक भी विद्यालय से किसी भी कर्मचारी या शिक्षक ने ऑनलाइन नहीं दर्ज की हाजिरी**

**अवधनामा संवाददाता**





**बहराइच।** जनपद में आज महानिदेशक बेसिक शिक्षा के आदेश के विरोध में बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शिक्षिका शिक्षामित्र अनुदेशक अनुचरो ने आनलाईन उपस्तिथि छात्र उपस्थित अभिलेखीकरण का बहिष्कार उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के आवाहन पर किया गया।

जनपद में आज ऑनलाइन छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति शून्य रही किसी भी शिक्षक या किसी भी विद्यालय से कोई भी ऑनलाइन हाजिरी दर्ज नहीं की गई। संगठन के आवाहन का व्यापक असर रहा।उल्लेखनीय है की बेसिक शिक्षा महानिदेशक ने पूरे प्रदेश में ऑनलाइन हाजिरी बेसिक शिक्षा परिषद में आज से शुरुआत करने का आदेश जारी किया था। जिसका शिक्षक संगठनों ने विरोध किया और उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के आह्वान पर आज पूरे प्रदेश में शिक्षकों शिक्षामित्रों ,अनुदेशकों ,अनुचर ने इस ऑनलाइन हाजरी का विरोध किया। बहराइच में इसका व्यापक असर रहा और एक भी विद्यालय से किसी भी कर्मचारी या शिक्षक ने ऑनलाइन हाजिरी दर्ज नहीं किया ।

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विद्या विलास पाठक ने बताया कि यह अभियान जब तक यह आदेश वापस नहीं होगा तब तक जारी रहेगा और हम इस अव्यावहारिक व नियम विरुद्ध आदेश का विरोध करेंगे। शिक्षक जागरूक नहीं रहा तो यह अधिकारी समाज को गलत दिशा में ले जाएंगे ।समाज हित में जनहित में ऐसे अधिकारियों के आदेशों का विरोध किया जाना आवश्यक है। जो बिना भौगोलिक आधार को समझे तानाशाही रवैया अपना कर शिक्षकों को अपमानित करने का कार्य कर रहे हैं। सबसे अहम बात तो यह है कि यह अधिकारी शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी से वार्ता करना भी नहीं चाहते ।शासन में बैठे कुछ अधिकारी उत्तर प्रदेश सरकार को बदनाम करने में लगे हैं।श्री पाठक ने कहा कि यह 14 तारीख तक आदेश वापस ना हुआ तो 15 तारीख से जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सोपा जाएगा। उन्होंने सभी शिक्षकों कर्मचारियों को बहिष्कार को सफल करने के लिए बधाई दी।और कहा की आपस की एकता हमें सफलता जरूर दिलाएगा। इसकी जानकारी विद्या विलास पाठक अध्यक्ष जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ जनपद बहराइच ने दी।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (मु0)**
**जलकल विभाग, नगर निगम ऐशबाग, लखनऊ**
पत्रांक : 767/ई0ई0(एच0क्यु0)/2024-25 दि0: 06.07.2024

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 15-07-2024 को अपरानरू 3.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनांक 15-07-2024 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 15-07-2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय गे खोली जायेंगी।

1. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय में न्यू पम्परूम पर लगे 3.3 के0वी0 एल0टी0 इन्कमर के पैनल एवं 450 एच0पी0 मोटर नं0 5,6 और 7 पैनलों की सर्विसिंग एवं मरम्मत इत्यादि का कार्य धरोहर धनराशि 3,500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 150.00
2. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय में सी0डब्लू0आर0 पर लगे 500 के0वी0ए0 ट्रांसफार्मर की मरम्मत का कार्य, धरोहर धनराशि 8,000.00 एवं निविदा मूल्य रू0 400.00
3. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय में नये सब स्टेशन पर 1000 के0वी0ए0 11/3.3 के0वी0 ट्रान्सफार्मर की मरम्मत हेतु एच0टी0 वाइन्डिंग की आपूर्ति, धरोहर धनराशि 6,000.00 एवं निविदा मल्य रु0 300.00

**अधिशासी अभियन्ता (मु0)**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर गति शक्ति उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें अकेला पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | जीएसयू-एलकेओ-एसआईजी-एलसी-04 |
| कार्य का नाम | एलकेओ डिवीजन पर लेवल क्रॉसिंग के एलसी 108एसी, एलसी 76, यूपीईआईडीए (दरियापुर-डलमऊ), यूपीईआईडीए (सोनिक-अजगैन) गेट पर आरओबी आरयूबी कार्य के संबंध में उपयोगिता स्थानांतरण। |
| अनुमानित लागत | रु. 15918557.47/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 229600.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 महीने |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 29.07.2024 at 15:00 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in उप चीफ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता/गति शक्ति कार्यालय /मं.रे. प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे /लखनऊ |

• ठेकेदारो को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.-जीएसयू-एलकेओ-एसआईजी-एलसी-04, दिनांक 06.07.2024 2065/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**महत्वपूर्ण सूचना**

मुरादाबाद मंडल के शाहजहाँपुर जं. – लखनऊ एवं रोज़ा – सीतापुर सिटी डबल लाइन सेक्शन एवं रोज़ा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते प्री-नॉन-इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के संबंध में दिनांक 05.07.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन के साथ निम्नलिखित रेलगाड़ियों के निरस्तीकरण/ मार्ग परिवर्तन/आंशिक निरस्तीकरण/पुनर्निधारण/विनियमन की तिथियों में परिवर्तन किया गया है, जो निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | निरस्त करने की तिथि(यां) (प्रारम्भिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 22454 मेरठ सिटी – लखनऊ जं. राज्य रानी एक्सप्रेस | 03.08.2024 से 06.08.2024 |
| 22453 लखनऊ जं. – मेरठ सिटी राज्य रानी एक्सप्रेस | 02.08.2024 से 05.08.2024 |

**रेलगाड़ी का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग (वाया) | मार्ग परिवर्तन तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 15622 आनन्द विहार टर्मिनल – कामाख्या एक्सप्रेस | रामगंगा-रोज़ा-सीतापुर के बजाय रामगंगा-बरेली सिटी – पीलीभीत जं – सीतापुर | 27.07.24 एवं 03.08.2024 के बजाय 26.07.24 एवं 02.08.24 |

**रेलगाड़ियों की बहाली**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | बहाली करने की तिथि(यां) (प्रारम्भिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 22454 मेरठ सिटी – लखनऊ जं. राज्य रानी एक्सप्रेस | 01.08.2024 एवं 02.08.2024 |
| 22453 लखनऊ जं. – मेरठ सिटी राज्य रानी एक्सप्रेस | 31.07.2024 से 01.08.2024 |
| 14242 सहारनपुर जं. – प्रयागराज संगम नौचंडी एक्सप्रेस हापुड़ – मुरादाबाद – लखनऊ के बजाय वाया **हापुड़ – खुर्जा जं. – कानपुर सेंट्रल – लखनऊ** के रास्ते मार्ग परिवर्तन के साथ **बहाली** | 23.07.2024 से 04.08.2024 |
| 14241 प्रयागराज संगम – सहारनपुर जं. नौचंडी एक्सप्रेस लखनऊ – मुरादाबाद – हापुड़ के बजाय वाया **लखनऊ – कानपुर सेंट्रल – खुर्जा जं. – हापुड़** के रास्ते मार्ग परिवर्तन के साथ **बहाली** | 23.07.2024 से 04.08.2024 |
| 14242 सहारनपुर जं. – प्रयागराज संगम नौचंडी एक्सप्रेस **उचित मार्ग पर** | 05.08.2024 |
| 14241 प्रयागराज संगम – सहारनपुर जं. नौचंडी एक्सप्रेस **उचित मार्ग पर** | 22.07.2024 |

**रेलगाड़ियों का पुनर्निर्धारण**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | पुनर्निर्धारण रेलगाड़ियाँ (आरंभिक स्टेशन) |
|---|---|
| 22454 मेरठ सिटी – लखनऊ जं. राज्य रानी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 01.08.2024 को मेरठ सिटी से 06:40 बजे के स्थान पर 08:55 बजे (135 मिनट की देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 22454 मेरठ सिटी – लखनऊ जं. राज्य रानी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 02.08.2024 को मेरठ सिटी से 06:40 बजे के स्थान पर 09:40 बजे (180 मिनट की देरी से) प्रस्थान करेगी। |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें | पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मौदहा प्रथम आगमन पर नवनिर्वाचित सांसद का हुआ जोरदार स्वागत

**सपा, कांग्रेस व आप कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर किया स्वागत**



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** चुनावी कुरुक्षेत्र जीतने के बाद मौदहा प्रथम आगमन पर नवनिर्वाचित सांसद अजेन्द्र सिंह लोधी का कस्बे में इंडिया गठबंधन के नेताओ एवं कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया।

मंगलवार को हमीरपुर महोबा लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद अजेन्द्र सिंह लोधी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत मौदहा पहुंचने पर जगह-जगह इंडिया गठबंधन के नेताओ एवं कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया है। जिसमें सबसे पहले कस्बे की नवीन गल्ला मंडी पहुंचे सांसद का जोरदार स्वागत हुआ, इसके उपरांत मराठीपुरा स्थित एक गेस्ट हाउस में सांसद ने आयोजित सभा को संबोधित किया, जहां उपस्थित इंडिया गठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित सांसद का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इसी बीच कांग्रेसी नेता तबीब खान सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने हैदरगंज में सांसद का जोरदार स्वागत किया। वहीं नगर स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में नगर अध्यक्ष गुलाम मुहम्मद के नेतृत्व में दर्जनों आप कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित सांसद का फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया और मुंह मीठा कर जीत की बधाई दी। इसी तरह हुसैनगंज स्थित सपा कार्यालय में जावेद मेजर के नेतृत्व में दर्जनों सपाईयों ने फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित सांसद से मिलकर जीत की बधाई दी। जिसपर नवनिर्वाचित सांसद अजेन्द्र लोधी ने सभी इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और हमेशा जनता के हर सुख-दुख में खड़े रहने का वादा किया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष इदरीस खान, आप जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता, बादशाह सिंह, पुष्पेन्द्र यादव, पूर्व प्रधान कमरूद्दीन, नंदकिशोर शिवहरे, पूर्व चेयरमैन राम किशोर सहित सैकड़ों इंडिया गठबंधन के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बगैर बीमा के वाहन से ढोये जा रहे स्कूली बच्चे




अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** शासन के आदेशों को धता बताकर बगैर बीमा के केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों को बगैर रोकटोक के ढोया जा रहा है। शासन ने स्कूली वाहनों के जांच के आदेश दिए हैं।

इसके बाद इन वाहनों की जांच नहीं हो रही है। कस्बे में संचालित केन्द्रीय विद्यालय में विद्यालय की तरफ से छात्र छात्राओं को लाने ले जाने की कोई व्यवस्था नहीं है। अभिभावकों ने निजी तौर पर वाहनों की व्यवस्था करा रखी है। इस विद्यालय में छात्र छात्राओं को लाने तथा ले जाने के लिये एक चार पहिया वाहन यूपी 95 एच 9467 लगा हुआ है।इस वाहन का बीमा 3 सितंबर 23 तक वैद्य था। यह बगैर बीमा के छात्र छात्राओं को लाने तथा ले जाने का कार्य कर रहे हैं।इसके अलावा आधा दर्जन ईरिक्शा से छात्र छात्राओं को भूसे की तरह भरकर प्रतिदिन बेरोकटोक ढोया जा रहा है। केन्द्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य राजमंगल यादव ने बताया कि छात्र छात्राओं को विद्यालय तक लाने एवं ले जाने की व्यवस्था अभिभावकों की है। उनको इससे कुछ लेना देना नहीं है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रथम सप्ताह की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार हमीरपुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान जुलाई 2024 के सफल संचालन हेतु प्रभारी जिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) विजय शंकर तिवारी की अध्यक्षता में प्रथम सप्ताह की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. गीतम सिंह ने अभियान से संबंधित विभागवार रिपोर्ट प्रस्तुत किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) नागेन्द्र नाथ यादव ने सभी विभागों को समयन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, तथा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि अतिसंवेदनशील (हाट-स्पाट) क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने की अवश्यकता है। वहॉ पर प्राथमिकता के आधार पर मच्छरजनित गतिविधियॉ यथा दवाओ का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए, जिससे मच्छर लार्वा उत्पन्न होने को बाधित किया जा सके तथा साथ ही साथ साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाय। महिला एव बाल विकास विभाग को क्षेत्र में सभी सैम एवं मैम बच्चों का चिन्हीकरण करके उनके स्वास्थ्य लाभ लेने हेतु निर्देशित किया। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि बच्चों के परिवारों को संचारी रोगों की फीडबैक स्कूली बच्चों के माध्यम से प्राप्त करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए गए। श्री सरफराज खॉन डी.एम.सी. यूनीसेफ में प्रथम सप्ताह की फीडबैक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र मिश्रा, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला दिव्यांगजन अधिकारी,अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका हमीरपुर, सहायक आयुक्त खाद् सुरक्षा अधिकारी समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त एम.ओ.आई.सी., डी. एल. ओ., डी.टी.ओ., डी.एम.ओ. सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मानदेय वृद्धि को लेकर आशा बहुओं ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**राठ (हमीरपुर)** आज नगर की पड़ाव चौराहा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (अर्बन)में दो दर्जन से अधिक आशा बहुओं ने मानदेय की वृद्धि को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने एसडीएम राठ को ज्ञापन दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौरंगा के अंतर्गत आने वाली आशा बहुओं ने बताया कि उन्हें उनके कार्य के लिए शासन द्वारा दो हजार रुपये का मानदेय दिया जा रहा है। जो उनकी जरूरत के हिसाब से बहुत ही कम है। जबकि उनसे मानदेय की अपेक्षा कहीं अधिक 24 घंटे काम लिया जाता है। जिससे वह अपने व अपने परिवार का भरण पोषण नहीं कर पाती हैं। उन्होंने एसडीएम राठ विपिन को कुमार शिवहरे को ज्ञापन देकर शासन से अपना मानदेय बढ़वाने की मांग की है। इस दौरान पानाभारती, रमा, आशा देवी, मिथिलेश, उर्मिला, सुमन, सुनीता राम कुमारी, क्रांति देवी, रामादेवी, सीमा मालती, अभिलाषा सहित अनेकों आशा बहुये मौजूद रही।

# ऑनलाइन उपस्थिति/डिजिटाइजेशन के विरोध में प्रदर्शन

**मुख्य समस्याओं के समाधान उपरांत ही लागू हो डिजिटाइजेशन/ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था**

**राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग की जनपदीय इकाई द्वारा प्रदेशीय आह्वान पर महासंघ के जनपदीय नेतृत्व में सोमवार को सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाओं की मौजूदगी में डिजिटाइजेशन/ ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। मंडल अध्यक्ष अखिलेश वत्स व जिलाध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा 8 जुलाई से पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन/ऑनलाइन उपस्थिति देने का आदेश निर्गत किया गया है जो कि तुगलकी फरमान है। विभागीय अधिकारी वातानुकूलित कक्ष में बैठकर बिना जमीनी हकीकत जाने ही इस प्रकार के अव्यवहारिक आदेश करते रहते हैं जिनमे आने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों को दूर किए बिना उसको लागू करा पाना संभव ही नहीं है। महामंत्री इंदु प्रकाश सिंह व संगठन मंत्री गणेश पाण्डेय ने कहा कि प्रदेशीय नेतृत्व द्वारा कई बार महानिदेशक स्कूल शिक्षा को ज्ञापन सौंपकर डिजिटाइजेशन से जुड़ी मौलिक समस्याओं को दूर करने की मांग की गई तथा 14 मार्च 2024 को महानिदेशक स्कूल शिक्षा कार्यालय में धरना भी किया गया था। तब महानिदेशक द्वारा संगठन के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया गया था कि डिजिटाइजेशन से जुड़ी मौलिक समस्याओं के निस्तारण के पश्चात ही इसे लागू किया जाएगा। किंतु मांगे पूरी नहीं की गई। जिला मंत्री देवेंद्र गंगवार व जय प्रकाश विश्वकर्मा मीडिया प्रभारी सौरभ कार्तिकेय ने कहा कि विभागीय अधिकारी दमन पूर्वक डिजिटाइजेशन/ ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था लागू करना चाहते हैं जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता है। उपाध्यक्ष शीतल दहलान महिला इकाई की महामंत्री शशिबाला सिंह ने कहा कि महासंघ विभागीय व सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहकर छात्र हित व शिक्षा हित में इस आदेश का बहिष्कार कर रहा है। दूरवर्ती क्षेत्रों में महिलाओं की मूलभूत समस्याओं का निदान न कर यह व्यवस्था लागू करना अन्याय है। जब तक जायज मांगे पूरी नहीं हो जाती है तब तक ऑनलाइन उपस्थति/ डिजिटाइजेशन स्वीकार्य नहीं है। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश महादेव संयुक्त महामंत्री रविकांत मौर्य, अरूणेश पांडेय ने कहा कि प्रमुख समस्याओं का समाधान किये बिना ही विभागीय अधिकारियों द्वारा भय का वातावरण बनाकर डिजिटाइजेशन /ऑनलाइन उपस्थिति (फेस रिकग्निशन) की व्यवस्था केवल बेसिक शिक्षा विभाग में ही लागू की जा रही है। इससे पूरे प्रदेश का शिक्षक समाज स्वयं को अपमानित एवं ठगा महसूस कर रहा है। शिक्षकों में शासन व विभाग के प्रति व्यापक आक्रोश है।

# राशन न वितरण करने पर शिकायत

अवधनामा संवाददाता



**सुमेरपुर।** नगर पंचायत सुमेरपुर के वार्ड न 4 धर्मेश्वर बाबा की सभासद सीमा रानी ने वार्ड मे स्थापित आंगनवाड़ी केन्द्रो पर ड्राई टेक होम राशन न वितरण होने की शिकायत जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह से कि थी सभासद की शिकायत पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने मौके पर सी डी पी ओ कमानी पाल को जॉच के लिये भेजा और सी डी पी ओ ने लाभयर्थिया के मौके पर बयान लिया जिसमे लाभर्थी ने बताया की आगनवाड़ी कार्यकत्री ममता साहू , विजय लक्ष्मी , उमा सिंह के विरुद्ध लाभ्यर्थी अर्चना पत्नी आशीष , पूनम देवी पत्नी विनोद कुमार , मालती देवी पत्नी विमलेश , पूनम देवी पत्नी राजेन्द्र सहित दर्जनो महिलओ ने मौको पर पहुच कर अपने अपने बयान दर्ज किए है कि दो दो माह का राशन रोक कर पीछे माह का राशन वितरण किया जाता है इस प्रकार से सी डी पी ओ ने बताया की अप्रैल माह का राशन 30 मई को आगनवाडी कार्यकत्री प्राप्त कर चुकी है और अभी तक राशन वितरण नही किया गया है इन केन्द्रो पर लम्बा घोटाला जाँच मे समाने आ सकता है इस प्रकार से जाँच कर कार्यवाही की मांग की गयी है बाल विकास विभाग आँगनवाड़ी केन्द्रो पर हमेशा ताले लगे रहते है नीचे से ऊपर तक सिर्फ कागजो पर राशन वितरण होता है ऐसे पूरे क्षेत्र मे होता है और इस कमीशन खोरी मे पूरा विभाग सम्मलित रहता है।

# मुख्यमंत्री ने विंध्याचल मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**लोकसभा चुनाव में मिली हार पर हुआ चिंतन मंथन**

**सोनभद्र/लखनऊ।** विंध्याचल मंडल जनप्रतिनिधियों के साथ सोमवार को सुबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर समीक्षा बैठक की। इस दौरान लोकसभा चुनाव में मिली हार के कारणों पर चिंतन मंथन कर आगामी विधानसभा चुनाव जीतने का टीप्स बताया।

लोकसभा चुनाव के हार का कारण जब मुख्यमंत्री ने पूछा तो सभी ने अपने- अपने विधानसभाओं में हारने का अलग-अलग कई कारण बताया। सबसे अहम बात जनप्रतिनिधियों ने यह भी बताया कि संगठन कार्यकर्ता इस बार शिथिल नजर आए। कार्यकर्ताओं का कहना है कि हर जगह उनकी उपेक्षा के साथ सुनवाई नहीं होती। जबकि पार्टी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने में हमेशा जुटे रहते हैं।मुख्यमंत्री ने किस विधानसभा में कितने मत भाजपा को मिले और प्रत्यासियों के हार का क्या अंतर रहा इसको एक एक कर पूंछा और हार पर गहनता से विचार किया। उन्होंने कहा कि पिछड़े और दलित मतदाता पार्टी से जो दूर हुए हैं, उनसे निरंतर संपर्क रखा जाए। उनकी समस्याएं निपटाने पर जोर दें और उन्हें दोबारा साथ लाएं। केंद्र व राज्य स्तर की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाकर लोगों को पार्टी से जोड़ें ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में पुनः प्रचंड बहुमत के साथ प्रदेश में भाजपा सरकार बने। सीएम ने कहा कि यदि अधिकारी आपकी बात नहीं सुनते हैं तो सीधे मुझे बताएं। कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर त्वरित उसका समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में ओबरा विधायक व समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड़, सोनभद्र,सदर विधायक भूपेश चौबे, घोरावल विधायक अनील मौर्या, भदोही सांसद डा. बिनोद बिंद मिर्जापुर सदर विधायक रत्नाकर मिश्रा,मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल,छानबे विधायक रिंकी कोल, औराई विधायक दीनानाथ भाष्कर, ज्ञानपुर विधायक विपुल शुक्ला, शामिल हुए।

## सम्पर्क मार्ग पर रेल उपरगामी सेतु (ROB) का निर्माण की मांगः भूपेश

**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुए जिले के विधानसभा क्षेत्र के विकास के विभिन्न मुद्दों पर सौपा पत्र जिसमे विढंमगंज कोन नकटवार से झारखण्ड सीमा तक सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के संबंध में सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि हमारे विधानसभा क्षेत्र के विढ्मगंज कोन नकतवार होते हुए झारखण्ड प्रदेश सीमा तक मार्ग जो प्रमुख जिला श्रेणी का मुख्य मार्ग है, जिसे पी0एम0जी0एस0वाई खण्ड लो0नि0वि सोनभद्र द्वारा 5.50 मी चौडाई में सुदृढ़ीकरण काफी पुर्व में किया गया था परन्तु मार्ग पर यातायात अधिक होने के कारण मार्ग जगह-जगह अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे उधर की लगभग लाखों आबादी एवं अन्य प्रदेश से लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिनका चौड़ीकरण एवं सुद्धीकरण कराया जाना जनहित में अतिआवश्यक है। वही सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि राबर्ट्सगंज-पन्नूगंज मार्ग स्थित मार्ग से रेलवे पटरी गुजरती है। चूकी उक्त मार्ग काफी व्यस्त होने के कारण भारी संख्या में गाड़ीयों को आवागमन होता है। और पास में ही लोगों का निवास स्थान एवं मार्केट स्थित होने के करण जब भी रेलवे का फाटक बंद होता है तो घंटो जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। यदि उक्त सम्पर्क मार्ग पर रेल उपरगामी सेतु (ROB) का निर्माण कराकर समस्या का समाधान किया जा सकता है। व विषय- चोपन कोटा कोन खरौदी मार्ग के सी0सी0 मार्ग पेवमेन्ट के साथ सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि हमारे विधानसभा क्षेत्र के चोपन कोटा कोन खरौदी मार्ग के सी0सी0 पेवमेन्ट मार्ग के साथ सुदृढ़ीकरण किया जाना अतिआवश्यक है यह जिला का प्रमुख क्षेत्र का मार्ग है एवं अर्न्तराज्यीय मार्ग के झारखण्ड प्रदेश सीमा को जोड़ने वाली मार्ग है हमारे विधानसभा की लाइफ-लाइन रोड़ हैं।

# पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** सोमवार के दिन पुलिस अधीक्षक डॉ0 दीक्षा शर्मा द्वारा पुलिस बल के साथ आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत कस्बा मौदहा में सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया साथ ही मोहर्रम त्यौहार की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु कस्बा मौदहा में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया पूलिस अधीक्षक नें ताजिया स्थलों का भी निरीक्षण किया तथा स्थानीय व्यापारियों व धर्मगुरुओं, जनता के लोगों से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुद्रण किए जाने के संबंध में सुझाव भी मांगे गए एवं निस्तारण के संबंध में सम्बंधित को निर्देशित किया गया व त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने में पुलिस- प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। जनमानस से असामाजिक तत्वों द्वारा अफवाह फैलाने व किसी भी तरह का उपद्रव करने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने को कहा गया व आपसी सौहार्द बनाते हुए मिलजुलकर त्योहार मनाने की अपील की गई। इस मौके पर एसडीएम मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा, प्रभारी निरीक्षक थाना मौदहा व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## गांव के ध्वस्त पड़े मार्गों से आवागमन की समस्या से जूझ रहे है लोग

**सुमेरपुर (हमीरपुर)** विकासखण्ड सुमेरपुर के ग्राम पंचायत पंधरी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से धड़ाम है रस्ताओ का आलम यह है कि वहाँ से लोगों का निकलना मुश्किल है नमामि गंगे योजना से पड़ी पाइप लाइन ने रास्ताओं को और चकनाचूर कर दिया है। ग्राम पंधरी निवासी स्वामीदीन वर्मा,ब्रजलाल प्रजापति, गोरेलाल प्रजापति, शरद गुप्ता शिवपूजन प्रधानाचार्य,मीरा देवी,गोमती पाल,जाली, सूरजमुखी, शिवकरन सिंह,जन्नत खातून, ब्रजराज,शिववरन सिंह,रामबहादुर,शिवबालक वर्मा, श्याम?सुन्दर फौजी आदि ने बताया कि गाँव में गन्दगी की समस्या से लोग परेशान है साफ सफाई के नाम पर सफाई कर्मी तो है लेकिन वह भी सफाई के नाम केवल खाना पूर्ति ही करते है तभी तो रास्तों में गन्दगी का आलम बना रहता है प्रधान व सचिव इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। उक्त लोगो ने बताया कि गांव का मुख्य मार्ग जो 15 वर्ष पुराना है यहां से शिवबालक वर्मा के मकान तक जाने वाले दो मार्ग पूरी तरह ध्वस्त है जगह जगह गड्ढों के अम्बार है लोगो का वहा से पैदल निकलना भी मुश्किल है।

# बारिश: बच्चों की पढ़ाई में मदद को हिण्डाल्को ने बढ़ाए हाथ



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति सदैव ही सजग रहा है। इसी क्रम में हाल ही में हुई भीषण बारिश की वजह से रेणुकूट स्थित झरना बस्ती में कई झोपड़ियां बह गई थीं। जिससे वहां रहने वाले कई परिवार भी बेघर हो गए थे। इस भीषण त्रासदी में स्कूली बच्चों की कॉपी- किताबों का भी काफी नुकसान हुआ जिससे उनकी पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हो गया था। बच्चों की पढ़ाई में हो रही परेशानी को देखते हुए हिण्डाल्को प्रबंधन ने बच्चों की मदद करते हुए महिला मंडल उच्च प्राथमिक विद्यालय के 13, हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूल के 6, हिण्डाल्को इंटरमीडिएट कॉलेज के 6, जीआईसी के तीन विद्यार्थियों, कुल 28 बच्चों के मध्य स्कूल ड्रेस, कॉपी- किताबों आदि का वितरण धोबिया टंकी में कैम्प लगा कर किया गया। हिण्डाल्को के साथ-साथ अन्य समाजसेवियों द्वारा भी आपदाग्रस्त लोगों की मदद आगे बढ़ कर की जा रही है। मालूम हो कि हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग हमेशा से प्राकृतिक आपदाओं एवं जरूरतमंदों की मदद हेतु अपने सामाजिक दायित्वों का पालन करते हुए मदद हेतु हाथ आगे बढ़ाता है। हाल ही में तुर्रा में गर्मी से हलकान राहगीरों की मदद हेतु शीतल पेयजल के लिए वॉटर कूलर की भी व्यवस्था हिण्डाल्को सीएसआर द्वारा की गई थी।

## नामांकन प्रक्रिया मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में सम्पन्न



**सोनभद्र।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ सोनभद्र के दीवार्षिक अधिवेशन हेतू नामांकन की प्रक्रिया मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय मे चुनाव अधिकारी डॉ प्रेमनाथ, मो नसीम, संतोष सिंह, सत्येंद्र सिंह एवं महेन्द्र दूबे जी के समक्ष किया गया अध्यक्ष पद हेतू 2 प्रत्याशी पुष्पेंद्र शुक्ला एवं अंजनी दूबे महामंत्री पद हेतू नेहा केशरी , सतीश सोनकर , कोषाध्यक्ष पद हेतू मनोज कुमार, नितेश साहू ,महिला उपाध्यक्ष पद हेतू माया दूबे, उपाध्यक्ष पद हेतू शिव सिंह ने नामांकन किया तथा अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचित हुए उक्त अवसर पर डॉ राकेश पाण्डेय, बृजेश दूबे, डॉ जयवर्धन, दीपक सिंह, महिपाल गौतम, ज्ञान चतुर्वेदी, कामेश्वर राय सहित तमाम कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिकायतों की सुनवाई गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो निस्तारण: रूबी प्रसाद

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद मा0 अध्यक्ष एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में सोमवार को जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3, नगर पंचायत घोरावल में 3, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 4, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबरा में 3, नगर पंचायत रेनुकूट में 0, नगर पंचायत पिपरी में 1, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बाजार में 2, नगर पंचायत अनपरा में 3, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/ नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। जेई मनीष कुमार,सभासद अनवर अली,पप्पू दुबे, मनोज चौबे, आकाश रावत, सुजीत रावत आदि लोग मौजूद रहे।

# एक हफ्ते में नाले का कार्य कराए पूरा: रूबी प्रसाद

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** सोमवार को जनसुनवाई सम्भव दिवस पर रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा नगर में जल निकासी की प्राप्त शिकायतों के दृष्टिगत वार्ड नं. 11, अम्बेडकर नगर स्थित पकरी में सी.एन.डी.एस. द्वारा जल निकासी हेतु बनाये गये नाले का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि पकरी में बने नाले का स्लोप सही न होने कारण समुचित ढंग से जलनिकासी नही हो पा रही है जिस पर अध्यक्ष द्वारा कड़ी नाराजगी जताते हुये मौके पर उपस्थित सी.एन.डी.एस. के अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया कि नाले का स्लोप एक सप्ताह के अन्दर सही कराकर उक्त समस्या का निस्तारण कराये साथ ही यह भी निर्देशित किया कि धर्मशाला चौराहा से चण्डी तिराहा होते हुए ओवर ब्रिज की समाप्ति तक उपसा द्वारा निर्मित नाले के बेड को तोड़कर पकरी नाले के लेवल से मिलान करते हुए नये नाला का कार्य अतिशीघ्र कराकर नगर की जलनिकासी की समस्या से नगरवासियों को निजात दिलायें अन्यथा की स्थिति नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी जिसके लिये नाला निर्माण की कार्यदायी संस्था सी.एन.डी.एस. उत्तरदायी होगी। उक्त अवसर पर वार्ड नं. 11 के सभासद प्रतिनिधि, सदस्यगण अनवर अली, मनोज चौबे, चन्द्रप्रकाश दूबे, एवं नगर पालिका के कर्मचारी सुजीत कुमार सफाई नायक, अजीत कुमार सिंह के साथ आशीष केशरी, अजय गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

